


हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ

www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, गुरूवार | 19 सितम्बर 2024 | वर्ष : 02 अंक : 126 | पृष्ठ - 14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण




## ब्रीफ न्यूज

### कांग्रेस के प्रदर्शन पर रवनीत सिंह बिट्टू का पलटवार, बोले- पुरानी चालों पर वापस आ गई पार्टी, दिला रही 1984 की याद



एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बुधवार को खुद के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन को लेकर फिर से कांग्रेस पर निशाना साध है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी आखिरकार अपनी पुरानी चाल पर वापस आ गई है। उन्होंने इसको लेकर एक एक्स पर पोस्ट किया। अपने पोस्ट में उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पुरानी चालों पर वापस आ गई है: - जो कोई भी गांधी परिवार को उजागर करेगा उसे 1984 के सिख दंगों की याद दिलाते हुए आगजनी और हिंसा की धमकियों का सामना करना पड़ेगा। क्या इसे ही वे अपनी 'मोहब्बत की दुकान' कहते हैं? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लोग देख रहे हैं और नोट कर रहे हैं !कांग्रेस कार्यकताओं ने लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर उनके बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने उन कांग्रेस कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया जो लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर उनके बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

# वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी, शीतकालीन सत्र में बिल लेकर आएगी सरकार

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान एक राष्ट्र, एक चुनाव की वकालत करते हुए तर्क दिया था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधाएं पैदा करते हैं।**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही खबर यह भी है कि शीतकालीन सत्र के दौरान इसको लेकर सरकार एक विधेयक पेश करेगी। आपको बता दें कि सरकार ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी जिसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल थे। अब रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। ऐसे में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि 2029 तक सरकार और देश वन नेशन वन इलेक्शन कर बढ़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की वकालत करते हुए तर्क दिया था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधाएं पैदा करते हैं। उन्होंने ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्ल का जिक्र करते हुए कहा कि



इस बारे में देश में व्यापक चर्चा हुई है, सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं और इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट भी तैयार की है। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा। मैं लाल किले से देश के राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं, देश के संविधान को समझने वाले लोगों से आग्रह करता हूं कि भारत की प्रगति के लिए, भारत के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, ह्यवन नेशन, वन इलेक्शनह्ल के सपने को साकार करने के लिए आगे आएं।चुनावी राज्य जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान हो रहा है। वहीं विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बीते मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में पीएम मोदी की विश्वकर्मा योजना को एक साल पूरे हो गए हैं। इस योजना से सूबे की जनता को काफी लाभ हुआ है। बता दें कि इस योजना का लाभ उठाने वाले लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वकांक्षी योजना की जमकर प्रशंसा की। इस योजना का लाभ उठाने वाले लोगों की मानें, तो उन्हें इस योजना से काफी लाभ मिल रहा है।बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई महत्वकांक्षी विश्वकर्मा योजना के तहत लोहार, कुम्हार, बढ़ाई, नाई जैसे अन्य अन्य लोग जो हस्तकला और शिल्पकला से अपना जीवन बसर कर रहे हैं, उनको वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत लोगों को 1 लाख रुपए तक का ऋण प्रावधान है। वहीं लोन का सही तरीके से भुगतान करने वाले लाभार्थी को फिर बढ़ाकर 2 लाख रुपए तक का लोन प्रदान किया जाता है।हस्तकला और शिल्पकला से अपना जीवन व्यतीत करने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। लोगों का मानना है कि इससे पहले सूबे में किसी भी प्रधानमंत्री ने ऐसी योजना की शुरूआत नहीं की। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विश्वकर्मा योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ,

## काशी की बहू आतिशी सिंह बनीं दिल्ली की नई मुख्यमंत्री, वाराणसी से है गहरा जुड़ाव



एजेंसी

**नई दिल्ली:** वाराणसी। काशी की बहू आतिशी मालेर्ना सिंह को देश की राजधानी दिल्ली की कमान सौंपी गई है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी का बनारस से गहरा नाता है। मूलरूप से मिजार्पुर जिले के मझवां ब्लाक के अनंतपुर गांव की रहने वाली आतिशी के पति का परिवार वाराणसी के लंका क्षेत्र में निवास करता है।आतिशी के पति प्रवीण सिंह समाज सेवा से जुड़े हुए हैं। प्रवीण सिंह बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के पूर्व कुलपति प्रो पंजाब सिंह के पुत्र हैं। प्रवीण ने आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग और आईआईएम अहमदाबाद से मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की है। दोनों ने 2006 में बनारस में धूमधाम से शादी की थी। दिल्ली की सक्रिय राजनीति में कदम रखने से पहले उनका स्थायी निवास वाराणसी ही था। प्रवीण एक पढ़े-लिखे और प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते हैं, और दोनों की

***आतिशी के पति प्रवीण सिंह समाज सेवा से जुड़े हुए हैं। प्रवीण सिंह बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के पूर्व कुलपति प्रो पंजाब सिंह के पुत्र हैं।***

विचारधारा में समानता के कारण वे करीब आए।आतिशी ने अपनी शिक्षा सेंट स्टीफंस कॉलेज से प्राप्त की और बाद में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गईं। सामाजिक कार्यों के दौरान उनकी प्रवीण से मुलाकात हुई और दोनों ने शादी कर ली। आतिशी और प्रवीण ने मिलकर सामाजिक कार्यों में सक्रियता दिखाई, विशेषकर ग्रामीण अंचल के उत्थान के लिए काम किया।

## भारत जमीन मात्र नहीं, भारत में सनातन है : मोहन भागवत



एजेंसी

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि भारत जमीन मात्र नहीं बल्कि भारत में सनातन है। भागवत अपने अलवर दौरे के आखिरी दिन बावड़ी स्थित बालनाथ आश्रम में जारी श्री महामृत्युंजय महायज्ञ में शामिल हुए तथा देश में सुख शांति, सुरक्षा एवं प्रगति के लिए पूजन किया।संघ द्वारा जारी बयान के अनुसार, ह्लइस अवसर पर सरसंघचालक ने वर्तमान परिस्थितियों में देश पर आने वाले संकटों का जिक्र करते हुए कहा कि संकटों की यह ताकत नहीं है कि वह भारत को मिटा सके, भारत जमीन मात्र नहीं भारत में सनातन है, भारत के साथ सनातन धर्म है, सनातन धर्म के साथ भारत है।

## अरविंद केजरीवाल एक सप्ताह में अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे: आप

एजेंसी

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को बताया कि दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक सप्ताह के अंदर अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे।सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर मिलने वाली सभी सुविधाएं भी लौटा देंगे। केजरीवाल आप विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए उपराज्यपाल सचिवालय



गए थे।संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने कल इस्तीफा देने के बाद कहा था कि वह मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें मिलने वाली सुरक्षा सहित सभी सुविधाएं लौटा देंगे और लोगों के बीच एक आम आदमी की तरह रहेंगे।

## भाजपा में अंदरूनी कलह के आरोपों पर बोले सीएम सैनी, कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने वाला, आतिशी के लिए कही ये बात

एजेंसी

**हरियाणा:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस सपने देख रही है। लोगों को उनके भ्रष्टाचार ध्यान में है। इनका सूपड़ा साफ होने वाला है। ये लोगों को खुश नहीं करते, ये दामाद को खुश करने में लग जाते हैं। कांग्रेस में द्वंद है, भाजपा में कोई नाराज नहीं है। सभी कमल के फूल के लिए काम कर रहे हैं। कांग्रेस द्वारा भाजपा में अंदरूनी कलह के आरोपों पर हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह है। भाजपा में कोई भी परेशान नहीं



है। आप नेता और दिल्ली की प्रस्तावित सीएम आतिशी के बारे में उन्होंने कहा कि मैं उन्हें बधाई देता हूं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि उन्हें दिल्ली की जनता के हित में फैसले लेने चाहिए, अरविंद केजरीवाल के हित में नहीं। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद नामित मुख्यमंत्री आतिशी ने नई सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया। इस घटनाक्रम को दिल्ली में लगभग पांच महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बढ़त हासिल करने की एक रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

## गायकवाड़ के बाद अब सांसद अनिल बोंडे का विवादित बयान, दाग दी जानी चाहिए राहुल गांधी की जुबान

एजेंसी

**नई दिल्ली:** आरक्षण पर उनकी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जीभ काटने के लिए 11 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की पेशकश करने के कुछ दिनों बाद, भाजपा के राज्यसभा सांसद अनिल बोंडे ने कहा कि उनकी जुबान दाग दी जानी चाहिए क्योंकि उन्होंने आरक्षण के बारे में जो कहा है वह खतरनाक है। आपको बता दें कि अपने हालिया यूएसए दौरे के दौरान, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से



कहा कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने पर तभी विचार करेगी जब भारत एक निष्पक्ष स्थान होगा, जैसा कि उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऐसा नहीं है। शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के गांधी की जीभ काटने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी नेता बोंडे ने मंगलवार को महाराष्ट्र के अमरावती में कहा कि जीभ काटने की भाषा उचित नहीं है, लेकिन राहुल जी ने आरक्षण के खिलाफ जो कहा वह खतरनाक है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की जीभ नहीं काटनी चाहिए बल्कि चटका देना चाहिए। इस बीच, महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वह अनिल बोंडे और संजय गायकवाड़ द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणियों का समर्थन नहीं करते है।

## Atishi को लेकर BJP ने फिर साथ केजरीवाल पर निशाना, शहजाद पूनावाला ने बताया दिल्ली का मनमोहन सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली:** अरविंद केजरीवाल, जो शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आए और मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने सबसे कम उम्र की कैबिनेट सहयोगी आतिशी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में चुनकर आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि इस बात की व्यापक आशंका थी कि केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता को मुख्यमंत्री के रूप में नामित करेंगे, लेकिन उन्होंने आतिशी को चुनकर उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हालांकि, इसको लेकर रादनीति भी हो रही है।



भाजपा लगातार केजरीवाल पर निशाना साध रही है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जो इस्तीफे का नाटक कर रहे हैं वह इस्तीफा नहीं है, यह नया पद है। उन्होंने कहा कि पहले वह जेल के अंदर से सीएम थे, फिर जमानत मिलने के बाद वह सीएम बने और अब वह प्रॉक्सी सीएम बनकर काम कराएंगे। आतिशी एक प्रॉक्सी सीएम हैं. उन्हें दिल्ली का मनमोहन सिंह बना दिया गया है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि चेहरा बदलने से क्या चरित्र बदल जाएगा? कांग्रेस भी कह रही है कि वे भ्रष्ट हैं...आज से दिल्ली में नया ड्रामा शुरू होगा...आप बंद करें ये ड्रामा। भाजपा नेता ने कहा कि आतिशी को सोचना चाहिए कि दिल्ली की जनता के लिए क्या काम करना चाहिए।

## उदयनिधि स्टालिन होंगे डिप्टी सीएम! तमिलनाडु में अटकलों का दौर, अब युवा नेता ने खुद दी सफाई



एजेंसी

डीएमके नेता और तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने आने वाले दिनों में उन्हें तमिलनाडु का उपमुख्यमंत्री नियुक्त किए जाने की खबरों को अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन वर्तमान में राज्य के खेल और युवा कल्याण मंत्री हैं। हालांकि, रिपोर्टों में दावा किया गया है कि उन्हें उपमुख्यमंत्री पद पर पदोन्नत किए जाने की संभावना है। इससे पहले, एमके स्टालिन ने इस महीने की शुरूआत में अमेरिका की यात्रा पर जाने से पहले उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री पद पर पदोन्नत करने का संकेत दिया था।इसी के बाद से उदयनिधि स्टालिन को लेकर चचाओं का दौर जारी है। तमिलनाडु के डिप्टी सीएम पद को लेकर चल रही अफवाहों पर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि आपको सीएम से पूछना होगा। इसके बारे में निर्णय लेना पूरी तरह से सीएम का अधिकार है। इस साल अगस्त में, तमिलनाडु के मंत्री राजकन्नप्पन ने भी उदयनिधि स्टालिन के उत्थान पर बात की थी, जब उन्होंने उन्हें राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में संदर्भित किया था।

## कांग्रेस ने BJP-NDA के नेताओं के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत, अजय माकन बोले- हम डरने वाले नहीं, जानें पूरा मामला

एजेंसी

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता अजय माकन ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कथित तौर पर देश का नंबर एक आतंकवादी कहने के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ बुधवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी (एआईएमसीसी) प्रमुख अलका लांबा के साथ कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष ने दिल्ली के तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में केंद्रीय मंत्री और तीन अन्य राजनीतिक नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।कांग्रेस नेता की शिकायत में बिट्टू के अलावा बीजेपी नेता तरविंदर सिंह मारवाह, शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ और उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह का भी नाम है। शिकायत की एक प्रति भारत निर्वाचन आयोग को भी भेजी गई है। अजय माकन ने कहा कि आप इस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। 'आप संभल जाओ आप बोलो मत नहीं तो आपका भी वही हाल होगा जो आपकी दादी का हुआ है'। एक ऐसे शख्स के खिलाफ जिसके पिता और दादी ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। राजनीति इस स्तर तक कभी नहीं गिर



सकती।उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता ने न तो उन्हें चुप कराने की कोशिश की और न ही उनकी टिप्पणी की निंदा की। बीजेपी के एक सहयोगी दल के नेता ने कहा कि 'जो राहुल गांधी की जुबान काट के लाएगा उसको 11 लाख रुपये मिलेंगे।' आपको उनकी टिप्पणियाँ पसंद नहीं हैं क्योंकि वे अल्पसंख्यकों, दलितों, पिछड़े वर्ग, श्रमिकों, संविधान बचाने की बात करते हैं। हम मौत की धमकियों से नहीं डरेंगे। हमने उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।' हमने मांग की है कि दिल्ली के पूर्व बीजेपी विधायक (तरविंदर सिंह मारवाह), शिव सेना विधायक (संजय गायकवाड़), केंद्रीय मंत्री और राजस्थान से बीजेपी के राज्यसभा सांसद (रवनीत सिंह बिट्टू) और यूपी के मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।वहीं, कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि यह बहुत ही निम्न स्तर का बयान है। इसमें हिंसक उकसावा है और वे अपनी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। वे प्रदर्शित कर रहे हैं कि उनका कोई चरित्र या संस्कृति नहीं है। जब विपक्ष के नेता के खिलाफ ऐसे बयान दिए जाते हैं तो पीएम की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आती है। इससे पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी के लिए बीजेपी नेताओं के बयानों पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि मैं आपसे आग्रह करता हूं कि अनुशासन और मयार्दा के जरिए ऐसे नेताओं पर लगाम लगाएं। ऐसे बयानों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भारत की राजनीति का पतन होने से रोका जा सके। मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्होंने लिखा कि आप अवगत होंगे कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है।

# राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी वालों को सबक सिखाएंगे कांग्रेसजन: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

## राहुल गांधी पर अनुचित टिप्पणी करने से पहले अपनी हैसियत देखें एनडीए नेता: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- प्रधानमंत्री के सह पर राहुल गांधी पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं एनडीए नेता: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह
- राहुल गांधी पर अनुचित टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस का व्यापक प्रदर्शन






पटना. बुधवार, 18 सितंबर, 2024 राहुल गांधी पर एनडीए नेताओं के द्वारा हाल में किए गए अमर्यादित टिप्पणी को लेकर और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उनको आतंकी कहे जाने के खिलाफ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने आज इनकम टैक्स गोलंबर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कर ऐसे नेताओं को चेताया।विरोध प्रदर्शन के पश्चात बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिनका देश के बलिदान का एक लंबा इतिहास रहा है और ऐसी अमर्यादित और ओछी मानसिकता के साथ एनडीए के नेता स्वामी भक्ति में लीन होकर जो टिप्पणी कर रहे हैं वो उनके मानसिक दिवालियापन का परिचायक है। यूपी सरकार के मंत्री रघुराज सिंह, तरविंदर सिंह मरवाह, संजय गायकवाड़ और ताजा मामला रवनीत सिंह बिट्टू के बयानों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कड़े शब्दों में चेताया कि ऐसी ओछी बयानबाजी पर हम कांग्रेसजन लोकतांत्रिक और गांधीवादी तरीके से प्रतिकार करेंगे और ऐसे लोगों को उनकी सही औकात भी बताने का काम करेंगे।

विधान सभा में दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि गांधी परिवार के त्याग और बलिदान के सामने ये सभी बयानवीर बौने और काफी कमजोर हैं तो ये खीज अपने आका को खुश करने के लिए वें विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर लक्षित कर बयान दे रहे हैं जो कि सिरे से गलत है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने ऐसे बयान देने वालों को इतिहास पढ़ने की सलाह दी और कहा कि जो लोग अंग्रेजों के लिए मुखबिरी कर रहे थे उन्हें गांधी नेहरू परिवार और कांग्रेस को लेकर बयान देने का कोई नैतिक हक नहीं है।विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा0 शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा0 मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, कौकब कादरी, डा0 समीर कुमार सिंह, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, प्रेमचन्द्र मिश्रा, निर्मलेन्दु वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़ ब्रजेश प्रसाद मुनन बंटी चैधरी, लाल बाबू लाल, अनिल कुमार, मनोज कुमार सिंह, विनय वर्मा,मुन्ना शाही,, कपिलदेव प्रसाद यादव,,प्रो0 अम्बुज किशोर झा, आनन्द माधव, ज्ञान रंजन, शरवत जहां फातिमा, शिव प्रकाश गरीब दास, सौरभ सिन्हा, रामायण प्रसाद यादव, डा0 संजय यादव, राजेश कुमार सिन्हा, राजकिशोर सिंह, कैसर अली खान, आसिफ गफूर,शशि रंजन आशुतोष शर्मा, शिशिर कौन्डिल्य,, संजीव कर्मवीर, अखिलेश्वर सिंह, उमेश कुमार राम, संजय मिश्रा, शशिकांत तिवारी, अजय सिंह, राहुल पासवान, कुन्दन गुप्ता, अमित सिकन्दर, मधुबाला, धनंजय शर्मा, अश्विनी कुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, संतोष कुमार श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, निधि पाण्डेय, पंकज यादव, सिद्धार्थ क्षत्रिय, मोनी देवी, मनोज शर्मा, सुधीर शर्मा, रवि गोल्डन, गुरूजीत सिंह, रामाशंकर पाण्डेय, विशाल झा, मृणाल अनामय, अब्दुल वकी सज्जन, मिथिलेश शर्मा मधुकर, पंकज यादव,सहित अन्य नेतागण शामिल रहें।

## ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एक स्कूटर जब्त



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**

मधुबनी जिला के बासोपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत जानकीनगर एस एस बी ने नेपाल भारत बॉर्डर स्थित महिनाथपुर गांव से दो युवक को ब्राउन शुगर और एक स्कूटर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का पहचान कलुआही थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिपुर गांव मजहरी टोले का रहने वाला रंजीत कामत एवं दीपू सहनी के रूप में किया गया है। जब सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने दोनों युवक को पकड़ करने का बाद तलाशी ली तो उसके पास से 4 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ।इस के बाद आबस्यक पुछताछ और कार्रवाई करते हुए दोनो तस्कर को ब्राउन शुगर एवं एक स्कूटर के साथ गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए स्थानीय बासोपट्टी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।इस संदर्भ में एस एस बी द्वारा पूछा के दौरान तस्कर ने बताया बताया कि वे अशोक महतो, गांव महिनाथपुर से ब्राउन शुगर खरीद कर लाया है। जिसे वे स्वयं पीने के लिए खरीद किया है। जब की ब्राउन शुगर बिहार में प्रतिबंधित है। इसका खरीद बिक्री करना कानूनी अपराध है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया है कि दोनों गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध आबस्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा की हुई शुरूआत

**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन, 74 किलो का लड्डू बांटा गया
- पीएम मोदी की जीवनी पर आधारित तस्वीर की लगाई गई प्रदर्शनी
- भारत 2014 से पहले दुनिया में सबसे पीछे की पंक्ति में तमाशबीन बना खड़ा रहता था : डॉ. दिलीप जायसवाल
- नरेंद्र मोदी आधुनिक भारत के 'नव विश्वकर्मा' : डॉ. दिलीप जायसवाल
- सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व पटल पर स्थापित किया : सम्राट चौधरी
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर : विजय सिन्हा



पटना, 17 सितंबर। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74 वें जन्मदिन के अवसर पर आज 17 सितंबर को बिहार भाजपा द्वारा सेवा पखवारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सेवा पखवारे के तहत आज भाजयुमो बिहार प्रदेश द्वारा रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यलय के अटल सभागार मे आयोजित इस शिविर में 73 लोगों ने रक्तदान किया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दीलीप जायसवाल, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित एंव पुष्पांजलि कर इस कार्यकम की शुरूआत की।इस अवसर पर पार्टी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने नरेन्द्र मोदी के विकासात्मक कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दुनिया के स्तर पर भारत को स्थापित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि भारत 2014 से पहले दुनिया में सबसे पीछे की पंक्ति में तमाशबीन बना खड़ा रहता था, लेकिन आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है। आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का नव विश्वकर्मा बताते हुए कहा कि आज नए भारत का निर्माण हो रहा है। विरासत के साथ विकास की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने न केवल गरीबों, पिछड़ों युवा और महिलाओं के विकास के लिए योजनाएं बनाई बल्कि उसे सरजमीं पर उतारा। इस अवसर पर सम्राट चौधरी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है उन्होने भारत को विश्व पटल पर पहुंचाया है।इस अवसर पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। आज देश के लोग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज हित में रक्तदान कर रहे हैं और लोगों का जीवन देने का कार्य कर रहे है। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष भारतेन्दु मिश्रा ने किया। जिसमे युवा मोर्चा के 73 कार्यकता और पदाधिकारियों ने रक्तदान किया।

## दाउदपुर थानान्तर्गत कुल-400 लीटर देशी शराब जप्त कर 03 अभियुक्त को किया गया



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

दिनांक- 17.09.2024 को दाउदपुर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 01 नीला रंग का चार पहिया वाहन (मारूति कार) छपरा से बनवार पुल होते हुए एकमा की तरफ जा रही है जिसमें शराब लदा हुआ है। उक्त सूचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए बनवार पुल पर पहुँच कर सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया। वाहन चेकिंग के दौरान उक्त वाहन को 400 ली0 देशी शराब के साथ जप्त किया। साथ ही 01 समीम अख्तर, पिता- स्व0 अलाउद्दीन अख्तर, साकिन- मोतिराजपुर, थाना- गड़खा, जिला- सारण 02. मुकेश कुमार, पिता- स्व0 जइ राय, साकिन- अलोनी बाजार, थाना- गड़खा, जिला- सारण 03. अर्जुन सिंह, पिता- मुरारी सिंह, साकिन- मैकी, थाना- गड़खा, जिला- सारण को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में दाउदपुर थाना कांड संख्या- 211/24, दिनांक- 17.09.2024, धारा- 30(ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधि0 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

? गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पताः-

1. समीम अख्तर, पिता- स्व0 अलाउद्दीन अख्तर, साकिन- मोतिराजपुर, थाना- गड़खा, जिला- सारण।
2. मुकेश कुमार, पिता- स्व0 जइ राय, साकिन- अलोनी बाजार, थाना- गड़खा, जिला- सारण।

## भोला टाकीज-मुक्तापुर रेल गुमटी पर औभरब्रीज निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर 20 सितंबर को आक्रोश मार्च

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**




समस्तीपुर, 18 सितंबर 2024 सर्वदलीय रेल विकास एवं विस्तार मंच ने भाला टाकीज-मुक्तापुर एवं दलसिंहसराय रेल गुमटी पर औभरब्रीज निर्माण कार्य शुरू करने की मांग को लेकर 20 सितंबर को डीआरएम चौक से निकलने वाला आक्रोश मार्च को बड़ी भागीदारी से सफल बनाने को लेकर तैयारी तेज कर दिया है। एक ओर इसे लेकर होर्डिंग लगाया गया है तो दूसरी जनसंपर्क अभियान चलाकर पर्चा वितरण किया जा रहा है। इसे लेकर जगह-जगह जीबी बैठक भी आयोजित किया जा रहा हे। सोशल साईट्स पर भी अभियान चलाकर लोगों से भागीदारी की अपील की जा रही है।

इस आशय की जानकारी देते हुए बुधवार को जिला संयोजक शुत्रुधन राय पंजी एवं भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव पूर्व दलसिंहसराय गुमटी पर औभरब्रीज निर्माण हेतु जेसीबी से साफ सफाई करा दिया गया था। समस्तीपुर सांसद शांभवी चौधरी संसद सत्र के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक महीने के अंदर भोला टाकीज एवं मुक्तापुर गुमटी पर औभरब्रीज निर्माण कार्य शुरू हो जाने की जानकारी दी थी लेकिन एक के जगह तीन महीने बीत गये औभरब्रीज निर्माण शुरू नहीं हुआ है। यह जनता के छलावा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली एवं बिहार में भाजपा गठबंधन की सरकार है।अब कहीं अवरोध भी नहीं है तो औभरब्रीज निर्माण कार्य अविलंव कार्य शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य शुरू होने तक अनवरत आंदोलन चलाया जाएगा। नेताओं ने तमाम राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन समेत समस्तीपुर वासियों से मार्च में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है।

## गंगा नदी एवं सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- सभी अंचलाधिकारी एवं बाढ़ नियंत्रण के अभियंता लगातार फील्ड में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर रखेंगे नजर, जहाँ भी आवश्यक होगा स्थानीय स्तर पर नाव परिचालन की व्यवस्था करेंगे सुनिश्चित :- प्रभारी जिलाधिकारी



सारण, छपरा 18 सितंबर, 2024 गंगा एवं सरयू नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन सतर्क एवं अलर्ट मोड में है। आज प्रभारी जिलाधिकारी सह उपविकास आयुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया। सभी अंचलाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारी, एवं बाढ़ नियंत्रण के अभियंताओं को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाये रखने को कहा गया है। कुछ स्थलों पर जारी कटाव निरोधी कार्यों पर निरंतर निगरानी रखते हुये पूर्ण कराने को कहा गया।

सभी अंचलाधिकारी आवश्यक होने पर आश्रय स्थल एवं सामुदायिक रसोई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके लिये आवश्यक पूर्व तैयारी रखने को कहा गया। जहाँ भी यातायात की दृष्टिकोण से नाव आवश्यक हो, वहाँ स्थानीय स्तर पर नाव परिचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## रेसुब पोस्ट छपरा द्वारा सूचना तंत्र को मजबूत करने व सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु गोष्टि के संबंध में



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सादर अवगत कराना है कि आज दिनांक 18:9:24 को रेलवे सुरक्षा बल छपरा जंक्शन द्वारा मुझे निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह के कक्ष में राजकीय रेलवे पुलिस छपरा के निरीक्षक शाहिद अनवर अंसारी ,स्थानीय थाना भगवान बाजार के निरीक्षक सुभाष कुमार सिंह ,स्थानीय इंटेलिजेंस एजेंसी के निरीक्षक रणधीर कुमार यादव , रक्ष/छपरा के प्रभारी गिरिजेश विश्वकर्मा, स्थानीय आईबी के अधिकारी के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा सूचना तंत्र को मजबूत करने बाबत एक समन्वय गोष्टी का आयोजन किया गया तथा आपसी सहयोग से किसी भी रेल संबंधी हादसे से बचाव के लिए तत्परता से एक दूसरे से सहयोग के बारे में चर्चा किया गया तथा महत्वपूर्ण टेलीफोन नंबर का आदान-प्रदान किया गया तथा अपने-अपने सोर्स को उक्त नंबर को देने हेतु सहमति बनाई गई तथा सहयोग का भरोसा दिया गया।

## स्वच्छता ही सेवा -24 कार्यक्रम के अंतर्गत जो भारत सरकार पेयजल एवम स्वच्छता विभाग ,

**मो. सदरे आलम नोमानी**




स्वच्छता ही सेवा -24 कार्यक्रम के अंतर्गत जो भारत सरकार पेयजल एवम स्वच्छता विभाग , जल शक्ति मंत्रालय एवम आवशान एवम नगरीय विकास मंत्रालय द्वारा 17th September से - 2ndOct-24 तक सभी राज्य एवम वळ में मनाया जा रहा है । स्वच्छता ही सेवा -24 के कार्यक्रम के 10 वर्ष पूर्ण होने पर बिहार राज्य के लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में इस कार्य को।पूर्ण जोश के साथ किया जा रहा है । स्वच्छता ही सेवा -24 प्रोग्राम के शुरूआत में जिला प्रशासन के द्वारा उप विकास आयुक्त महोदय सारण के द्वारा स्वच्छता अभियान का शुरूआत कार्यलय में झाड़ू लगा कर किया गया । तथा प्रखंड से सभी स्वच्छता का शपथ भी सभी कर्मी डीआरडीए के साथ लिया गया सभी प्रखंड एवं सभी हितधारक के अनुरोध है कि #रत्नर-24 के तहत सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# प्रकाश अदब और बज्म मोईन द्वारा काव्य सत्र का आयोजन किया गया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना (प्रेस विज्ञप्ति) प्रकाश अदब और बिज्म मोइन द्वारा आयोजित एक काव्य गोष्ठी सब्जी बाग पटना में मोइन ग्रेडेहावी के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें कलकत्ता से हलीम साबिर, अशरफ याकूबी, रईस आजम हैदरी और डॉ अहमद मेराज शामिल हुए। रावेर कैलाडिसा से मुख्तार राही और रांची झारखंड से अनवर इराज। सबेर सहरसावी, सहरसा से। सहसराम से तनवीर अख्तर. औरंगाबाद से इकबाल अख्तर दिल. गया से नदीम जाफरी के अलावा मोइन कौसर, अतहर फरीदी, जफर सिद्दीकी, इजाज रसूल, वारिस इस्लामपुरी और मोइन ग्रादिहवी ने हिस्सा लिया. हलीम साबर की अध्यक्षता एवं फरीद फरीदी के संचालन में आयोजित इस काव्य गोष्ठी में प्रस्तुत भाषण के कुछ नमूने इस प्रकार हैं:



**हलीम कृपाणः**
नमस्कार, अब अँधेरा भी ऐसा नहीं करता
जिसे रोज उजाला सलाम करता था

**अशरफ याकूबीः**
जब होठ खामोश हो गए तो बोलने लगे
जब घायल जिगर ने बोलना शुरू किया
तो वे गूंगे हो गए

**जफर सिद्दीकीः**
इतिहास खुद को दोहराता है इसलिए
इस बात का ध्यान रखें
कुछ वर्षों तक यहां शासन किया
प्रभाव फ्रेडीः
वहाँ जाइये जहाँ आपने अपना बचपन बिताया
वहां दीपक जलाना बहुत जरूरी है

**प्रधान मंत्री हैदरीः**
कोई मुझे एक ज्ञानवर्धक निबंध लिखेगा
मुरी गजल पर भी कोई टिप्पणी लिखेगा

**कृपाण सहरसावीः**
हवा होने पर भी प्रतिद्वंद्वी ऐसा नहीं कर सकता
कोई भी व्यक्ति कभी भी अपने आप से मोलभाव नहीं कर सकता

**नदीम जाफरीः**
कहां हैं देश के वो निमार्ता ?
अब पात्र कहां हैं ?

**मुख्तार राहीः**
मेरे लिए कातिल ने कब्र सजा दी है
गर्दन के खुदा हाफि ज को उस तरफ जाना है

**डॉ. इजाज रसूलः**
सच तो यह है कि वे अब कलमकारी नहीं करते
कई दर्पण दर्पण भी नहीं बनाते
अनवर इरिजः
मैं भी नहीं ढूंढ रहा हूं

**मृत खोज**
मुझे कब्र या मुर्दे की चाहत नहीं है

**डॉ. अहमद मेराजः**
ऐ जहान, मैं तुम्हारे जैसा नहीं बनूंगा
हरगाम मेरे सामने झुकने वाला नहीं है

**तनवीर अख्तरः**
ढंग से काम होता है
हम प्रयोगों के नये काले से

**इकबाल अख्तर दिलः**
रात भर दीपक नहीं बुझता था
जब सूरज निकल गया तो उसे दोबारा जलने नहीं दिया गया

**वारिस इस्लामपुरीः**
मैं तुमसे धन कहाँ माँगूँ ?
मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूँ भाई

**मोईन ग्रेडिहावीः**
अपराधी को अदालत से रिहा कर दिया गया
यहाँ अत्याचारी को देखो

इस मौके पर खुर्शीद अनवर नाजमी मुबारकपुर सहरसा एवं फुरकान अहमद कलकत्ता भी मौजूद थे

# सरकारी स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त शुरू




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरिफ**

सिवान महाराजगंज 18 सितम्बर बुधवार। आज से जिले के सभी मध्य स्तर तक के सरकारी स्कूलों मे अर्धवार्षिक मूल्यांकन शुरू हुआ। जो शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त रहा। जिसका मॉनिटरिंग जिले से तैनात उड़न दस्ता टीम विभिन्न स्कूलों का दौरा कर रहे थे। वही दुरौंधा मे प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर और गुलरेज अंसारी और उनके द्वारा मनोनीत सदस्यों ने विभिन्न स्कूलों का दौरा कर परीक्षा का मॉनिटरिंग करते रहे।और कदाचार रूप से परीक्षा जी जिमेदारी संबंधित स्कूलों मे तैनात वीक्षक को शख्त हिदायत भी दी गई की किसी भी स्कूल मे कदाचार होगा तो संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक और प्रतिनियुक्त वीक्षक पर करवाई की जायेगी। वही सभी स्कूलों में एक दूसरे स्कूलों को टैग कर वीक्षको की प्रतिनियुक्ति की गई है। जो सभी अपने अपने प्रतिनियुक्त स्कूलों में तैनात थे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मरांची उजागर के मुखिया गीता देवी ने कचरा प्रबंधन वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**समस्तीपुर :** समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मरांची उजागर पंचायत के पंचायत सरकार भवन परिसर में मुखिया गीता देवी की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा 2024 स्वभाव स्वच्छता झ संस्कार स्वच्छता तथा एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुखिया एवं पंचायत वासियों द्वारा शपथ लिया गया कि हम सभी जन भागीदारी से श्रमदान करके प्रत्येक सप्ताह स्वच्छता के प्रति दो घंटा एवं वर्ष में 100 घंटा कार्य करूंगा एवं अपने घरों के आसपास अपने गली मोहल्ला, ग्राम पंचायत को साफ सुथरा रखूंगा। मुखिया गीता देवी के द्वारा पौधारोपण को लेकर पंचायत वासियों से विशेष अनुरोध किया गया कि कम से कम प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अपने मां के नाम अपने घरों के आस पास या सार्वजनिक स्थलों पर लगावें, और हम सभी मिलकर अपने पंचायत को स्वच्छ सुंदर एवं हरित पंचायत बनाएं। वहीं कार्यक्रम के दौरान मुखिया गीता देवी ने कचरा प्रबंधन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर हसनपुर प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविन्द कुमार, बीपीआरओ नूतन कुमारी, मरांची उजागर पंचायत के पूर्व मुखिया शिवचन्द्र प्रसाद यादव आदि पंचायत के दर्जनों लोग समेत कचरा प्रबंधन के कर्मी उपस्थित थे।

# मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु छात्र - छात्रओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

ताजपुर / समस्तीपुर ( इन्डो गल्फ संवाददाता ) - - आज बुधवार को डॉ.लोहिया कपूर्री विश्वेश्वर दास महाविद्यालय ताजपुर में प्रधानाचार्य डॉ. प्रभात रंजन कर्ण की अध्यक्षता में आशा सेवा सेवा संस्थान के सौजन्य से *स्टेट लेवल कोडीर्नेटींग एजेंसी (बिहार झारखंड) सहयोगी संस्थान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ( "सिस्टर निवेदिता मेमोरियल" के द्वारा संचालित) संयुक्त रूप से एन.ए.पी.डी.डी.आर. योजना के अंतर्गत मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु छात्र-छात्राओं के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर प्रधानाचार्य एवं संस्थान के सचिव आदि ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने बताया की नशा लोगों को बर्बाद कर देता है जिससे उसके व्यक्तिगत क्षति के साथ साथ घर परिवार सब चौपट हो जातें है। परिवार में यदि कोइ एक व्यक्ति भी मादक पदार्थों के सेवन का शिकार हो जाता है तो बहुत नुकसान उठाना पड़ता है। आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा ने मादक से होनेवाले ऐसे नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केन्द्र मुक्तापुर समस्तीपुर में है जहाँ लोग मादक सेवन का लत छुड़ाने के लिए जा सकते हैं।स्टेट लेवल कोर्डिनेटींग एजेंसी के कोर्डिनेटर मनोज कुमार सिंह ने मादक पदार्थों से नुकसान एवं इस समस्या के उन्मूलन पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को एलाइट सोसायटी के जितेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया। मंच सचालन संस्था के विकास पदाधिकारी सुशील कुमार ने किया।मौके पर डॉ. विनीता कुमारी, डॉ.जगदीश प्रसाद वैश्यंत्री, निशिकांत जायसवाल, रजत शुभ्र दास, डॉ. उदय कुमार, डॉ.हुस्न आरा, डॉ. मुकुंद कुमार, डॉ.मनोज कुमार सिंह, डॉ.सुप्रिया कुमारी, डॉ.प्रियंका रंजन, डॉ.राशदा अमजादी, डॉ. हरिमोहन प्रसाद सिंह, डॉ.कुमारी सुषमा सरोज, डॉ.शाजिया परवीन, डॉ.अनिल शर्मा, डॉ.कुमारी शशि प्रभा, डॉ.दुर्गा पटवा, डॉ.ज्ञानवती झा, अजीत कुमार सौरभ कुमार, मो. तबरेज आलम, रंधीर कुमार आदि के अलावा सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव और स्वच्छता मिशन के तहत प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी और अंचल पदाधिकारी ने की गांधी मैदान की सफाई।

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरिफ**

सिवान महाराजगंज 17 सितम्बर मंगलवार ।महाराजगंज प्रखण्ड कार्यालय स्थित गांधी मैदान मे स्वभाव स्वच्छता अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी श्री बिंदु कुमार व अंचल पदाधिकारी श्री जितेन्द्र पासवान, प्रखण्ड प्रमुख बच्ची देवी, मुखिया श्री आलोक कुमार सिंह, मुखिया श्री कन्हैया यादव इत्यादि ने झाड़ू लगा कर की सफाई। और प्रखण्ड अंतर्गत सभी पंचायत के मुखिया को शपथ दिलाई गई की इस स्वच्छ भारत मिशन को सत प्रतिशत अपने अपने पंचायत मे सभी आम जन को इस स्वच्छता अभियान की जानकारी दे ताकी हमारा स्वच्छ भारत मिशन कामयाबी की ओर अग्रसर बढ़े।



# जवाहर नवोदय विद्यालय वर्ग-6 में पंजीकरण की तिथि 23 सितंबर तक बढ़ाई

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर :- नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित तथा जेएनवी के कक्षा 6 में दाखिला को लेकर चल रहे पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 23 सितंबर 2024 कर दिया गया है। इससे पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 सितंबर थी। यह जानकारी जेएनवी बिरौली के एसटी प्रभारी ए. के. शर्मा और किरण सिंह ने संयुक्त रूप से दी हैं।उन्होंने बताया कि अब तक के पंजीकरण आंकड़ों के अनुसार जिले का बिथान प्रखंड 2048 पंजीकरण के साथ प्रथम स्थान पर है जबकि समस्तीपुर प्रखंड 1401 पंजीकरण के साथ दूसरे और ताजपुर 1210 पंजीकरण के साथ तीसरे स्थान पर है। अन्य प्रखंडों में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है। इससे आने वाले दिनों में और रोचक मुकाबला होने की संभावना है।




इधर नवोदय विद्यालय बिरौली के प्राचार्य टी. एन. शर्मा ने बताया कि अब तक हुए पंजीकरण के आधार पर समस्तीपुर जिला पिछले दो वर्षों की तरह इस वर्ष भी देश में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। अब तक समस्तीपुर में कुल 20178 पंजीकरण हो चुके हैं जबकि राजनांदगांव 19305 पंजीकरण के साथ दूसरे और अहमदनगर 19100 पंजीकरण के साथ तीसरे स्थान पर हैं। प्राचार्य टी. एन. शर्मा ने जिले के शिक्षा विभाग से संबंधित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे पंजीकरण की तिथि के विस्तार का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक छात्रों का पंजीकरण सुनिश्चित कराएं।

# बेतिया में फिर घूम रहा आदमखोर बाघ, चरवाहे को बनाया निवाला, 200 मीटर तक घसीटा

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**पश्चिमी चंपारण :** बिहार में एक बार फिर से आदमखोर बाघ ने लोगों की नींद उड़ा दी है, मामला बेतिया का है, जहां बाघ के आतंक से लोग भयभीत हैं। बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना सहोदर थाना अंतर्गत वनबैरिया गांव की है। मृतक की पहचान सहोदरा के वनबैरिया गांव निवासी इंद्रदेव महतो (50 वर्ष) के रूप में हुई है। इंद्रदेव महतो बकरी चराने खेत गया था, जहां पर बाघ पहले से ही बैठा हुआ था। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मंगूराहा वन क्षेत्र की इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि सहोदर थाना अंतर्गत वनबैरिया गांव निवासी इंद्रदेव महतो खेत में बकरी चराने गये थे, जहां पर बाघ पहले से ही घात लगा कर बैठा हुआ था। जैसे ही इंद्रदेव महतो खेत में पहुंचे बाघ ने उन पर हमला बोल दिया। बाघ इंद्रदेव महतो को लगभग 200 मीटर घसीटते हुए गन्ने के खेत में ले गया, इसी दौरान लोगों की घटना की जानकारी मिली तो सभी लाठी डंडे से लैस होकर बाघ के पीछे भागे, हो हंगामा सुन बाघ शव को छोड़कर जंगल की तरफ निकल गया। परिजनों के खोजबीन के बाद इंद्रदेव महतो का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ है, वहीं बाघ के हमले की पुष्टि वन संरक्षण नेशामणी ने की है। वन विभाग की टीम बाघ की तलाश में जुट गई है तो वहीं ग्रामीणों में बाघ से भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।



# विश्वकर्मा पूजा का प्रसाद खाने घर से निकले युवक का शव बरामद, परिजन हत्या की जाता रहे आशंका




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर में विश्वकर्मा पूजा का प्रसाद खाने घर से निकले युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मामला रोसड़ा थाना क्षेत्र के काकर पुल के पास की है। मृतक की पहचान बनडिहा गांव के मंजेश कुमार के रूप में हुई है।घटना के सम्बंध में मृतक के परिजन का बताना है कि गांव में विश्वकर्मा पूजा का भोज खाने के बाद जाखड़ गांव का रहने वाला अवधेश नाम का उसका दोस्त उसे प्रसाद खाने के लिए फोन कर जाखड़ बुलाया था। जिसके बाद मृतक गांव के ही अपने दोस्त राजीव के साथ जाखड़ गया था।देर रात उनलोगों को सूचना मिली कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। परिवार के लोग जब उसे ढूंढने निकले तो काकर पुल के नीचे मरा पड़ा था। परिजन हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे है। मृतक के परिजन का कहना है कि वो दरभंगा में रहकर जीएनएम की पढ़ाई करता था। उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नही थी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बिस्फी पंचायत के महादलित टोला सहित कई वार्डो में चल रही विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबु बकर**

- मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने बिस्फी पंचायत के महादलित टोला सहित कई वार्डो में चल रही विकास योजनाओं का किया निरीक्षण।
- डीएम के निर्देश पर जिले के 60 अधिकारियों ने अपने-अपने निर्धारित पंचायतों में पहुँचकर चल रही विकास योजनाओं का किया जाँच।
- उपस्थित ग्रामीणों से सरकार की चल रही योजनाओं के संबंध में लिया फीड बैक।
- जिलाधिकारी ने बिस्फी प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों के साथ किया बैठक।-



.मधुबनी,जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने साप्ताहिक क्षेत्र भ्रमण के क्रम में विस्फी प्रखंड के बिस्फी पंचायत में पहुँचकर महादलित टोला सहित कई वार्डो में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने माहदलित टोला वार्ड नंबर 4 एवं 5 में पहुँचकर नल-जल योजना, पीडीएस दुकान, संपर्क पथ, स्कूल आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारी को निर्देश दिया कि शत प्रतिशत घरों में नल जल योजना से जलापूर्ति सुनिश्चित करवाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शिविर का आयोजन कर सभी लाभुकों का राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करवाये। उन्होंने तारा देवी की पीडीएस दुकान के स्टॉक का भौतिक एवं पॉश मशीन से निरीक्षण किया, जो सही पाया गया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से भी सरकार की योजनाओं के संबंध में फीड बैक भी लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण उपरांत प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने नल जल योजना के बकाया बिजली बिल का भुगतान एवं अनुरक्षको के मानदेय के भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि मेजर एवं माइनर कारण से बंद पड़े सभी नल जल योजनाओं की सूची उपलब्ध करवाए ताकि उसकी ससमय मरम्मती करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि नल जल योजना से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा की सभी नल जल योजनाओं के लाभुकों से 30 रुपया मासिक चार्ज भी प्राप्त करे। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता को लेकर कई निर्देश दिए। गौरतलब हो कि डीएम के निर्देश पर जिले के 60 अधिकारियों ने अपने-अपने निर्धारित पंचायतों में पहुँचकर चल रही विकास योजनाओं का जाँच किया।

# किशनगंज में पैसेंजर ट्रेन के इंजन में लगी आग





**किशनगंज बिहार ।** रविवार को राधिकापुर-सिलीगुड़ी डीएमयू पैसेंजरर ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई। आग तेघरिया रेलवे गुमटी के पास इंजन के आगे के हिस्से में लगी थी। हालांकि, आग कैसे लगी, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। वहीं, आग की सूचना के बाद डाउन लाइन को फिलहाल बंद कर दिया गया है। बताया जाता है कि ट्रेन किशनगंज से सिलीगड़ी जा रही थी। स्टेशन से 1 किलो मीटर आगे बढ़ने के बाद इंजन में आग लगी।

लोगों ने बताया कि ट्रेन करीब 12:10 में किशनगंज रेलवे स्टेशन से खुली। इसके बाद ट्रेन जैसी ही तेघरिया रेल गुमटी के पास पहुंची ट्रेन के इंजन से धुआं निकलने लगा। इंजन के उपरी हिस्से से धुआं निकलता देख ट्रेन के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। इसके बाद रेलवे के अधिकारियों को सूचना दी गई। ट्रेन रुकने के बाद यात्री भी ट्रेन से उतर गए और स्टेशन से रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं एसएसबी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने में लग गए। फिलहाल अग्निशमन की टीम भी मौके पर पहुंची है।

तीन दमकल की गाड़ी आग बुझाने में लगी हुई है। 500 मीटर की दूरी पर एक ट्रेन को रोका गया। दोनों लाइन ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से बाधित है ट्रेनी आईएएस सह सीओ प्रद्यूमन कुमार, टाउन थाना अध्यक्ष संदीप कुमार, स्टेशन मास्टर दीपक कुमार, रेल थाना अध्यक्ष और जीआरपीएफ और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंचे है।

ट्रेन में यात्रा कर रहे राजेश कुमार ने कहा कि 'हमलोग ट्रेन में बैठे थे। धुआं उठता देख यात्रियों में अफरातफरी मच गई। लोग ट्रेन से उतरे। हमने भी आग बुझाने में मदद की।

वहीं एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि एक घंटे तक आग लगी रही। इस बीच सभी यात्री ट्रेन से उतर गए और कुछ तो स्टेशन की तरफ जाने लगे। एसएसबी के जवानों ने सबसे पहले आग को बुझाना शुरू किया। इसके बाद दमकल की गाड़ी पहुंची। आरपीएफ अधिकारी ह्रदयेश कुमार शर्मा ने कहा कि 'आग कैसे लगी यह तो नहीं पता। जहां घटना जहां घटी वहां एसएसबी कैंप है, इसलिए तुरंत मदद पहुंच गई। जीआरपी, आरपीएफ लोकल पुलिस सब से तुरंत लोग पहुंच गए। दमकल की गाड़ी भी पहुंची। फिलहाल आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

लखीसराय में किउल रेलवे स्टेशन पर खड़ी मेमू ट्रेन में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे ट्रेन की कई बोगियों को चपेट में ले लिया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर लखीसराय से आठ और जमुई से दो दमकल की गाड़ियां बुलाई गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि ट्रेन संख्या 13028 पटना-जसीडीह मेमू किउल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर खड़ी थी। थोड़ी देर में ट्रेन जसीडीह के लिए रवाना होने वाली थी। ट्रेन के अंदर कुछ पैसेंजर्स भी बैठे थे। करीब साढ़े 5 बजे ट्रेन से धुंआ उठा और देखते-देखते ट्रेन से आग की लपटें उठने लगीं। इसे देखकर ट्रेन में बैठे यात्री नीचे उतर कर इधर-उधर भागने लगे। इससे प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी मच गई। रेलवे अधिकारी ने बताया कि बैट्री पैनल में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। फिलहाल, आग पर काबू पाने के बाद मामले की जांच की जाएगी।


# कच्चा शराब पीने से एक और मौत



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

ताजपुर / समस्तीपुर ( इन्डो गल्फ संवाददाता ) : - - जिले नेशनल हाइवे बंगरा थानांतर्गत एवं ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र वार्ड संख्या 09 निवासी सिंकदर राम, पिता अशरफी का पुत्र बताया जाता है । आज सुबह आपके दोस्तो के साथ पास के ही ठागवा चौक के करीब काली मंदिर के बगल में कच्चा शराब यानी के थर्रा , पी रहे थ। अचानक उनकी तबियत बिगड़ने अस्पताल ले जाया गया ।जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लोगों ने लाश को लेकर अजीजिया चौक को घंटो जाम कर दिया और कच्चा शराब बेचने वालो पर पुलिस के द्वारा कारवाही की मांग करने लगे वहीं आनन फानन में पुलिस पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं प्रशासन का कहना है की कच्चा शराब विक्रेता को जांच कर उचित कारवाही की जाएगी । दूसरी तरफ मृतक के परिवार ने दुख व्यक्त किया मृतक के छोटे छोटे चार बच्चे भी बतायें जातें हैं उनकी पत्नी ने कहा कैसे अब उनकी गुजर बसर होगी वे अपने सदस्य को खोने के बाद काफी दुखी हैं वहीं सामाजिक संदेश की बात करें तो यह घटना एक बार फिर से कच्चा शराब के खतरों को उजागर करती हैं हमें अपने समाज में शराब के दुरपयोग के खिलाफ लड़ने की जरूरत हैं ।

# 2 दिनों तक पूरे प्रदेश में एक्टिव रहेगा मानसून ,आकाशीय बिजली भी गिर सकती है



**बिहार।**अगले दो दिन तक बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून एक्टिव होने की वजह से बिहार समेत पूरे पूर्वी भारत में फिर से भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश के सभी 38 जिलों में रविवार को बारिश की संभावना जताई है। इसमें 6 जिले में अति भारी बारिश और 32 में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। अगले 48 घंटे के लिए मौसम विभाग का अलर्ट मौसम विभाग ने बिहार में अगले 48 घंटे के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से कहा गया है कि बिहार में मानसून की गतिविधि में वृद्धि होने से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने और बादल के नीचे होने की वजह से राज्य के कुछ जिलों में एक या दो स्थानों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। साथ ही गंडक, बागमती, पुनपुन और सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# अस्पताल में फर्जी डॉक्टर ने की थी गैंगरेप की कोशिश





**समस्तीपुर ।** 11 सितंबर को 12वीं पास एक फर्जी डॉक्टर ने अस्पताल में नर्स से गैंगरेप की कोशिश की थी। इसमें उसके 2 दोस्त भी शामिल थे। इस दौरान नर्स ने झोलाछाप डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट पर सर्जिकल ब्लेड से हमला कर खुद को बचाया और भाग गई थी। इस घटना के बाद आरोपी झोलाछाप डॉक्टर संजय की 2 तस्वीरें सामने आई हैं। एक तस्वीर में आरोपी झोलाछाप डॉक्टर संजय महिला बॉडीगार्ड के साथ नजर आ रहा है। महिला बॉडीगार्ड ने चेहरा ढंक रखा है, हाथ में रायफल लिए आरोपी के बगल में खड़ी है।

वहीं दूसरी तस्वीर में फर्जी डॉक्टर लाल रंग की कार में है। खिड़की से हाथ बाहर निकालकर रिवॉल्वर दिखा रहा है। पुलिस का कहना है कि उसके घर की तलाश के दौरान लाइसेंसी हथियार का रिकॉर्ड नहीं मिला है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि वायरल तस्वीर देख कर लगता है कि वो हथियारों का शौकीन है। लाइसेंसी हथियार का रिकॉर्ड भी नहीं मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष फैजल अंसारी ने कहा कि जिस दिन संजय कुमार के यहां पुलिस ने छापेमारी की थी, उसके घर या आसपास की तलाशी ली गई थी। इस दौरान उसके अस्पताल से शराब की बोतल, जिसमें आधी शराब थी। खून लगा हुआ चादर, ऑपरेशन में इस्तेमाल होना वाला सर्जिकल ब्लेड और अन्य सामान बरामद हुआ था, पर हथियार नहीं मिला था। इसके पास कोई लाइसेंसी हथियार का रिकॉर्ड भी नहीं है। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर संजय और उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आगे की जांच की जा रही है। हथियार रखने का शौकीन भाकपा माले के नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह संजय उर्फ संजू को फर्जी झोलाछाप डॉक्टर बताते हुए कहा कि अब हथियार के साथ उसका फोटो वायरल हो रहा है। वो हथियार रखने का शौकीन लगता है। इस मामले में मैं पुलिस प्रशासन से गंभीरता से जांच होनी चाहिए ताकि संजय के कारनामों का खुलासा हो सके।

बचाव में उसने हाथ में लिए ऑपरेशन में इस्तेमाल होने वाली ब्लेड से डॉक्टर का प्राइवेट पार्ट पर हमला कर दिया। इस हमले के बाद वो गेट का ताला खोलकर भाग निकली। वहीं, डॉक्टर के साथी ने उसका पीछा भी किया, लेकिन खेत में छिपकर उसने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी।' एएसपी संजय पांडे ने कहा कि आरोपी डॉक्टर और उसके दो साथी को जेल भेज दिया गया है। आगे की जांच की जा रही है। बिना लाइसेंस के चला रहा था हॉस्पिटल सिविल सर्जन एसके चौधरी के मुताबिक 'समस्तीपुर जिले में 115 रजिस्टर्ड अस्पताल हैं, लेकिन इस फ्क्षर हेल्थ केयर नामक क्लिनिक का लिस्ट में कहीं भी नाम नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, संजय अपने को फिजियोथैरेपिस्ट कहता था। लेकिन मूलतः वह प्रैक्टिशनर है। हिंदू समाज पार्टी का संगठन मंत्री है डॉक्टर संजय बताया जा रहा है कि आरोपी डॉक्टर संजय हिंदू समाज पार्टी का संगठन मंत्री है। राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी भी है।

# अनजान कॉल पर हुई 3 बातों को कभी न मानें

**बेगूसराय ।** रोज-रोज साइबर क्राइम के मामले सामने आ रहे हैं। इस पर रोकथाम के लिए यहां साइबर थाना बनाया गया है। शुक्रवार को बेगूसराय में एक चर्चित व्यक्ति की डिजिटल अरेस्टिंग हो गई। जिसके बाद इसकी चर्चा हर जगह पर हो रही है। वैसे तो अधिकतर लोग साइबर क्राइम के मामले में ठगे जाने के बाद 1930 पर सूचना देकर या जो हो गया सो हो गया की बात सोच कर मामला दर्ज नहीं कराते हैं। लेकिन बेगूसराय में 1 जून 2023 से लेकर अब तक 100 मामले दर्ज कराए गए हैं। डिजिटल अरेस्टिंग बता दें कि आजकल डिजिटल अरेस्टिंग का नया मामला सामने आ रहा है। किसी व्यक्ति को कॉल आता है कि आपके द्वारा कुरियर के माध्यम से कोई सामान मंगाया गया। जिसमें गांजा या चरस जैसा प्रतिबंधित सामान है। अगर आप चाहते हैं कि इसको मैनेज कर लिया जाए। यह रिपोर्ट नहीं हो, तो आपको पैसे ट्रांसफर करने पड़ेंगे। इसमें किसी को लिंक भेजा जाता है तो किसी को अकाउंट नंबर। उस व्यक्ति को लगातार वीडियो कॉल पर रखा जाता है। उसको जैसा बोला जाता है, डर के मारे करता है, एक तरह से हिप्नोटाइज में हो जाता है। बाहर पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को फंसाना दूसरे तरह का मामला बहुत चलन में है। अगर बच्चा बाहर पढ़ रहा है ।

# किराना गोदाम में लगी आग, 15 लाख का सामान खाक



**गोपालगंज।** गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के सरेया वार्ड नंबर 4 स्थित एक किराना समान के गोदाम में अचानक आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। घटना में करीब 15 लाख रुपए का नुकसान होने की बात कही जा रही है। मकान के अंदर मौजूद गोदाम में लगी थी आग बताया जाता है कि नगर थाना क्षेत्र के हनुमान गढ़ी वार्ड नंबर 11 निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता का बेटा रजत कुमार सरेया वार्ड नंबर 4 निवासी बृज किशोर प्रसाद के मकान में बिस्किट, कुरकुरे, मैगी और माचिस के अलावा कई किराना सामान का गोदाम बनाए हुए थे। इस बीच रविवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे गोदाम से धुआं निकलने लगा। आस पास के लोगों ने गोदाम के मालिक को सूचना दी।

स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद इसकी सूचना तत्काल फायर बिग्रेड और डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाने में जुट गई। फायर बिग्रेड की चार गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी तब जाकर चार घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

इसको लेकर घर के मालिक रजत कुमार ने कहा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। घटना में 14 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। फायर बिग्रेड के एसआई रुस्तम अली ने कहा कि पांच बजे सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर आग को बुझा लिया गया है। घर के अंदर काफी धुआं भरने से स्मोक एडजस्टर की मदद से बाहर निकाला गया।

# हेरिटेज होटल में बदलेगा 100 साल पुराना सुल्तान पैलेस



**पटना।** बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में नीतीश कैबिनेट ने पटना में 3 नए फाइव स्टार होटल बनाने की मंजूरी दी है। पर्यटन विभाग अब जल्द इन तीनों फाइव स्टार होटल के निर्माण का कार्य शुरू करेगा। इसके साथ ही पटना में होटल ताज को मिलाकर कुल 4 फाइव स्टार होटल हो जाएंगे। पटना स्थित होटल पाटलिपुत्र अशोक और बांकीपुर बस स्टैंड को तोड़कर पीपीपी मोड पर फाइव स्टार होटल के लिए भवन बनाए जाएंगे। इसके साथ ही सुल्तान पैलेस को रेनोवेट कर मॉडर्न सुविधाओं से लैस फाइव स्टार होटल का निर्माण कराया जाएगा। इन तीनों जगह की अपनी-अपनी खासियत है। कोई 100 साल पुराना विरासत लिए खड़ा है तो किसी की अपनी अलग ही दिलचस्प कहानी है। भास्कर आपको तीनों जगहों की खासियत बता रहा है, जहां फाइव स्टार होटल बनाया जाएगा। सबसे पहले जानते हैं 100 साल पुराने सुल्तान पैलेस को राजधानी के वीरचंद पटेल पथ पर स्थित सुल्तान पैलेस ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ वास्तुकला का भी उत्कृष्ट नमूना संजोए हुए है। इसे दक्षिण बिहार के सबसे बड़े जमींदार सर सैयद अहमद ने रहने के लिए बनवाया था। उन्हें लोग सुल्तान के नाम से जानते थे। वे पटना विश्वविद्यालय के पहले भारतीय वाइस चांसलर रहे थे।

पेशे से सर सैयद अहमद न्यायाधीश थे। लेकिन, वास्तुकला और भारतीय संस्कृति के बड़े जानकार भी थे। इंग्लैंड से बैरिस्टर की डिग्री लेने के बाद कोलकाता में वकालत शुरू की। पटना लौटने पर उन्होंने अपना स्थाई निवास बनाने का फैसला लिया था।

उन्होंने उत्कृष्ट वास्तुकला के साथ अपने सपनों का महल सुल्तान पैलेस का निर्माण कराया। इसमें पूरब और पश्चिम दोनों संस्कृति की झलक दिखती है। इसके निर्माण में यूरोपीय शैली का आकर्षण भी है। साथ ही इंडो-सरसेनिक वास्तुकला भी दिखता है। कैसा है अंदर का हिस्सा सुल्तान पैलेस के प्रवेश द्वार पर दांतदार मेहराब बना है। इमारत के बीच में खंभों वाला पोर्टिको बेहद आकर्षक है। इमारत के दोनों तरफ मुगल शैली के अष्टकोणीय स्तंभ हैं। इसके शीर्ष पर गुंबद बने हुए हैं। बरामदे के बीच में एक सभा कक्ष है। इससे पहले एक खूबसूरत सीढ़ी है, जो ऊपरी मंजिल तक जाती है।

इस कक्ष के दक्षिण में एक डाइनिंग हाल है, जिसमें 60 मेहमानों के बैठने की क्षमता है। इसके उत्तर में एक कमरा है, जो सुल्तान के काम करने का स्थान था। जबकि, पूर्व में बना कमरा सुल्तान का निजी शयनकक्ष था। इस पैलेस को बनाने में उस समय 22 लाख खर्च किए गए थे।

### 2 साल से बंद है होटल पाटलिपुत्र अशोक

होटल पाटलिपुत्र अशोक पटना के वीरचंद पटेल पथ पर स्थित है। पिछले दो वर्ष से यह बंद है। पहले यह होटल केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के तहत संचालित किया जा रहा था। अब यह होटल पर्यटन निगम के पास है। इस होटल को तोड़कर फाइव स्टार होटल बनाने का फैसला लिया गया है।

### बांकीपुर बस स्टैंड को फुलवारी शरीफ शिफ्ट किया जाएगा

बांकीपुर बिहार के लिए ऐतिहासिक स्थल है। गांधी मैदान स्थित बांकीपुर बस स्टैंड को तोड़कर फाइव स्टार होटल बनाने का फैसला लिया गया है। यहां से बस स्टैंड को फुलवारी शरीफ शिफ्ट कर दिया जाएगा। फिर यहां फाइव स्टार होटल तैयार किया जाएगा।

### 3 नए फाइव स्टार होटलों में क्या फैसिलिटी मिलेगी

पर्यटन विभाग के पीआरओ रवि शंकर उपाध्याय कहते हैं कि तीनों नए फाइव स्टार होटलों के इंटीरियर डिजाइनिंग में बिहार का गौरव और इतिहास की झलक दिखाई पड़ेगी। इन होटलों में निःशुल्क सुबह का नाश्ता, वाई-फाई, जिम और स्पा की सुविधाएं मिलेगी। होटल में स्विमिंग पुल की सुविधा रहेगी। होटल में रहने वाले लोगों के लिए पटना के दार्शनिक स्थलों तक घूमने के लिए गाड़ी की व्यवस्था रहेगी। साथ ही बिहार के सभी दार्शनिक स्थलों पर जाने के लिए अलग-अलग पैकेज की सुविधा दी जाएगी।

### फाइव स्टार होटलों में कितने कमरे होंगे

पटना में नए होटलों का निर्माण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। होटल में मॉल भी बनाया जाएगा। इसके लिए हाइट में भी छूट दी जाएगी। सुल्तान पैलेस में कमरों की संख्या 150 है। जबकि, बांकीपुर बस स्टैंड के पास बनने वाले फाइव स्टार होटल में 150 और पाटलिपुत्र अशोक में 100 कमरे होंगे। पाटलिपुत्र अशोक में ग्राउंड कवरेज 60 प्रतिशत, बांकीपुर और सुल्तान पैलेस में 50-50 प्रतिशत किया गया है। इसके लिए लीज की अवधि 60 साल तक होगी।

# योगी ने बच्चे को हाथों से खिलाया चाकलेट

## बहराइच: भेड़िए के हमले में मारे गए मासूमों के परिजनों से की मुलाकात





**बहराइच।** सीएम योगी रविवार शाम बहराइच पहुंचे। भेड़िए के हमलों से प्रभावित महसी तहसील का हवाई निरीक्षण किया। योगी ने हमले में मारे गए मासूमों के परिजनों से भी मुलाकात की। बच्चों को चाकलेट दिए। एक बच्चे को अपने हाथों से चाकलेट खिलाया। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर महसी तहसील के सिसईया चूड़ामणि में बने हेलीपैड पर उतरा। कुछ देर में सीएम जिले के अफसरों और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। विकास कार्यों पर भी चर्चा करेंगे। बहराइच में दो महीने में भेड़िए के हमलों में 10 लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। वन विभाग ने अब तक 5 भेड़ियों को पकड़ लिया है, जबकि एक लंगड़ा भेड़िया अभी भी पकड़ से दूर है। योगी ने कहा- हमने केंद्र सरकार के सहयोग से 56 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराया है। कुछ लोग गर्मी के कारण घर के बाहर सोते हैं, उसमें ही जंगली जानवर को अवसर मिलता है। जिन लोगों ने दरवाजे नहीं लगवाए थे। उनकी भी मदद की गई है। स्वच्छ भारत मिशन में हर परिवार को शौचालय दिए गए। इस क्षेत्र में पेट्रोलिंग के निर्देश हैं। अफसरों से कहा है कि यदि कोई व्यक्ति आवास से वंचित है, तो मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास दिए जाएं। मैंने इन गांवों का सर्वे किया है। जनजीवन सामान्य है। लेकिन, सतर्कता की आवश्यकता है। जब तक भेड़िया पकड़ा नहीं जाता है, वन विभाग की टीम तैनात रहेगी। सीएम ने कहा- स्थानीय प्रशासन ने बेहतर समन्वय से अच्छा काम किया है। मैं पीड़ित परिवारों से भी मिला। आगे की क्या रणनीति है, इस पर भी विचार किया गया है। हमारी सरकार ने वन्यजीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखा है। इसलिए हम पीड़ित परिवार को 5 लाख की सहायता देते हैं। जो घायल हैं, उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी ने कहा- एक बात कॉमन देखी गई कि बारिश के सीजन में जब इन जंगली जानवरों की जगह पर पानी घुस जाता है तो वे आबादी की तरफ चले जाते हैं। तब ऐसे हमले देखने को मिलते हैं। इस बार भी जब सरयू में पानी बढ़ा और क्षेत्र में जलजमाव हो गया तो 17 जुलाई को पहली घटना देखने को मिली। एक साल के बच्चे को भेड़िए ने अपना शिकार बना लिया था। भेड़िया एक गांव में हमला नहीं करता। वह अलग-अलग गांवों में हमला करता है। एक सितंबर को आखिरी हमला हुआ था। आज 15 सितंबर है, इस बीच कोई जनहानि की सूचना नहीं मिली है। क्षेत्र में वन विभाग के 165 कर्मचारियों की टीम तैनात है। थर्मल ड्रोन 4 लगाए गए हैं। जिस रूप में भेड़िया हिंसक है, अगर वह हमला करते दिखता है तो उसे मारने के भी आदेश दिए हैं। लेकिन, यह अंतिम विकल्प है। सीएम योगी ने कहा- बहराइच जिले में नदी से सटे इस महसी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2 महीने से भेड़ियों का आतंक है। भेड़िए के कारण कुछ जनहानि हुई है। कुछ बच्चों को भेड़िए ने घायल भी किया है। जब पहली बार हमले की सूचना मिली तो मैंने प्रशासन को अभियान चलाने का निर्देश दिया था। वन मंत्री और अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त टीम के साथ भेजा। पिछले 2 महीने में इस क्षेत्र में 8 जनहानि देखने को मिली, जो 20 से 25 किमी के दायरे में हुई। 5 भेड़िए पकड़े जा चुके हैं। एक अभी पकड़ा नहीं गया है। सीएम योगी बहराइच पहुंच गए हैं।

# लखनऊ में युवती को शादी का झांसा देकर रेप



**लखनऊ।** शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी घुमाने के बहाने युवती को अपने साथ ले गया था। जहां पर शादी का वादा करके उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान कुछ अश्लील वीडियो बना लिए। जिसके बाद ब्लैकमेल करके कई बार उसके साथ रेप किया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। मंगलवार को युवती ने हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराईस है। उसने बताया कि हैदर कैनाल पार्क रोड के रहने वाले शानू उर्फ एहतिशाम अहमद (28) पुत्र मुख्तार अहमद से उसकी मुलाकात जनवरी में हुई। शानू ने मिलने जुलने के दौरान युवती से नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी। शानू ने शादी का प्रस्ताव दिया। जिसे युवती ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान शानू ने मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ जबरन संबंध बनाने लगा। इसका युवती ने विरोध किया तो जल्द शादी करने की बात कही। लंबा समय बीतने के बाद युवती ने शादी के लिए बोला तो टाल मटोल करता रहा। इस पर युवती ने दबाव बनाया तो शादी से मुकर गया। युवती ने शिकायत करने की बात कही तो उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पुलिस को मिली शिकायत के बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार सुबह 9:45 बजे आरोपी की हैदर कैनाल पास खड़े होने की सूचना मिली।

# चिकित्सा शिविर: निरोग काया के लिए नियमित देखभाल जरूरी: डॉ राघवेंद्र सिंह





**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत केश्वर इंटरमीडिएट कालेज के परिसर में निःशुल्क चिकित्सा कैम्प लगाकर 150 छात्र - छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच कर दवा वितरित की गई। नव सृजित ट्रस्ट द्वारा संचालित प्राकृतिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुद्धा एडवांस इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल इंस्टिट्यूट व केश्वर जन सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का शुभारंभ संयोजक डॉ राघवेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य पुरन्दर प्रताप यादव ने फीता काटकर किया। चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ राम गोपाल पटेल, डॉ. किरन सिंह, डॉ. नीतू कुशवाहा, डॉ. आकांक्षा सुमन, डॉ. प्रिया सिंह ने शिक्षकों और छात्र - छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की उचित सलाह दी। डॉ. राघवेंद्र ने कहा कि निरोग काया के ये शरीर की नियामित देखभाल आवश्यक है और स्वच्छता से व्यक्ति बीमारियों से मुक्त रहता है। सभी का स्वागत और आभार विद्यालय के प्रभारी देवेंद्र प्रताप यादव ने व्यक्त किये। इस अवसर पर शिक्षक कन्हैया वर्मा, आशिक अली, हरेंद्र यादव, जगत राज चौहान, कमलेश भारती, अमरजीत यादव, जय सिंह प्रसाद, सतवीर, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ में डंपर ने बच्चे को रौंदा, मौत

## कई थानों की फोर्स पहुंची, भाजपा विधायक का लोगों ने किया विरोध







**लखनऊ ।** इटौंजा में 14 साल के बच्चे को डंपर ने रौंद दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। इससे नाराज लोगों ने हंगामा कर दिया। वहीं मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर भी लोगों ने पथराव किया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे विधायक को भी विरोध झेलना पड़ा। लोगों ने सड़क जाम कर दिया। हंगामा बढ़ने पर कई थानों की पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के बगहा गांव की है। रविवार को घर के बाहर खेल रहे आकाश मौर्य (14) पुत्र राम कुमार मौर्य को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। डंपर का अगला पहिया बच्चे के नीचले हिस्से से गुजर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर कुछ देर बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची। लोगों ने बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए कहा। लेकिन एंबुलेंस ड्राइवर ने शव ले जाने से मना कर दिया। इससे लोग भड़क गए। उन्होंने विरोध किया तो ड्राइवर एंबुलेंस लेकर जाने लगा। इसपर नाराज लोगों ने पथराव कर दिया। वहीं हादसे के बाद चालक मौके से डंपर छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझने की कोशिश की। लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लोगों ने सड़क जाम कर दिया। हंगामे को देखते हुए कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं बच्चे की मौत की जानकारी मिलने पर बख्शी का तालाब से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने विधायक का विरोध कर दिया। इससे विधायक मौके से चले गए। ग्रामीणों का कहना है कि यहां से अवैध रूप से खनन कर रहे लोगों की शिकायत कई बार की गई। लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। आज ये डंपर बच्चे की मौत कारण बन गया। इसको रोका जाना

# 32 साल के इंस्पेक्टर की बस में सोते-सोते मौत

**प्रयागराज ।** 32 साल के इंस्पेक्टर की चलती बस में मौत हो गई। वह लखनऊ से प्रयागराज जा रहे थे। घटना का पता उस वक्त चला, जब बस प्रयागराज पहुंची। मगर वह बस से नहीं उतरे। कंडक्टर जगाने आया तो उनका शरीर बेजान था। कंडक्टर ने हिलाया तो वह गिर गए। तुरंत सीनियर अफसरों और पुलिस को सूचना दी। आनन-फानन में उनको SRN हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा की मौत की खबर सुनते ही पत्नी बेहोश हो गई। परिवार में 10 और 8 साल के दो बेटे हैं। वह मूलरूप से सहारनपुर के रहने वाले थे। 2013 बैच के अनुराग अभी लखनऊ कोर्ट की सुरक्षा में तैनात थे। वह प्रयागराज क्राइम ब्रांच के साथ-साथ करेली और खुल्दाबाद थानों के प्रभारी भी रहे थे। लोकसभा चुनाव से पहले उनका ट्रांसफर लखनऊ हुआ था। परिवार अभी प्रयागराज के खुल्दाबाद में रहता है।

रविवार को छुट्टी थी। इस वजह से प्रयागराज आ रहे थे। अनुराग शनिवार देर शाम लखनऊ से मिजार्पुर जाने वाली बस में बैठे थे। प्रयागराज का टिकट लिया। थोड़ी देर बाद सो गए। रात ढाई बजे बस प्रयागराज पहुंची। उन्हें जीरो रोड बस स्टैंड पर उतरना था, लेकिन नहीं उतरे। इसके बाद कंडक्टर उनके पास आया तो घटना का पता चला। पुलिस ने बताया कि चूंकि वह सादे कपड़ों में थे, इसलिए उनकी तुरंत पहचान नहीं हो पाई। जेब से मोबाइल और आईडी मिली। इसके बाद उनकी शिनाख्त हुई।

# भाजपा सरकार कर रही ऐतिहासिक विकास: पीएन पाठक



**कसया, कुशीनगर।** रविवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक की अगुवाई में दर्जनों गांवो में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाकर घर-घर संपर्क कर लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलायी। साखोपार मण्डल के गांव बाड़ी पुल साखोपार रमहवलिया भैसही सेमरा टेकुआटार मण्डल के गांव अहिरौली राजा गोबरही भठही राजा परशुरामपुर अहिरौली राय जाखनी खड्डा समेत दर्जनों गांवों में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रत्येक दिन दर्जनों गावो में जाकर भारी संख्या में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिला रहें है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ऐतिहासिक विकास कर रही है, भाजपा सरकार ने अपने सभी संकल्पो को पूरा किया है। जनता का अटूट विश्वास भाजपा के साथ हैं आगे कहा कि भाजपा ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। इसलिए जनमानस का अटूट विश्वास भाजपा के साथ है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष किनंनरेश चौबे, विनोद कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान अजय जायसवाल, दिनेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, अमित मालवीय, राज पाठक, अमित राव, अमित मदेशिया, चन्द्र बली गोंड, आदित्य तिवारी, शिवम मदेशिया, प्रमोद मदेशिया, राजेश जायसवाल, नितिश गोंड, आदित्य मिश्रा, सूरज वर्मा, ,शेखर सिंह, किरण सिंह, सुनिल राजभर, राजेश शर्मा, अशोक कुमार, रामगोविंद सिंह, सूयार्नाथ यादव, राकेश यादव, सर्वेश तिवारी, संजीव मौजूद रहे।

# लखनऊ में पत्नी ने पति को थाने में पीटा

## बहन और भाई से भी पिटवाई, बोली- मेरी जिंदगी बर्बाद कर दिया





**लखनऊ ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक महिला ने अपने पति को बुरी तरह से पीटा। उसने अपने भाई और बहन से भी पति की पिटाई कराई। थाना कैंपस में लोग वीडियो बनाते रहे। पुलिस ने पति और पत्नी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। सुशांत गोल्फ सिटी के सेलीब्रेटी गार्डन में सुनील कुमार वैश्य रहते हैं। सुनील की उनकी पत्नी रीना से दो साल से विवाद चल रहा है। रीना का मायका बलरामपुर जिले में है। उन्होंने अपने पति सुनील के खिलाफ बलरामपुर कोर्ट में प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसका केस चल रहा है। सुनील ने बताया कि बीते शुक्रवार (13 सितंबर) को बलरामपुर कोर्ट में मामले की तारीख लगी थी। शनिवार की सुबह रीना बलरामपुर से लखनऊ आ पहुंचीं। सेलीब्रेटी गार्डन में मेरे घर में जबरन घुसने लगीं। मैंने रीना को घर में घुसने से मना किया। इस बात को लेकर मेरे और रीना के बीच विवाद हुआ। कहासुनी के बाद दोनों थाने पर पहुंच गए। रीना की बहन और उसका भाई पहले से ही थाने पर मौजूद थे। पुलिस ने दोनों पक्ष से पूछताछ की। सुनील जैसे ही थाने से बाहर निकलने लगे। रीना उनसे लड़ाई करने लगी। उनका कॉलर पकड़ ली। पति को पीटने लगी। इतने में रीना की छोटी बहन और उसका भाई भी सुनील की पिटाई करने लगे। थाने पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव किया। लेकिन रीना और उसके भाई-बहन हंगामा करते रहे। सुनील को अनाब-शनाब बोलते रहे। पुलिस वाले रीना के पक्ष को गलत बताते रहे। उनका कहना था कि थाने के भीतर हमारी मौजूदगी में मारपीट नहीं होनी चाहिए था। सुनील की पत्नी रीना थाने में हंगामा करती रहती। पुलिस वालों से समझाने के बाद भी वो नहीं मानी। पति के खिलाफ गुस्सा जाहिर करती रही। वो बार-बार एक ही बात बोल रही थी। मैं इसे नहीं छोड़ूंगी। इसने मेरी जिंदगी खराब कर दी। थाना परिसर में मौजूद लोग घटना का वीडियो बनाते रहे। करीब 40 मिनट से ज्यादा समय तक थाने में हंगामा चलता रहा। पुलिस ने पति और पत्नी दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की।

## संक्षिप्त डायरी

### औद्योगिक भ्रमण पर निकले छात्र




**कुशीनगर।** भारत सरकार के राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद नई दिल्ली के सहयोग से दिव्य ज्योति शिक्षा समिति फाजिलनगर के तत्वावधान में देवरिया जनपद के सलेमपुर विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों के 120 छात्रों ने पांच दिवसीय ओद्योगिक भ्रमण किया। उक्त विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों के 12 वर्ष से 18 वर्ष तक के विज्ञान वर्ग के 120 छात्रों का दल 9 सितंबर से 13 सितंब तक लिए औद्योगिक भ्रमण पर कानपुर के लिए निकले। यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के तरफ रुझान पैदा करना है। इस दौरान छात्रों ने कानपुर के विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का भ्रमण कर निर्माण कार्य, पैकेजिंग, आदि को करीब से जाना। छात्रों ने बताया कि जो चीजें हम लोगों को किताबों में पढ़ने को मिलती थीं उसे करीब से देखकर बहुत जानकारियां मिली। यात्रा में समिति के मुख्य समन्वयक विवेक कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, रामप्रवेश, बिपिन, आलोक सहित संस्था के सदस्य तथा आदि छात्र शामिल रहे।

### रोटरी क्लब: हिंदी राष्ट्र की एकता और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा




**कसया, कुशीनगर।** हिंदी दिवस पर रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा कसया के कलश गेस्ट हाउस में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने आगामी क्लब कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। रोटरी क्लब कुशीनगर के सचिव अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव आदि ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार साझा किए और इसे राष्ट्र की एकता और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताया। शशि कुमार सिंह और वैभव कुमार राव को रोटरी पिन लगाकर औपचारिक रूप से क्लब की सदस्यता दी गई।संचालन दिनेश तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, अंकुर तुलस्यान, गोपीचंद कसौधन, सार्जेंट एट आर्म्स विजय कृष्ण द्विवेदी, महेंद्र तिवारी 'मोनू', विशाल शर्मा, अश्वनी जायसवाल, डॉ. जेके पटेल, राजीव तिवारी, विनोद वर्मा, अरुण कुमार मौर्य, अमरेंद्र नारायण सिंह, सरवरे आलम (छोटे), वरुण कुमार यादव, गोविंद सिंह, विजय सिंह, शशि कुमार सिंह, वैभव कुमार राव, आदिल खान ने भाग लिया।

### विनोद भारती को पीएचडी उपाधि मिलने पर जताई खुशी



**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती को पीएचडी उपाधि मिलने पर रविवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और अन्य पदाधिकारीयों द्वारा सम्मानित कर शुभकामनाएं दिया गया। ज्ञात हो कि रामकोला विधानसभा के तरकुलवा निवासी भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर के जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भारती ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से 13 सितंबर 2024 को पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।।उदित नारायण डिग्री कॉलेज पडरौना से स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से प्रो. अमित कुमार जी के निर्देशन में हिंदी विषय में ₹21वीं सदी के हिंदी उपन्यास : किसान जीवन का परिवर्तित यथार्थ₹ शोध शीर्षक से अपनी पीएचडी की की पढ़ाई पूरी की है। जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती को पीएचडी की उपाधि मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकताओं में समाज सेवा के साथ साथ उसके व्यक्तित्व विकास के लिए निरंतर प्रयास करती रहती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक जटाशंकर मणि त्रिपाठी, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, भीखम प्रसाद,प्रवीण मिश्र गुंजन,गौरव तिवारी, नवनीत तिवारी, देवेश मिश्र,धीरज पाठक, अरुण राय, प्रमोद राय, विनोद गुप्ता ने भी विनोद भारती को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी।

### लखीमपुर के थाने में नाबालिग को थर्ड डिग्री, मौत



**लखीमपुर खीरी ।** पुलिस कस्टडी में पिटाई से नाबालिग की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस उसे चोरी के शक में घर से उठा ले गई। 4 दिन हिरासत में रख कर बुरी तरह से पीटा। बिजली के झटके दिए। 50 हजार रुपए लेकर छोड़ा। गंभीर घायल नाबालिग युवक का 6 दिन तक इलाज चला। शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने फरधान थाने के सामने शव रखकर पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। करीब 8 घंटे तक हाईवे जाम रहा। परिजनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। सपा के पूर्व विधायक रामसरन भी भारी संख्या में समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी पवन गौतम और सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी 4 थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझाने की कोशिश की। लेकिन परिजन दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा किया तो पुलिस ने उन पर हल्के बल का प्रयोग किया। वहीं, रात करीब 12 बजे एसपी मौके पर पहुंचे। दोषियों पर कार्रवाई की बात कहीं तब परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए माने। रविवार सुबह मृतक का पोस्टमॉर्टम हो गया है।



# मानसून में घर की दीवारों में आ जाती है नमी, तो आज से ही करें ये काम

**मानसून आते ही मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है, जिसके कारण घर की दीवारों का पेंट फूलने लगता है। इससे न सिर्फ दीवारें खराब होती है बल्कि इससे सटाकर रखी गई सामान भी बेकार हो जाती है।**

मानसून का मौसम जल्द ही दस्तक देने वाला है। ऐसे में मौसम तो काफी सुहाना रहता है लेकिन इस दौरान अक्सर घरों में सीलन आने लगती है। दीवार पर मौजूद नमी धीरे-धीरे इससे सटे हुए सामान जैसे अलमारी, बेड आदि को खराब कर देता है। दरअसल, बारिश के मौसम में नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। ऐसे में घर की दीवारों को खास देखभाल करने की जरूरत होती है। ह्यूमिडिटी बढ़ने के कारण वॉल पर फफूंद के निशान और अजीब से दुर्गंध आने लगती है। अगर आप इस मानसून घर की दीवारों को खराब होने से बचाना चाहती है तो आज ही कर लें ये काम।

### वाटरप्रूफ पेंट का करें इस्तेमाल

घर को सुंदर दिखाने में पेंट का अहम रोल होता है। ऐसे में पेंट करवाते समय वाटरप्रूफ कलर का इस्तेमाल करें। इस तरह से आप एक साथ दो काम कर सकते हैं पहला घर लंबे समय तक सुंदर और दूसरा बरसात से घर को सुरक्षित।

### प्लम्बर से नल को कराएं चेक

घर में लगे पानी के टैप को समय-समय पर चेक करें। बारिश का पानी के बजाय कई बार पाइप कनेक्शन से रिसने वाले पानी के कारण दीवार में नमी आती है। ऐसे में दीवार में आने वाली नमी के कारण पेंट फूल कर गिरने लगता है, जिससे गंदगी और स्मेल दोनों बढ़ जाती है।

### वेंटिलेशन का रखें ध्यान

बारिश होने के बाद घर की खिड़कियों को जरूर खोल दें। हल्की धूप निकलने पर घर के कपड़े से लेकर मैट परदे आदि को धूप दिखाएं। वेंटिलेशन का खास ख्याल रखें ऐसा करने से आप दीवारों को नमी से कुछ हद तक बचा सकते हैं।

### पानी को निकलने वाली जगह को रखें क्लीन

घर में जहां पर पानी निकलने का सोर्स है उस जगह को हमेशा साफ रखें। कई बार नाली में जमी गंदगी व कचरे के कारण बारिश का पानी आसानी से बाहर नहीं निकल पाता। पानी एकत्र होने के कारण दीवार की मदद से वह ऊपर चढ़ने लगता है।




# मानसून के मौसम में इन हैक्स की मदद से करें सफाई

## क्लीन और स्मेल फ्री रहेगा घर

मानसून और बारिश में घर को साफ-सुथरा रखना किसी चैलेंज से कम नहीं होता। बारिश के कारण घर में 24 घंटे नमी बनी रहती है जिसकी वजह से लकड़ी के फर्नीचर और कपड़ों में स्मेल और दीमक लगने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं बाहर से आने पर घर में पानी के साथ-साथ कीचड़-मिट्टी हो जाता है। हालांकि सही क्लीनिंग हैक्स की मदद से इससे निजात पा सकती हैं। इन हैक्स को अपनाकर आप कम मेहनत में अपने घर को क्लीन और स्मेल फ्री रख सकती हैं।

### बारिश में घर को साफ करने के लिए अपनाएं ये हैक्स

आमतौर पर बारिश के मौसम में सफाई का काम कई गुना बढ़ जाता है। इस समय कम धूप और ज्यादातर बारिश होती रहती है जिसके कारण से सीलन और चिपचिपाहट बनी रहती है। बेशक ही तेज हवा और बारिश गर्मी से आराम दिलाता है लेकिन काम बढ़ा देता है। इस दौरान न सिर्फ कीचड़ घर के अंदर आता है बल्कि कीड़े-मकोड़े भी बढ़ जाते हैं।

### पानी सोखने वाले डोरमैट का करें इस्तेमाल

डोरमैट का इस्तेमाल हम सभी पैरों और जूतों पर लगी मिट्टी को साफ करने के लिए करते हैं। इस मौसम में घर के दरवाजे पर ऐसा डोरमैट बिछाए जो पानी और गंदगी को आसानी से सोख लें। आज के समय लोग बाजार में मिलने वाले फैशनेबल मैट का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें पानी और गंदगी को साफ करना आसान तो होता है लेकिन इन्हें साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। बारिश में हल्का और नमी सोखने वाला डोरमैट इस्तेमाल करें। आप चाहें तो इसे घर पर पुराने कपड़े की मदद से बना सकती हैं। पायदान को दूसरे व तीसरे दिन में धोकर सुखा दें।

### घर के अंदर आने वाले पानी को रोके

बारिश में घरों में सीलन आने की समस्या काफी आम बात है। लेकिन इससे होने वाली दिक्कत हर किसी को परेशान करती है। ऐसे में बारिश शुरू होने से पहले सीलन की समस्या का उपाय खोज लें। इसके लिए घर में बनी नालियों को साफ करें। दीवारों पर वाटरप्रूफ पेंट करें। दरार वाली जगहों को चेक कर सही कराएं।

### अलमारी को बारिश से पहले करें साफ

वैसे तो हर मौसम में अपनी अलमारी को साफ करना जरूरी है। लेकिन अगर आपने अलमारी को दीवार से चिपकाकर रखा है तो उसकी नमी कपड़ों तक पहुंच जाती है। ऐसे में बारिश शुरू होने से पहले अलमारी को दीवार से हटाएं। इसके बाद अलमारी के अंदर बनी रैक पर पेपर बिछाकर कपड़ों को सही से व्यवस्थित करें। नमी आने के कारण अक्सर कपड़े बदबू करने लगते हैं। ऐसे में आप कपूर, दालचीनी और नीम की पत्तियों को बांधकर इसके बीच में रखें। ये सामग्री नमी को सोखने का काम कर उन्हें सुरक्षित रखता है।



# बरसाती कीड़ों से पाना है छुटकारा तो ऐसे करें घर की सफाई

बारिश के मौसम में बरसाती कीड़े के साथ ही घर में चीटी और काकरोच जैसी चीजें भी आने लगती है। ऐसे में अगर घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। बारिश के मौसम में घर की सफाई करने के लिए आपको कुछ आसान हैक्स की मदद लेनी चाहिए।

### दरार और छेद को बंद करें

घर की दीवारों, दरवाजों और खिड़कियों में मौजूद दरारों और छेदों को सीलेंट या प्लास्टर से बंद करें ताकि कीड़े घर के अंदर न आ सकें। ध्यान रखें कि मानसून के दिनों में घर की सफाई सही तरीके से करना चाहिए।

### कूड़ेदान को साफ रखें

कूड़ेदान को रोजाना साफ करना चाहिए। अगर आप डेली कूड़ेदान को साफ नहीं करती हैं तो उसमें कीड़े लगने लगते है। कचरे को समय-समय पर बाहर निकालें। साथ ही आपको कूड़ेदान को भी धोते रहना चाहिए।

### घर में जाली लगाएं

खिड़कियों और दरवाजों पर मानसून के महीने में जाली लगाएं ताकि कीड़े अंदर न आ सकें। साथ ही आपको रोजाना अपने घर को शाम के समय पोछा लगाना होगा।

### गंदे बर्तन न छोड़ें

खाना खाने के बाद बर्तनों को तुरंत साफ करें। गंदे बर्तन लंबे समय तक छोड़ने के कारण बर्तन में कीड़े लगने लगते हैं। ऐसे में आपको ध्यान रखना है कि रात के समय भूलकर भी बर्तन को बेसिन में ना छोड़े।



# बरसात में आपका घर न लगे अस्त-व्यस्त, इसलिए उसे इस तरह से करें व्यवस्थित

**मानसून अपने साथ राहत लेकर आता है, यह तो हमको मालूम ही है। मगर आपने ध्यान दिया होगा कि अक्सर बारिश होने की वजह से चीजें अस्त-व्यस्त रहती हैं। घरों में सीलन आदि होने लगती है और इसी के कारण बदबू भी होने लगती है।**

जरूरी है कि मानसून में आप अपने साथ-साथ घर का भी पूरा ख्याल रखें। अपने घर को मेंटेन रखने के लिए आप क्या-क्या तरीके अपना सकती हैं, इसके बारे में आपने सोचा है? अगर नहीं, तो हम ऐसे ही कुछ खास तरीके आपको बताने वाले हैं, जिसके साथ आप अपने घर को व्यवस्थित कर सकती हैं और मानसून की टेंशन से दूर हो सकती हैं।

### खुशबू का रखें ख्याल

मानसून के कारण घरों में से एक अजीब से महक आना शुरू हो जाती है। वह दीवारों के गीले होने के कारण होती है। ऐसे में कभी आपके घर कोई मेहमान आ जाए तो आपको कितनी फजीहत होगी। ऐसा न हो इसके लिए हमेशा नियमित रूप से घर की साफ-सफाई करें। इसके अलावा अपने लिविंग रूम में एक पोटपोरी रखें, जिसमें एसेंशियल ऑयल डाला जाता है। इससे आपके कमरे खुशबू से महकते रहेंगे और गंदी बदबू से आपको छुटकारा मिलेगा।

### इंडोर प्लांट्स लगाएं

अब इंडोर प्लांट्स तो आपके घर में होंगे ही, लेकिन ऐसे मौसम में उन पौधों को घर पर रखें, जो घर से ह्यूमिडिटी हटा सकें। साथ ही ऐसे पौधे भी लाएं, जो कम सनलाइट में भी बढ़ सकें। अगर किसी विशेष एरिया पर ज्यादा पौधे हैं, तो उन्हें हटाकर बालकनी की तरफ ले जाएं। मानसून में पौधों पर जल्दी कीड़े लगते हैं, इसका भी ध्यान रखें और उनकी देखभाल अच्छे से करें।

### कारपेट्स को करें क्लीन

मानसून में सबसे ज्यादा गंदगी आपके कालीन पर होती है। वे जल्दी नम हो जाते हैं और उनमें धूल-मिट्टी भी चिपक जाती है। इस कारण कमरे में से गंदी बदबू आने लगती है। इसे हटाने के लिए कार्पेट को रोजाना वैक्यूम क्लीनर से क्लीन करें। हफ्ते में दो बार कार्पेट की डीप क्लीनिंग करें। वहीं, ऐसा बार-बार करना न चाहते हों, तो इस मौसम में कारपेट बिछाने से बचें। यह आप आपका वक्त भी बचाएगा और घर में गंदगी भी नहीं होगी।

### लकड़ी के फर्नीचर का रखें खास ख्याल

हम सब जानते हैं कि मानसून में लकड़ी के फर्नीचर कितनी जल्दी खराब होते हैं। नमी के कारण लकड़ी फूल जाती है और दीमक की समस्या भी उत्पन्न होती है। इससे अपने फर्नीचर को बचाने के लिए नियमित रूप से वैक्सिंग का सहारा लें। अगर आपके दरवाजे, खिड़कियां फूली हुई लगें, तो सैंडपेपर की मदद से उन्हें साफ करें। ऐसे मौसम में किसी तरह का रेनोवेशन करवाने से भी बचना चाहिए। यह चीजों को और अस्त-व्यस्त कर सकता है।

### किताबों की जगह बदलें

अगर आपके घर में सामान से ज्यादा किताबें रहती हैं, तो इस मौसम में उनका भी ख्याल रखें। अपने बुक शेल्फ को ऐसी जगहों से दूर कर दें, जहां नमी जल्दी पकड़ी हो। साथी ही उनके बीच कपूर की गोलियां डालना न भूलें। आप किताबों की आलमारी में सिलिका जेल के पाउच भी रख सकते हैं। इससे मॉइश्चर में कमी आती है और यह आसानी से बाजारों में उपलब्ध भी हो जाते हैं। इतना ही नहीं, घर की वायरिंग का भी खास ख्याल देना जरूरी है। मानसून में फलकचुएशन बहुत होती है। शॉर्ट सर्किट न हो इसके लिए अपनी वायरिंग की जांच भी करवाएं।



# लुक चेंज करने के लिए पहनें माहेश्वरी साड़ी

**साड़ी स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन यह तभी अच्छी लगती हैं, जब आप सही कलर और डिजाइन को इवेंट के हिसाब से वियर करते हैं।**

साड़ी स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए जब भी साड़ी किसी खास दिन पर पहनने की बात आती है तो हम अलग-अलग डिजाइन ऑप्शन को सर्च करते हैं, ताकि सबसे अलग नजर आ सके। वहीं कई सारे लोग ऐसे होते हैं, जो इवेंट के हिसाब से साड़ी खरीदते हैं। वहीं कुछ फैब्रिक देखकर उन्हें खरीदना और पहनना पसंद करते हैं। अगर आपको भी कुछ नए फैब्रिक को ट्राई करना है तो आप इसके लिए मध्य प्रदेश की फेमस माहेश्वरी साड़ी को वियर कर सकती हैं। यह सिल्क फैब्रिक से तैयार की जाती है। साथ ही, पहनने में कंफर्टेबल होती है।

### माहेश्वरी गोल्डन जरी वर्क साड़ी

साड़ी डिजाइन में आप गोल्डन वर्क वाली जरी वाले पैटर्न को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी सॉफ्ट कपड़े से बनाई जाती है। इसलिए, इसे पहनना आसान होता है। वहीं इसमें जो वर्क किया जाता है वो बॉर्डर और पल्लू पर किया जाता है। इससे साड़ी और अच्छी लगती है। इसे हैवी टत देने के लिए छोटी-छोटी बूटी के डिजाइन को पूरी साड़ी में डिजाइन किया जाता है। साड़ी सिंपल भी लगती है। लेकिन जब एक्सेसरीज के साथ वियर की जाती है तो हैवी लुक देती है। आप इसे किसी भी इवेंट पर वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएगी।

### बाटिक प्रिंट साड़ी डिजाइन

साड़ी स्टाइल करना पसंद है, तो आप बाटिक प्रिंट साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी दिखने में सुंदर लगती है। साथ ही, कॉटन साड़ी जैसा लुक देती है। आप इस तरह की साड़ी को ऑफिस या डे पार्टी में अच्छी एक्सेसरीज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही, आप सबसे अलग नजर आएंगी। इसमें आपको प्रिंट और डिजाइन अलग-अलग मिल जाएंगे, जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

### कॉटन सिल्क माहेश्वरी साड़ी

आप फोटो में नजर आने वाली कॉटन माहेश्वरी सिल्क साड़ी को भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी डिजाइन डिफरेंट होते हैं। साथ ही, स्टाइल करने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको डबल कलर के साथ बॉर्डर मिलेगा। साथ में गोल्डन जरी वर्क डिजाइन का पैटर्न मिलेगा। इससे साड़ी क्लासी नजर आएगी। आप इस साड़ी को किसी भी फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक अलग और सुंदर लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएगी। मार्केट जाकर इस बार सिल्क या कॉटन नहीं बल्कि माहेश्वरी साड़ी को वियर करें। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने को मिलेगा।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों का मार्केट कैप दो लाख करोड़ बढ़ा

**- सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही**

**मुंबई ।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे कीमती कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 2,01,552.69 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 54,282.62 करोड़ रुपये बढ़कर 9,30,490.20 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल ही रही। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,662.44 करोड़ रुपये बढ़कर 8,80,867.09 करोड़ रुपये हो गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 23,427.12 करोड़ रुपये बढ़कर 16,36,189.63 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 22,438.6 करोड़ रुपये बढ़कर 6,89,358.33 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 22,093.99 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 12,70,035.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,480.49 करोड़ रुपये बढ़कर 8,07,299.55 करोड़ रुपये पर और आईटीसी की 15,194.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,42,531.82 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 9,878.19 करोड़ रुपये बढ़कर 19,92,160.61 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 7,095.07 करोड़ रुपये बढ़कर 7,05,535.20 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के विपरीत भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 3,004.38 करोड़ रुपये घटकर 6,54,004.76 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही।

# अदाणी ग्रुप ने 6,600 मेगावाट बिजली आपूर्ति की बोली जीती, जेएसडब्ल्यू को पछाड़ा

**कंपनी ने इसके लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई**

**नई दिल्ली ।** अदाणी समूह ने महाराष्ट्र को दीर्घावधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की बोली जीत ली है। इससे राज्य को भविष्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने इसके लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई और जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टॉरेंट पावर को पीछे छोड़ दिया। सूत्रों ने बताया कि 25 साल के लिए नवीकरणीय और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति के लिए अदाणी समूह की बोली महाराष्ट्र द्वारा फिलहाल खरीदी जा रही बिजली की दर से एक रुपये यूनिट कम है। आशय पत्र (एलओआई) जारी होने की तारीख से 48 माह में बिजली की आपूर्ति शुरू होनी है। बोली शर्तों के अनुसार अदाणी पावर पूरी आपूर्ति अवधि के दौरान सौर बिजली की आपूर्ति 2.70 रुपये प्रति यूनिट की दर पर करेगी। वहीं कोयले से उत्पादित बिजली का दाम कोयला कीमतों के आधार पर निर्धारित (इंडेक्स्ड) किया जाएगा। महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) ने मार्च में सूरज की रोशनी से उत्पन्न 5,000 मेगावाट बिजली और कोयले से उत्पन्न 1,600 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए एक विशिष्ट निविदा निकाली थी। इसे लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले जारी किया गया था और राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले इसे अदाणी को दे दिया गया है। इस निविदा में व्यस्त समय में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक अदाणी पावर ने अनुबंध जीतने के लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई। वहीं दूसरी सबसे कम बोली 4.36 रुपये प्रति यूनिट जेएसडब्ल्यू एनर्जी की थी। यह महाराष्ट्र में पिछले साल खरीदी गई औसत बिजली कीमत 4.70 रुपये प्रति यूनिट से कम है। महाराष्ट्र बिजली नियामक आयोग (एमईआरसी) ने 2024-25 के लिए बिजली खरीद की औसत कीमत 4.97 रुपये प्रति यूनिट तय की है। इस तरह अदाणी द्वारा लगाई गई बोली इससे एक रुपये प्रति यूनिट के करीब कम है। कुल मिलाकर चार कंपनियों ने 25 साल के लिए बिजली आपूर्ति की निविदा में भाग लिया।

# इस सप्ताह 24 भारतीय स्टार्टअप्स ने 229 मिलियन डॉलर फंडिंग जुटाई

**- 182.65 मिलियन डॉलर के छह विकास-चरण सौदे शामिल थे**

**नई दिल्ली ।** इस सप्ताह लगभग 24 घरेलू स्टार्टअप ने 229 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग प्राप्त की, जिसमें 182.65 मिलियन डॉलर के छह विकास-चरण सौदे शामिल थे। इस सप्ताह में 46.14 मिलियन मूल्य के 13 प्रारंभिक चरण के सौदे हुए। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार कुल मिलाकर बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप आठ सौदों के साथ आगे रहे, इसके बाद दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता रहे। फंडिंग की गति का नेतृत्व मोबाइल विज्ञापन नेटवर्क सॉफ्टवेयर इनमोबी ने किया, जिसने डेट फंडिंग राउंड में 100 मिलियन डॉलर जुटाए, इसके बाद एमएसएमई-केंद्रित फिनटेक ऋणदाता फ्लेक्सीलोन्स ने 35 मिलियन डॉलर हासिल किए। जहां कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा मंच ऑनसुरिटी ने 21 मिलियन डॉलर हासिल किए, वहीं आध्यात्मिक टेक स्टार्टअप एप्सफार भारत ने 18 मिलियन डॉलर जुटाए। अन्य फंडिंग के अलावा, उपभोक्ता ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म मनीव्यू को इस सप्ताह 4.65 मिलियन और एचआरटेक प्लेटफॉर्म एचआरवन को 4 मिलियन प्राप्त हुए। पिछले आठ सप्ताहों में प्रति सप्ताह 26




सौदों के साथ औसत फंडिंग 331 मिलियन से अधिक रही। ई-कॉमर्स स्टार्टअप्स ने 5 सौदों के साथ फंडिंग का नेतृत्व किया, इसके बाद फिनटेक, हेल्थटेक और क्लीनटेक स्टार्टअप्स रहे। विलय और अधिग्रहण के बीच नाज़ारा टेक्नोलॉजीज ने पोकरबाज़ी की मूल कंपनी मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 982 करोड़ रुपए में नियंत्रण हिस्सेदारी ले ली। गेमिंग और स्पोर्ट्स मीडिया कंपनी ने द्वितीयक लेनदेन के माध्यम से 832 करोड़ रुपए में मूनशाइन में 47.7 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया और अनिवार्य परिवर्तनीय वरीयता शेयरों के माध्यम से प्राथमिक पूंजी में 150 करोड़ रुपए लगाने की घोषणा की। ई-कॉमर्स सक्षम कंपनी गो विक ने एक वैश्विक रिटर्न प्रबंधन ऐप, रिटर्न प्राइम का अधिग्रहण किया।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स जल्द बड़ा आईपीओ लांच करेगी

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरिया की एमएनसी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में अपने उत्पादों की लोकप्रियता को भुनाने के लिए एक बड़ा आईपीओ लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। कंपनी 1 से 1.5 अरब डॉलर का आईपीओ लेकर आ रही है, जिसके लिए उसने बैंक ऑफ अमेरिका, सिटीग्रुप इंक, जेपी मॉर्गन चेस और मॉर्गन स्टेनली जैसे बड़े बैंकों का चयन किया है। इस आईपीओ के जरिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की वैल्यूएशन लगभग 13 अरब डॉलर तक हो सकती है। भारत एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और कंपनी यहां अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आईपीओ 2024 की शुरुआत में लॉन्च हो सकता है, हालांकि इसकी तारीख और साइज में बदलाव संभव है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने आईपीओ से संबंधित दस्तावेज अगले महीने स्टॉक मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कर सकती है। इसके अलावा कंपनी अन्य बैंकों, जिनमें कुछ भारतीय बैंक भी शामिल हो सकते हैं, को इस




आईपीओ में जोड़ने की योजना बना रही है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2030 तक अपना रेवेन्यू 75 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें यह आईपीओ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत का बाजार विदेशी निवेशकों के लिए तेजी से आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है और हाल ही में हुंडई मोटर कंपनी ने भी अपने आईपीओ की योजना का खुलासा किया था।

# राजस्थान बन रहा निवेशकों की पहली पसंदः मुख्यमंत्री भजनलाल

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट के लिए समस्त अधिकारीगण टीम भावना के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल इन्वेस्टर्स मीट के आयोजन से राजस्थान निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। शर्मा हाल ही में मुख्यमंत्री आवास पर राइजिंग राजस्थान समिट की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को निर्देश दिए कि इस समिट के सफल आयोजन के लिए तय समय में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

उन्होंने दिल्ली में आयोजित होने वाले आगामी डोमेस्टिक इन्वेस्टर्स मीट के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के लिए दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए विभागीय स्तर पर प्री-समिट का आयोजन कार्ययोजना के साथ किया जाए। उन्होंने पर्यटन नगरीय विकास एवं आवासन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, उद्योग एवं वाणिज्य व रीको, कृषि एवं पशुपालन, शिक्षा, खान एवं पेट्रोलियम, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों को प्री-समिट के जरिये संबंधित क्षेत्र के निवेशकों के साथ बैठक आयोजित कर निवेश आकर्षित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान की सफलता में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले इन्वेस्टर्स मीट की अहम भूमिका होगी।

इसके लिए जिला कलक्टर्स एवं संबंधित विभाग स्थानीय स्तर पर निवेश के इच्छुक उद्यमियों से संवाद स्थापित कर बैठक आयोजित करें, जिससे निवेश धरातल पर मूर्त रूप ले सके और रोजगार के नवीन अवसर सृजित हो सकें।

मुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न देशों एवं देश के विभिन्न राज्यों में जाकर निवेशकों के साथ बैठक करने वाले अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य अजिताभ शर्मा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

# जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्री समूह के संयोजक होंगे वित्त राज्यमंत्री

**नई दिल्ली ।** वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर काम कर रहे मंत्री समूह (जीओएम) के संयोजक हो सकते हैं। इसमें राज्यों के सदस्य भी शामिल होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि संदर्भ की शर्तें (टीओआर) और जीओएम के सदस्यों को अंतिम रूप देने का काम जारी है। जीओएम को यह सुझाव देना होगा कि अहितकर और विलासिता की वस्तुओं पर एकत्रित उपकर को केंद्र और राज्यों के बीच कैसे बांटा जाएगा। साथ ही जीओएम इस बदलाव को लागू करने के लिए आवश्यक कानूनी संशोधनों पर सुझाव देगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह के सदस्यों पर निर्णय की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन चूंकि मुद्दा उपकर के संबंध में है, जो केंद्र द्वारा एकत्र किया जाता है, और इसका बंटवारा होगा, ऐसे में जीओएम में केंद्र से भी एक सदस्य होगा। आमतौर पर जीओएम के सबसे वरिष्ठ सदस्य को इसका संयोजक बनाया जाता है। इसलिए, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री के जीएसटी मुआवजा उपकर पर जीओएम के संयोजक होने की संभावना है।

# नायरा एनर्जी की ईंधन बिक्री 14 फीसदी बढ़ी, निर्यात घटा

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी की ईंधन बिक्री 2024 के वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 14.3 प्रतिशत बढ़ी है। हालांकि, इस दौरान कंपनी के निर्यात में गिरावट देखी गई है। नायरा ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसने गुजरात में अपनी वाडिनार तेल रिफाइनरी में उत्पादित समस्त डीजल का 75 प्रतिशत स्थानीय बाजार में बेचा। वहीं 60 प्रतिशत पेट्रोल की बिक्री भारतीय बाजार में हुई। पिछले कुछ वर्षों में नायरा एनर्जी ने अपने ईंधन खुदरा नेटवर्क को रणनीतिक रूप से कम पहुंच वाले बाजारों तक विस्तारित करते हुए अपने घरेलू कारोबार को तेजी से आगे बढ़ाया है। नायरा ने कहा कि अप्रैल-जून में उसकी खुदरा डीजल बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 20.8 लाख टन हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में यह 18.2 लाख टन थी। इस दौरान कंपनी के संस्थागत कारोबार की वृद्धि 23 प्रतिशत रही। इसी तरह दूसरी तिमाही में कंपनी की पेट्रोल की खुदरा बिक्री 14.7 प्रतिशत बढ़कर 9.16 लाख रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 8.09 लाख टन थी। नायरा एनर्जी पूरे भारत में 6,500 से अधिक पेट्रोल पंप के साथ सबसे बड़े निजी खुदरा नेटवर्क का परिचालन करती है। घरेलू बाजार में मजबूत मांग के बीच अप्रैल-जून में नायरा का पेट्रोल निर्यात कुल पेट्रोल बिक्री में 21 प्रतिशत रह गया। एक साल पहले समान तिमाही में यह 36 प्रतिशत था। नायरा ने अप्रैल-जून में 13.6 लाख टन ईंधन का निर्यात किया। इसमें 6.5 लाख टन हिस्सा डीजल का रहा।

# वेनम एफ5-एम रोडस्टर है अमेरिकी कंपनी की शानदार कार

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी कार निर्माता कंपनी हेनेसी स्पेशल व्हीकल्स की नवीनतम पेशकश, वेनम एफ5-एम रोडस्टर है जो कि सड़क पर फाइटर जेट जैसी खूबसूरती और अविश्वसनीय ताकत लेकर आई है। हेनेसी का दावा है कि वेनम एफ5-एम रोडस्टर अब तक की सबसे ताकतवर मैन्युअल ट्रांसमिशन कार है।यह कार केवल 12 यूनिट्स की लिमिटेड एडिशन में बनाई जा रही है, और इसकी कीमत लगभग 25 करोड़ रुपये है। इसका डिजाइन पूरी तरह से कार्बन फाइबर से तैयार किया गया है, जो इसे हल्का और मजबूत बनाता है। कार की छत एक फाइटर जेट की तरह ऊपर की ओर खुलती है, और इसमें केवल एक व्यक्ति के बैठने की जगह है, जो इसकी एकल सवारी के अनुभव को विशेष बनाता है। इसकी ताकत की बात करें तो वेनम एफ5-एम रोडस्टर में 6 ट्रांसमिशन फ्यूरी वी8 इंजन है, जो 1,817 बीएचपी की शक्ति उत्पन्न करता है। इसके मुकाबले, एक डबल डेकर ट्रक का इंजन आमतौर पर 600 बीएचपी की शक्ति जनरेट करता है, जिससे यह कार ट्रक से तीन गुना ज्यादा ताकतवर साबित होती है। इसके अलावा, यह कार महज कुछ सेकंड में 357 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पकड़ सकती है, जो इसे सुपर-फास्ट बनाती है। कार के कॉकपिट को एल्यूमिनियम और कार्बन फाइबर से बनाया गया है, जिससे यह मजबूत होने के साथ-साथ हल्का भी है। गियर नॉब पर इस्तेमाल किए गए मैटेरियल की टच फिल को लेकर ड्राइवर को एक शानदार अनुभव मिलता है। हेनेसी ने पहले ही वेनम एफ5 कूप की 24 यूनिट्स बाजार में उतारी हैं, और अब वेनम एफ5-एम रोडस्टर की सभी 12 यूनिट्स बिक चुकी हैं। हेनेसी के फाउंडर और सीईओ जॉन हेनेसी ने कहा, हम दुनिया की सबसे ताकतवर मैन्युअल कार पेश करके बेहद उत्साहित हैं। हमारी योजना इसकी 30 यूनिट्स बनाने की है, और हर कार की रंग योजना विशेष रूप से हर मालिक के लिए अलग होगी।

# फेड के ब्याज दर पर फैसले, वृहद आर्थिक आंकड़ तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**- विदेशी निवेशकों का प्रवाह और कच्चे तेल के भाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे**

**मुंबई ।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से तय होगी। इसके अलावा वैश्विक मोर्चे पर कई वृहद आर्थिक आंकड़े और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को दिशा देंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह काफी उल्लेखनीय रहा। गुरुवार को निफ्टी और सेंसेक्स दोनों अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। उसी दिन बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने पहली बार 83,000 अंक के स्तर को पार किया। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह साल का सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम होने जा रहा है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक 18 सितंबर को होगी। यह लगभग तय है कि इससे ब्याज दर में कटौती चक्र की शुरुआत होगी। अमेरिका में आम सहमति ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती को लेकर है। हालांकि कुछ बाजार भागीदार ब्याज दर में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का कदम वैश्विक बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक संकेतक होगा, खासकर भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए। इससे डॉलर




कमजोर होगा और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में कमी आएगी, जिससे भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जापान के मुद्रास्फीति आंकड़े शुक्रवार को आने हैं, जिसके बाद बैंक ऑफ जापान (बीओजे) की मौद्रिक नीति की घोषणा होगी।उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल के दाम भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों जैसे भारत की थोक मुद्रास्फीति, अमेरिका के औद्योगिक उत्पादन, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय तथा अमेरिका के बेरोजगारी दावों के आंकड़ों से तय होगा। एक अन्य बाजार विश्लेषक ने कहा कि आगे की ओर देखें, तो यह सप्ताह काफी महत्वपूर्ण है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा 18 सितंबर को होगी। घरेलू स्तर पर बाजार भागीदारों की निगाह थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी कोषों के प्रवाह पर रहेगी। 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में एक जो प्रमुख बात रही, वह यह कि एफआईआई ने सप्ताह के सभी दिन लिवाली की। उन्होंने कहा कि दो कारण हैं कि एफआईआई ने अपनी रणनीति को बदल दिया है। अब इस बात पर आम सहमति है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक इस महीने से दरों में कटौती शुरू कर देगा, जिससे अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल घट जाएगा। इससे उभरते बाजारों में निवेश बढ़ेगा। दूसरा, भारतीय बाजार काफी जुझारू है और यदि एफआईआई यहां निवेश नहीं करते हैं, तो यह एक खराब रणनीति होगी।

# बच्चों के लिए चलता है संचायिका नाम से एक बैंक

**- पोस्ट ऑफिस में जमा होती हैं बचत**

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय बचत संस्थान (एनएसआई) की ओर से हर साल 15 सितंबर को संचायिका दिवस के रूप में बनाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों को बैंकिंग और अकाउंटिंग सिस्टम की जानकारी देने के साथ उनमें सेविंग की आदत को बढ़ावा देना है, जिससे वे अपने भविष्य में सेविंग कर अच्छे नागरिक बन देश के विकास में योगदान दे सके। संचायिका एक धन प्रणाली है। कह सकते हैं कि इसके जरिए बच्चों को बचत का ककहरा सिखाया जाता है। बचत का महत्व समझ पाते हैं। इस योजना के तहत बच्चे खाते में पैसे जमा कर सकते हैं और उस पर ब्याज प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना का विचार पहली बार 1960 के दशक में आया था। संचायिका नाम से एक बैंक भी है जो कि छात्रों द्वारा छात्रों के लिए चलाया जाता है। राष्ट्रीय बचत संस्थान की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक संचायिका बैंक में छात्रों द्वारा एकत्रित की जाने वाली राशि पोस्ट ऑफिस सेविंग्स अकाउंट मे जमा किया जाता है। इस खाते को बोर्ड ऑफ ट्रस्टी द्वारा चलाया जाता है, जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल या हेड मास्टर और स्कूल या कॉलेज के दो छात्र होते हैं। इस खाते के लिए छात्रों से संग्रह किसी एक निश्चित दिन किया जाता है और इसकी एंट्री भी पासबुक में की जाती है और फिर पासबुक को छात्रों को लौटा दिया जाता है। इस खाते में जमा राशि पर बच्चों को ब्याज भी दिया जाता है। संचायिका दिवस को केंद्र सरकार के ज्यादातर स्कूल और कॉलेजों में मनाया जाता है। इस दिन को छात्रों में बचत की आदत शुरू करने के दिन के रूप में देखा जाता है। इससे छात्र कम उम्र में ही पैसे बचाने के महत्व को समझ जाते हैं।

# बीते सप्ताह ज्यादातर तेल-तिलहन में सुधार, मूंगफली में गिरावट

**- खाद्य तेलों के आयात शुल्क में वृद्धि का विशेष असर देशी तेल-तिलहनों पर नहीं दिखा**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार द्वारा बीते सप्ताह खाने के तेलों का आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में अधिकांश तेल-तिलहनों के भाव सुधार के साथ बंद हुए। वहीं दाम ऊंचा रहने के कारण कम कारोबार तथा नई फसल की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई। खाद्य तेलों के आयात शुल्क में वृद्धि किये जाने का कोई विशेष असर देशी तेल-तिलहनों पर नहीं दिखा। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 300 रुपये बढ़कर 6,600-6,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 1,225 रुपये बढ़कर 13,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 125-125 रुपये की मजबूती के साथ क्रमशः 2,135-2,235 रुपये और 2,135-2,250 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 180-135 रुपये की मजबूती के साथ क्रमशः 4,900-4,950 रुपये प्रति क्विंटल और 4,675-4,810 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 1,235 रुपये, 1,525 रुपये बढ़कर क्रमशः11,850 रुपये, 11,750 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। दूसरी ओर सोयाबीन डीगम तेल का भाव 250 रुपये की गिरावट दर्शाता 8,600 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी गिरावट का रुख रहा। मूंगफली तिलहन 225 रुपये की गिरावट के साथ 6,475-6,750 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 475 रुपये की गिरावट के साथ 11,750 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 2,310-2,610 रुपये प्रति टिन पर बंद



हुआ। वहीं आयात शुल्क वृद्धि के कारण कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 1,675 रुपये की तेजी के साथ 11,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 1,500 रुपये के सुधार के साथ 12,150 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 1,350 रुपये के सुधार के साथ 11,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।नाममात्र स्टॉक के बीच मांग निकलने से बिनौला तेल 950 रुपये के सुधार के साथ 11,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# बैंकों को प्रतिस्पर्धी बने रहने ग्राहकों की जरूरत अनुरूप खुद को ढालना चाहिएः सीईए

**चेन्नई ।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा है कि बैंकों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ग्राहकों की बदलती जरूरतों और बाजार में आ रहे बदलावों के अनुरूप खुद को ढालना चाहिए। उन्होंने इस कार्यक्रम में आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकिंगः वृद्धि और रुझान' विषय पर अपने संबोधन में नागेश्वरन ने उद्योग में वृद्धि और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति के महत्व को रेखांकित किया। बैंक द्वारा जारी बयान के अनुसार सीईए ने प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए बैंकों को बदलती ग्राहक प्राथमिकताओं और बाजार की गतिशीलता के अनुरूप खुद को ढालने का आह्वान किया। उन्होंने ज्ञान साझा करने और उत्कृष्टता में निवेश करने के प्रयासों के लिए इंडियन बैंक की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के बैंक के एमएसएमई प्रेरणा कार्यक्रम को भी सराहा। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एसएल जैन ने अपने संबोधन में कहा` कि डॉ. नागेश्वरन द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र पर इसके प्रभाव को लेकर अपने जो विचार साझा किए गए हैं, उसका सभी भागीदारों को लाभ होगा। इससे वे चुनौतियों को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स जल्द बड़ा आईपीओ लांच करेगी

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरिया की एमएनसी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में अपने उत्पादों की लोकप्रियता को भुनाने के लिए एक बड़ा आईपीओ लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। कंपनी 1 से 1.5 अरब डॉलर का आईपीओ लेकर आ रही है, जिसके लिए उसने बैंक ऑफ अमेरिका, सिटीग्रुप इंक, जेपी मॉर्गन चेस और मॉर्गन स्टेनली जैसे बड़े बैंकों का चयन किया है। इस आईपीओ के जरिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की वैल्यूएशन लगभग 13 अरब डॉलर तक हो सकती है। भारत एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और कंपनी यहां अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आईपीओ 2024 की शुरुआत में लॉन्च हो सकता है, हालांकि इसकी तारीख और साइज में बदलाव संभव है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने आईपीओ से संबंधित दस्तावेज अगले महीने स्टॉक मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कर सकती है। इसके अलावा कंपनी अन्य बैंकों, जिनमें कुछ भारतीय बैंक भी शामिल हो सकते हैं, को इस आईपीओ में जोड़ने की योजना बना रही है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2030 तक अपना रेवेन्यू 75 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें यह आईपीओ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत का बाजार विदेशी निवेशकों के लिए तेजी से आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है और हाल ही में हुंडई मोटर कंपनी ने भी अपने आईपीओ की योजना का खुलासा किया था।

# 'एक देश एक चुनाव' अमृतकाल की अमृत उपलब्धि बने



ललित गर्ग

**जब दुनिया के अनेक देशों में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की परम्परा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है तो भारत में इसे लागू करने में इतने किन्तु-परन्तु क्यों है? देश में इसे लागू करने से सरकार कुछ-कुछ समय बाद चुनावी मोड में रहने के बजाय शासन यानी विकास योजना पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकती है। इससे समय एवं संसाधनों की भी बचत होगी।**

नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी ने 'एक देश एक चुनाव' के अपने चुनौतीपूर्ण संकल्प को लागू करने की बात कहकर राजनीतिक चर्चा को गरमा दिया है। भारत के लोकतंत्र की मजबूती एवं चुनावी प्रक्रिया को अधिक प्रासंगिक एवं कम खचीर्ला बनाने के लिये 'एक देश एक चुनाव' पर चर्चा होती रही है। इसको लेकर भाजपा जिस तरह बेझिझक होकर तेजी से आगे बढ़ रही है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा कि केंद्र को सहयोगी दलों का पूरा समर्थन मिल रहा। दो बड़े दलों में से एक जेडीयू ने मोदी के 'एक देश एक चुनाव' वाले इरादे पर सहमति जता दी है। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है और उसके इस आशावाद में देश को एक नई दिशा मिल सकेगी। भारत की वर्तमान चुनावी प्रणाली में निहित कई चुनौतियों का समाधान करने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा एक संभावित समाधान के रूप में उभरी है। शासन के सभी स्तरों- पंचायत, नगरपालिका, राज्य और राष्ट्रीय- में एक साथ चुनाव कराने से लागत (खर्च)- प्रभावशीलता और प्रशासनिक दक्षता से लेकर बेहतर शासन और नीति निरंतरता तक कई लाभ मिल सकते हैं। यह नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को आकार देने का मुख्य आधार बन सकता है एवं आजादी के अमृतकाल की एक अमृत उपलब्धि बनकर सामने आ सकता है।

भले ही स्पष्ट बहुमत के अभाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। लेकिन भाजपा की सरकार इतनी भी कमजोर नहीं है कि अपने चुनावी वायदों एवं विकासमूलक कार्ययोजनाओं को लागू न कर सके। नरेन्द्र मोदी जैसा साहसी एवं करिश्माई नेतृत्व है तो उसके द्वारा देशहित की योजनाओं में आने वाले अवरोध वह दूर कर ही लेंगे। एक दशक की विकासमूलक कार्यशैली के बाद अब भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर अपनी योजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने में जुटी है। भले ही भाजपा-सरकार कई मुद्दों पर यू टर्न लेते हुए भी नजर आई। बहरहाल, लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को साहसिक निर्णय लेने वाली पार्टी के रूप में एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को आकार देने के लिये तत्पर हो गयी है। इसके लिए सरकार ने पक्ष-विपक्ष के सभी नेताओं से एक साथ आने का अनुरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिये भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ राजनीति से ज्यादा राष्ट्रहित में है।




निश्चिय ही 'एक देश एक चुनाव' की योजना को लागू करना राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खचीर्ले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। विगत लोकसभा चुनावों में कुल सरकारी खर्च 6600 करोड़ रुपये आया था जो भारत जैसे विविधतापूर्ण विशाल देश को देखते हुए भले ही जायज कहा जाये, लेकिन बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले ऐसे भारी-भरकम खर्चे देश की अर्थ-व्यवस्था पर बोझ तो डालते ही है। भारत में भ्रष्टाचार की जड़ भी महंगी होती चुनाव व्यवस्था है क्योंकि जब करोड़ों रुपये खर्च करके कोई विधानसभा या लोकसभा का प्रत्याशी जनप्रतिनिधि बनेगा तो वह विजयी होने के बाद सबसे पहले अपने भारी खर्च की भरपाई करने की कोशिश करेगा। अतः असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करने पर सभी राजनैतिक दलों में एक सन्नाटा पसर जाता है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष को अपने राजनीतिक हितों की बजाय देशहित को सामने रखकर इस मुद्दे पर आम सहमति बनानी चाहिए। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव के लिये एक साथ चुनावी मशीनरी तथा सुरक्षा बलों की उपलब्धता के यक्ष प्रश्न को भी सामने रखकर इस पर सकारात्मक रूख अपनाना चाहिए और इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत हमेशा से राजनीतिक विचारधाराओं, विविध संस्कृतियों और विशाल आबादी का मिश्रण रहा है। हर गुजरते चुनाव चक्र के साथ, राष्ट्र लोकतांत्रिक उत्साह का महाकुंभ देखता है, जहाँ लाखों लोग अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करते हैं और अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं। हालाँकि, इस जीवंत लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बीच, विभिन्न स्तरों-स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय-पर चुनावों के समन्वय को लेकर बहस ने हाल के वर्षों में काफी जोर पकड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक दशक के शासन एवं पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में 'एक देश, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने राजनीतिक दलों से लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र में उसने 'एक देश, एक चुनाव' को प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। समिति ने राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के साथ परामर्श किया और संभावित अनुशंसाओं के साथ आम लोगो एवं न्यायविदों के विचार आमंत्रित किये। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। इसके अलावा, विधि आयोग भी 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है। असल में बात सम्पूर्ण चुनावी व्यवस्था के सुधार की होनी चाहिए। मगर इसकी बात करते हुए सभी राजनैतिक दलों के सामने निजी हित एवं चुनाव जीतने का गणित सामने आ जाता है। भारत की असली विडम्बना यही है। जब भी सरकारी खर्चे से चुनाव कराने की बात होती है तो इस राह को अव्यावहारिक बता दिया जाता है। जबकि जर्मनी जैसे लोकतन्त्र में यह प्रणाली सफलतापूर्वक काम कर रही है। दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानमंडलों के चुनाव एक साथ प्रत्येक पाँच वर्ष पर आयोजित किये जाते हैं, जबकि नगर निकाय चुनाव प्रत्येक दो वर्ष पर आयोजित किये जाते हैं। स्वीडन में राष्ट्रीय विधानमंडल, प्रांतीय विधानमंडल/काउंटी कौंसिल और स्थानीय निकायों/नगर निकाय सभाओं के चुनाव एक निश्चित तिथि, यानी हर चौथे वर्ष सितंबर के दूसरे रविवार को आयोजित किये जाते हैं। ब्रिटेन में ब्रिटिश संसद और उसके कार्यकाल को स्थिरता एवं पूवार्नुमेयता की भावना प्रदान करने के लिये निश्चित अवधि संसद अधिनियम, 2011 पारित किया गया था। इसमें प्रावधान किया गया कि प्रथम चुनाव 7 मई 2015 को और उसके बाद हर पाँचवें वर्ष मई माह के पहले गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। जब दुनिया के अनेक देशों में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की परम्परा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है तो भारत में इसे लागू करने में इतने किन्तु-परन्तु क्यों है? देश में इसे लागू करने से सरकार कुछ-कुछ समय बाद चुनावी मोड में रहने के बजाय शासन यानी विकास योजना पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकती है। इससे समय एवं संसाधनों की भी बचत होगी। एक साथ चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा, क्योंकि लोगों के लिए एक साथ कई मत डालना आसान हो जाएगा। इन सब स्थितियों के साथ-साथ एक साथ चुनाव कराये जाने पर क्षेत्रीय पार्टियों को होने वाले नुकसान एवं अन्य स्थितियों पर भी ध्यान देना होगा। क्योंकि एक आदर्श एवं सशक्त लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों के लिये समान अवसर उपलब्ध होना भी जरूरी है।

## संपादकीय

# युगांतकारी फैसला


सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक और विद्वतापूर्ण फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर की भारतीय संविधान में खास हैसियत पर पूर्ण विराम लग गया है। न्यायालय ने विशिष्ट स्थिति बनाए रखने वाले अनुच्छेद 370 को केंद्र सरकार द्वारा संसद से रद्द कराने और इसे खत्म करने की अधिसूचना के राष्ट्रपति के अधिकार को अंतिम माना है। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेदों एवं जम्मू-कश्मीर के संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों से बिंदुवार मिलान कर निष्कर्ष निकाला कि भारत राष्ट्र में उसके विलय के बाद यह देश के अन्य राज्यों की तरह उसका अभिन्न अंग बन गया। वह आंतरिक रूप से संप्रभु नहीं रहा। स्पष्ट है कि यह निर्णय 'ऐसी तैसी डेमोक्रेसी' वाले देश की न्यायपालिका का नहीं है, जहां उसका धर्म संसद से पारित प्रस्ताव पर विचार किए बिना बस मुहर लगाने का है। इस मसले पर पूरे 16 दिन संविधान पीठ ने सुनवाई की। केंद्र से भी कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया। विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए बाकायदा पक्ष-प्रतिपक्ष ने अपनी दलीलें रखीं। यह सब सीधी सुनवाई के तहत हुआ जिसका लाइव प्रसारण देश के नागरिकों से लेकर विदेश तक ने देखा। इन सबके के दौरान ही पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से माना कि अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान में एक अस्थायी प्रावधान था। इसको रद्द करने का अधिकार संप्रभु भारत के पास था। अलबत्ता, उसने कहा कि जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश के तहत नहीं रखा जा सकता। इसलिए न्यायालय ने नौ महीने के भीतर उसे राज्य का दर्जा बहाल कर वहां चुनाव कराने का आदेश दिया। पूरी संभावना है कि यहां चुनाव लोक सभा के साथ कराए जाएं। इस निर्णय के बाद से जम्मू-कश्मीर में हालात को और बेहतर करने के मौके मिलेंगे। सत्ताधारी दलीलों से इतर सामान्य नागरिकों को भी जम्मू-कश्मीर की खास हैसियत समाप्त करने से कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ा है। इसके विपरीत, रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का उपभोग बढ़ा है। सबसे बड़ी बात, अलगाववादी व आतंकवादी गतिविधियों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इसे महसूस किया जाता रहा है। इनके बावजूद, यहां बलात यथास्थितिवादी बनाए रखने वाले राजनीतिकों को न्यायालय का निर्णय नागवार गुजरा है। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया भी नैराश्यपूर्ण रही है, बल्कि एक तरह से भारत के आंतरिक मामलों में दखल है। इसके विपरीत, जम्मू-कश्मीर एक नये बदलाव के मुहाने पर है।

## चिंतन-मनन

# अनमोल हैं कड़वे बोले

किसी ने कहा है कि अंधेरे में माचिस तलाशता हुआ हाथ, अंधेरे में होते हुए भी अंधेरे में नहीं होता, इस तलाश को अपने भीतर निरंतर जीवित रखना कोई साधारण बात नहीं है, परंतु जो लोग सफर की हदों को पहचानते हैं, जिन्हें हर मंजिल के बाद किसी नए सफर पर चल पड़ने की लत है, उनके भीतर से यह खोज कभी खत्म नहीं होती। अचूक शैली में, अपने क्रांतिकारी विचारों से लोगों को अपनी ही खोज के तौर तरीके बताने वाले राष्ट्रसंत मुनि तरुणसागर जी महाराज की वाणी सहज आकर्षण का विषय बन गई है। ऐसे समय में जब अपने हक में हर खुशी बटोर लेने की अदम्य लालसा लोगों को दुनिया के दु?ख दर्द से कोसों दूर ले जा रही है। मुनि श्री दुनिया को खुशी और गम की सही परिभाषा बता रहे हैं। यह सिर्फ संयोग नहीं है कि वे जहां भी पहुंचते हैं, सबसे पहले यही कहते हैं कि मैं कथा सुनाने नहीं जीवन की व्यथा सुनाने आया हूं। यह व्यथा घर-घर की कहानी है, जिसे एक बड़े आईने की शक्ल में सामने रखकर मुनि तरूण सागर जी पुकार कर कह उठते हैं कि इसे न तो ठुकराओ, न ही झुठलाने की कोशिश करो, बेहतर यही है कि इस व्यथा के बीच से ही जीवन का रस हासिल कर लो। मुनि तरुण सागर जी के बोल, सुनने वाले को भावित-प्रभावित तो करते ही हैं, उसे झकझोर कर भी रख देते हैं। उन्हें सुनते समय या पढ़ते समय आप अनुभव करते हैं कि आपकी अपनी जिंदगी एक धारावाहिक के रूप में आपकी आंखों के सामने तैरने लगी है। उनकी वाणी अतीत की जड़ता से उबारने और वर्तमान की लापरवाही के प्रति सचेत करने का काम करती है। वह आपके जख्मों को सहलाने के बदले यदि अधिक कुरदने की मुद्रा में दिख भी रही हो तो भी यह नहीं भूलना चाहिए कि मुनि श्री आपको स्थाई रूप से तंदुरूस्त बनाने का उद्यम कर रहे हैं। सूत्र शैली में संदेश देने वाले मुनि तरूण सागर जी को अपनी वाणी को कड़वे प्रवचन कहने पर इत्मीनान यदि है तो सिर्फ इसलिए कि वे जानते हैं, इंसान की प्रवृत्ति और कभी न बदलने की उसकी जिद इतनी कठिन और जटिल है कि सीधी उंगली से घी निकालना मुमकिन नहीं है।

# विचार मंथनः पेजर धमाके अर्थात इजराइल-हमास युद्ध का विस्तार



डॉ. हिदायत अहमद खान

रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग युद्धबंदियों की अदला-बदली से थमती नजर तो आई है, लेकिन इजरायल और हमास के बीच जारी जंग किसी सूरत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल 07 अक्टूबर 2023 को हमास के द्वारा किए गए इजराइल पर हमले के बाद से यह जंग बराबर जारी है। गाजा पट्टी और उसके आस-पास युद्ध का भयावह मंजर लगातार देखने को मिल रहा है। मानवता को मानों जमींदोज कर युद्ध के तमाम नियमों को ताक पर रख, एक-दूसरे पर हमले किए जा रहे हैं। इन हमलों में कौन मर रहा और कौन हताहत हो रहा, इससे भी किसी को मानों कोई सरोकार नहीं रह गया है। युद्ध की विभीषिका में शांति के कपोत भी मारे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपील के बावजूद कहीं से कोई हमलों की कमी होती नजर नहीं आ रही है। हद तो यह है कि हमले ऐसी जगहों पर भी किए गए, जिन्हें बच्चे, बूढ़ों और महिलाओं के रहने और इलाज के लिए चिंहित किया गया था। इन हमलों में संयुक्त राष्ट्र की टीम के साथ काम करने वाले भी अपनी जान गंवाते नजर आए हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इजराइली हमलों में अब तक करीब 42 हजार 957 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 80फीसदी फिलस्तीनी नागरिक बताए गए हैं। इस युद्ध में सबसे अधिक फिलस्तीन को नुक्सान उठाना पड़ रहा है। ऐसे अंधे युद्ध की चारों ओर निंदा तो हो रही है, लेकिन इस युद्ध को रोका कैसे जाए और किस तरह से न्याय करते हुए कानून का राज लाया जाए कहना मुश्किल हो रहा है। खासतौर पर तब जबकि इजराइल-हमास युद्ध को विस्तार देने वाली ताकतें लगातार सफल होती जा रही हैं। इस कारण गाजा पट्टी व अन्य आस-पास के इलाकों को भी निशाना बनाया जा रहा है। हमले का तरीका नया है, जिससे इस युद्ध में अन्य देशों के शामिल होने के पुख्ता सुबूत भी मिलने लगे हैं। यहां बताते चलें कि लेबनान और उसके हिजबुल्लाह लड़ाकों पर एक नए तरह से पेजर धमाकों से हमला किया गया है। इसके तहत लेबनान और सीरिया के अनेक शहरों में इस्तेमाल हो रहे हजारों पेजर अचानक धमाकों के साथ फट गए। इसमें एक दर्जन के करीब लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों की तादाद में लोग जख्मी हुए हैं। इससे साफ हो गया है कि इजराइल और लेबनान सीमा पर अब हमले और तेज हो जाएंगे। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि बम की तरह इस्तेमाल किए जाने वाले पेजर बनाने वाली कंपनी को आखिर दुश्मन देश के रणनीतिकारों ने कैसे साध लिया, जो हिजबुल्लाह को धूल चटाने के लिए एक बड़ा हमला करने में कामयाब हो गए। कहा तो यही जा रहा है कि इस हमले के पीछे इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद का हाथ हो सकता है। इसकी पुख्ता वजह भी है, क्योंकि मोसाद पर हमास के हमले के बाद लगातार फेल होने के दाग लगते रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक दुनिया के विशेषज्ञों की मानें तो पेजर एक साधारण रेडियो डिवाइसेस है, जिसे संक्षिप्त संदेश या सिग्नल हासिल करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। रेडियो फ्रिक्वेंसी के जरिए कार्य करने वाले इन पेजरों पर एक्सप्लोसिव का इस्तेमाल करते हुए रिमोट से उड़ाया जा सकता है। इसी आधार पर पेजर को एक हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है। सवाल यह है कि पेजर बनाने वाली कंपनी ने इसे हथियार का रुप दिया या किसी और ने ऐसा करके बड़े हमले को अंजाम दिया, यह देखने वाली बात है। वैसे तो शांतिप्रिय विश्व के लिए यह अपनी तरह की पहली विभत्स घटना मानी जा रही है, लेकिन दावा यह भी है कि इजराइल ने इससे पहले भी कंपनियों के प्रोडक्शन लाइन को प्रभावित करने का काम किया है।

दरअसल ईरान को मिसाइल देने वाली कंपनी के मिसाइलों में यूं ही स्टक्सनेट का इस्तेमाल सितंबर 2023 में किया गया था। यह भी सॉफ्टवेयर को प्रभावित करता है और एक बड़ा विस्फोट करने का कारण बनता है। मतलब साफ था कि ईरान मिसाइलें बनाता और जब वह सैन्य डिपो में रखता, तो ये वहीं फट जातीं। तब ईरान ऐसे हमले से खुद को बचाने में कामयाब रहा, लेकिन पेजर मामले में हिजबुल्लाह फंस गया। सेलफोन में आईईडी लगाकर विस्फोट करने के मामले पहले भी हुए हैं, लेकिन पेजर हमला पहली बार हुआ है। इसके दूरगामी परिणामों को देखते हुए ही सबसे पहले पेंटागन ने ऐसे किसी हमले में उसके हाथ होने से साफ इंकार कर दिया है। दरअसल अमेरिका यह बात बहुत अच्छी तरह समझ चुका है कि इस युद्ध की आग अब उसे भी किसी भी पल झुलसा सकती है। इससे पहले कि युद्ध का विस्तार अन्य देशों की शांति को भंग करे, इसे रोकने के पर्याप्त और ईमानदार प्रयास होने ही चाहिए। अंततः युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है।

# यमुना नदीः नारों से नहीं इरादों से बचेगी



पंकज चतुर्वेदी



यमुना दिल्ली में अभी दो महीने बाढ़ के हालात से लबालब थी, सरकारी दस्तावेज के मुताबिक, अब उसमें प्राण वायु ही नहीं बची। इस बीच नया शिगूफा उछल गया कि नदी के किनारे करीब 20 बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित कर दिए जाएं तो नदी साफ हो जाएगी। इस रिपोर्ट को नागरिक समाज के कुछ लोगों ने तैयार किया है।

यमुना के नाम पर यह कोई पहला शिगूफा नहीं है। इसी साल ऐसे ही नागरिक समाज ने विश्व पर्यावरण दिवस पर दिल्ली में यमुना के किनारे 22 किमी. लंबी मानव श्रृंखला बनाई थी जिसमें लगभग एक लाख लोग शामिल हुए। मार्च, 2016 में दिल्ली में यमुना तट पर आर्ट ऑफ लीविंग श्रीरविशंकर ने एक बड़ा आयोजन किया था और उसके बाद राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एनजीटी) ने उस पर पांच करोड़ रुपये का जुमार्ना लगा कर बताया था कि यमुना के कछार, वह भूमि जो कम पानी के कारण गर्मी में रीती रह गई, पर लाखों लोगों की चहलकदमी से वहां के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान हुआ। इस हानि को ठीक करने में दस साल का समय और 42 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। एक बार फिर एक लाख से अधिक लोग, गाड़ियां, तमाशा जोड़ कर वही गलती दोहरा दी गई।

एक बात समझनी होगी कि यमुना सुधार को लेकर हमारा नजरिया ठीक उस तरह है जैसे ऊपर से नल खुला छोड़ दो और नीचे पोंछा मारो। जरूरी है कि नदी में दूषित जल-मल न जाए। विडम्बना है कि पिछले महीनों में नवरात्रि के बाद चाहे निगम बोध घाट का पुल हो या राजघाट के पीछे या फिर निजामुद्दीन या कालिंदी कुंज, आईटीओ-जहां भी यमुना पर ब्रिज हैं और एनजीटी के आदेश के बाद लोहे की ऊंची जालियां वहां लगाई गई थीं ताकि लोग पूजा सामग्री नदी में न फेंकें, पर सड़क तक पर इस्तेमाल की गई पूजा सामग्री पड़ी थी। इन्हें फेंकने वाले बड़ी-बड़ी कारों में आ रहे थे। कोई तीन दशक तक अदालती निगरानी के बावजूद दिल्ली में यमुना के हालात नहीं बदले। 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से पहले राजधानी में यमुना नदी को टेम्स की तरह चमका देने के वादे के बाद आम आदमी पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र की बात हो या केंद्र सरकार के दावे की, महज 42 किमी. के दिल्ली प्रवास में यह पावनधारा हांफ जाती है, कई करोड़ रुपये इसकी बदतर हालत सुधार नहीं पाए क्योंकि नदी धन से नहीं मन और आस्था से पवित्र बनती है। दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमिटी (डीपीसीसी) की नवम्बर की रिपोर्ट बताती है कि यमुना के पानी में अधिकांश स्थानों पर ऑक्सिजन है ही नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक ओखला बैराज पर यमुना में कोई बहाव नहीं है। यमुना एक बार फिर पानी की कमी से इस स्थिति में पहुंच गई है, जबकि बरसात अभी कम से कम आठ महीने दूर है।

अब तक यमुना में 30 फीसद सीवेज का पानी बिना ट्रीट किए गिरता है। यमुना में गिरने वाले 100 फीसद सीवेज को ट्रीट करने के लिए ट्रीटमेंट प्लांट बन रहे हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर का कार्य तय वक्त से पीछे चल रहा है। 1993 से अभी तक दिल्ली में यमुना के हालात सुधारने के नाम पर दिल्ली सरकार ने 5400 करोड़ रुपये खर्च किए। इसमें से 700 करोड़ की राशि 2015 के बाद खर्च की गई। विडंबना यह है कि संसदीय और अदालती चेतावनियां, रपटें न तो सरकार के और न ही समाज को जागरूक कर पा रही हैं। यमुना की पावनधारा दिल्ली में आकर नाला बन जाती है। आंकडों और कागजों पर तो इस नदी की हालत सुधारने को इतना पैसा खर्च हो चुका है कि यदि उसका ईमानदारी से इस्तेमाल किया जाता तो उससे एक समानांतर धारा की खुदाई हो सकती थी।

दिल्ली में यमुना को साफ-सुथरा बनाने की कागजी कवायद कोई 40 सालों से चल रही है। अस्सी के दशक में एक योजना नौ सौ करोड़ की बनाई गई थी। दिसम्बर, 1992 में भारत सरकार ने यमुना को बचाने के लिए जापानी संस्था ओवरसीज इकोनॉमिक कॉरपोरेशन फंड़ ऑफ जापान से 403 करोड़ की मदद ली और 1997 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा था लेकिन कागजी लहरें ही उफनती रहीं। 14 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निर्देश पर यमुना नदी विकास प्राधिकरण (वाईआरडीए) का गठन किया गया था, जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल की अध्यक्षता में दिल्ली जल बोर्ड, प्रदूषण बोर्ड सहित कई सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को साथ लेकर तकनीकी सलाहकार समूह का गठन हुआ था। उस समय सरकार की मंशा थी कि कानून बना कर यमुना में प्रदुषण को अपराध घोषित कर राज्यों और स्थानीय निकायों को इसका जिम्मेदार बना दिया जाए। लेकिन सब कुछ कागजों से आगे बढ़ा ही नहीं। हरियाणा सरकार इस्राइल के साथ मिल कर यमुना के कायाकल्प की योजना बना रही है, और इस दिशा में हरियाणा सिंचाई विभाग ने अपने सर्वे में पाया है कि यमुना में गंदगी के चलते दिल्ली में सात माह पानी की किल्लत रहती है। दिल्ली में यमुना, गंगा और भूजल से 1900 क्यूसेक पानी प्रति दिन प्रयोग में लाया जाता है। यमुना में इस इसके पानी का 60 फीसद यानी करीब 1100 क्यूसेक सीवरेज का पानी एकत्र होता है। यदि यह पानी शोधित कर यमुना में डाला जाए तो यमुना निर्मल रहेगी और दिल्ली में पेयजल की किल्लत भी दूर होगी।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ 09 पटना झ 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# नरगिस एक्टर रणवीर, विक्की और आयुष्मान के साथ करना चाहती है काम

बालीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने हाल ही में कुछ एक्टर्स के नाम साझा किए जिनके साथ वह काम करना चाहती है। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह उनके साथ क्यों काम करना चाहती हैं। नरगिस ने कहा, 卐सबसे पहले रणवीर सिंह होंगे। मुझे उनकी ऊर्जा और सेट पर उनकी इनटेंसिटी पसंद है। मैं उनके साथ कोई पीरियड ड्रामा करना चाहूँगी। एक और एक्टर, जिससे मैं वास्तव में प्रभावित हूँ, वह हैं आयुष्मान खुराना। इन्होंने अपनी अनोखी लेकिन महत्वपूर्ण स्क्रिप्ट के चयन से इंडस्ट्री में अपने लिए एक अलग जगह बनाई है। मुझे राजकुमार राव की सादगी और सहजता बहुत पसंद है। जब भी वह स्क्रीन पर होते हैं, तो वाकई खास नज़र आते हैं। विक्की कौशल भी बढ़िया काम कर रहे हैं। बेशक, अगर मैं अमिताभ बच्चन के साथ काम कर पाऊं तो मुझे बहुत अच्छा लगेगा। और हां, मैं इम्तियाज अली की एक और फिल्म में रणबीर के साथ काम करना चाहूंगी, क्या यह मजेदार नहीं होगा?卐 इस साल की शुरुआत में, नरगिस ने 'मद्रास कैफे' में काम किया और जॉन अब्राहम के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने 'रॉकस्टार' की री-रिलीज का जश्न भी मनाया। आखिरी बार टटलूबाज' में नजर आईं, एक्ट्रेस फिलहाल कुछ दिलचस्प स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं। उम्मीद है कि वह इस साल के अंत में कुछ प्रोजेक्ट की घोषणा करेंगी। मालूम हो कि एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने जब से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की है, तब से उन्होंने कई मशहूर हस्तियों के साथ काम किया है। अपनी पहली फिल्म में ही, रणबीर कपूर के साथ अभिनय करने के बावजूद, उन्होंने 'रॉकस्टार' में हीर के रूप में दर्शकों पर प्रभाव डाला। बाद में, उन्होंने जॉन अब्राहम, वरुण धवन और कई कई एक्टर्स के साथ काम किया। हालाँकि, उन्होंने पहले इन एक्टर्स के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की थी।




# कंगना को 'इमरजेंसी' के रिलीज का बेसब्री से इंतजार

अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं और यह 1970 के दशक के आपातकाल पर आधारित है। 'इमरजेंसी' का लेखन और निर्देशन कंगना ने खुद किया है। फिल्म में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसे ज़ी स्टूडियो और मणिकर्णिका फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को पहले 6 सितंबर को रिलीज किया जाना था, लेकिन सेंसर बोर्ड से प्रमाणन न मिलने के कारण इसे टाल दिया गया। फिल्म को अब 'अ/व' सर्टिफिकेशन मिल चुका है और नई रिलीज़ डेट की घोषणा जल्द ही की जाएगी। हाल ही में, उन्होंने अपनी पुरानी फिल्म 'वो लम्हे' के म्यूजिक लॉन्च का एक वीडियो साझा किया और उस समय की अपनी आत्म-छवि पर विचार व्यक्त किए। कंगना ने बताया कि प्रमोशनल इवेंट के दौरान उन्हें अपने रंग-रूप को लेकर असंतोष था, और उन्होंने महिलाओं को अपने वास्तविक स्वरूप को अपनाने और प्यार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कंगना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह वीडियो मेरी दूसरी फिल्म 'वो लम्हे' के म्यूजिक लॉन्च का है। उस समय मैं एक किशोरी थी और मेरे रंग-रूप को लेकर कई असंतोष थे। युवतियों के लिए अपने रंग-रूप को लेकर अनिश्चित महसूस करना आम है, जो उन्हें अधिक कमजोर और अनिश्चित बना सकता है। अब जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे एहसास होता है कि मैंने न केवल अपने रंग-रूप की, बल्कि उस समय मेरे पास जो ऊर्जा और उत्साह था, उसकी भी कद्र नहीं की। उन्होंने आगे कहा, आज आप सबसे युवा हैं। जीवन के हर चरण की अपनी सुंदरता होती है। भले ही आप इसे आईने में न देख पाएं, लेकिन एक दिन आप पीछे मुड़कर इसे पहचान लेंगे। खुद के प्रति नम्र रहें और विश्वास रखें कि आप सुंदर हैं। कंगना रनौत के करियर की शुरुआत 2006 की फिल्म 'गैंगस्टर' से हुई थी, जिसमें उन्होंने इमरान हाशमी और शाइनी आहूजा के साथ काम किया।

# दिशा पाटनी ने पैपराजी के सामने दिए कई शानदार पोज

हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें दिशा एक इवेंट में रेड वाइन कलर की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इस वीडियो में दिशा ने पैपराजी के सामने कई शानदार पोज दिए और उनके पीछे एक घोड़े का पुतला भी देखा जा सकता है। उनकी ड्रेस बेहद बोल्ड थी और वह बेहद हॉट लग रही थीं। एक फैंस ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, दिशा पटानी यूएस पोलो एसोसिएशन के इवेंट के लिए सिटी पैलेस में पहुंचीं। कई लोगों ने उनकी तारीफ की, एक ने लिखा, वह सबसे हॉट हैं, मुझे कहना होगा। वहीं कुछ ने कहा, मुझे इसमें कुछ खास नहीं लगता, समझ नहीं आता लड़के क्यों दीवाने होते हैं। एक अन्य कमेंट में लिखा गया, दिशा पटानी को दिल से सपोर्ट करने वाला बटन।



जबकि कुछ लोगों ने उनकी अभिनय क्षमता पर सवाल उठाया और लिखा, वह न तो अच्छी दिखती हैं और न ही उन्हें एक्टिंग आती है, पता नहीं उन्हें इंडस्ट्री में कैसे मौका मिला। कुछ लोगों ने उनकी हॉटनेस की तारीफ भी की, दिशा की हॉटनेस अलग ही लेवल की है। हालांकि, दिशा पटानी को अभिनय के क्षेत्र में अब तक वह सफलता नहीं मिल पाई है जो उन्होंने चाहिए थी। हाल ही में, वह प्रभास के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आईं थीं, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। आने वाले समय में उनके पास कुछ बेहतरीन फिल्में हैं। दिशा पाटनी फिल्म कंगुवा में दिखाई देंगी । इसके अलावा उनके पास वेलकम टू द जंगल फिल्म है, जो इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने काम से ज्यादा अपनी हॉटनेस की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं, जी हां! दिशा पाटनी की चर्चा जितनी उनके काम की वजह से नहीं होती, उससे अधिक सुर्खियों में तो वे अपने हॉट फिगर की वजह से रहती हैं। वैसे एक बात तो है, दिशा पाटनी अच्छे से जानती हैं कि लाइमलाइट में कैसे रहा जाता है, तभी तो वे आए दिन अपनी हॉट तस्वीरें साझा कर लोगों का ध्यान खींच लेती हैं।

# जिगरा के गाने में अपनी आवाज देंगे दिलजीत

अपनी आगामी फिल्म जिगरा के एक गाने में पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ अपनी आवाज देंगे। इसे अभिनेत्री आलिया भट्ट पर फिल्माया गया है। इस गाने का नाम कुड़ी है। आलिया ने दिलजीत के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों एक कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में उनकी कुर्सियों के पीछे कुड़ी गाने के बारे में लिखा हुआ है। इस पोस्ट के कैप्शन में आलिया ने लिखा, कुर्सियां सब कुछ बयां कर देती हैं। फिल्म जिगरा का टीजर 8 सितंबर को रिलीज किया गया था, जिसमें भाई-बहनों के रिश्ते की भावनात्मक गहराई को दिखाया गया है। फिल्म में आलिया भट्ट और वेदांग रैना भाई-बहन की भूमिका निभा रहे हैं, जो बचपन में कठिनाइयों का सामना करते हैं। वासन बाला द्वारा निर्देशित यह ड्रामा फिल्म भाई-बहन के प्रेम और उनकी एक-दूसरे के लिए समर्पण को केंद्र में रखती है। इसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म का मोशन पोस्टर जारी किया गया, जिसमें 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर के गाने संदेशे आते हैं की धुन पर दिलजीत का नाम स्क्रीन पर उभरता है। बॉर्डर 2 1999 के कारगिल युद्ध पर आधारित होगी और 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जे.पी. दत्ता और निधि दत्ता ने निर्मित किया है। सनी देओल ने दिलजीत को बॉर्डर 2 की बटालियन में स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी साझा की। बता दें कि धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित जिगरा 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दूसरी ओर, दिलजीत दोसांझ हाल ही में इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आए थे, जो एक गायक की जिंदगी पर आधारित थी। इसके अलावा, यह घोषणा की गई कि दिलजीत बॉर्डर 2 में सनी देओल और वरुण धवन के साथ नजर आएंगे।



# बगैर सेल्फी दिए चले जाने के लिए रवीना ने फैंस से माफी मांगी

हाल ही में एक्ट्रेस रवीना टंडन ने लंदन में अपने फैंस से बिना सेल्फी लिए अचानक चले जाने के बाद माफी मांगी है। रवीना ने अपने एक्स अकाउंट पर घटना के बारे में बताया कि उन्होंने इस तरह की प्रतिक्रिया क्यों दी। अपने पोस्ट में रवीना ने कहा कि मुंबई के बांद्रा में पिछली घटना के दौरान उनपर नशे में होने और कार दुर्घटना का कारण बनने का झूठा आरोप लगाया गया था। मुंबई पुलिस ने बाद में दावों का खंडन किया, लेकिन ऐसे अनुभव ने उन्हें झकझोर कर रख दिया है, इसलिए लंदन में जब उनके प्रशंसक ने उनके साथ एक सेल्फी लेनी चाही तो उन्होंने इंकार कर दिया। रवीना ने लिखा, नमस्कार, कुछ दिन पहले लंदन में मैं पैदल जा रही थी और कुछ लोग मेरे पास आए। और जब उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं रवीना टंडन हूं तो मैं थोड़ा पीछे हट गयी और मेरी पहली प्रवृत्ति यह थी कि मैं ना कह दूं और तेजी से चली जाऊं, क्योंकि मैं अकेली थी, मुझे लगता है कि वे सिर्फ एक तस्वीर चाहते थे और मैं ज्यादातर समय इसके लिए तैयार रहती हूं, लेकिन मैंने उन्हें मना कर दिया क्योंकि कुछ महीने पहले बांद्रा में हुई घटना के बाद से मैं थोड़ा घबरा गयी हूं और सदमे में हूं, इसलिए जब मैं लोगों के साथ होती हूं तो ठीक रहती हूं, लेकिन अकेले में इन दिनों भी थोड़ा घबरा जाती हूं।



रवीना ने कहा, मुझे शायद उन्हें एक फोटो देनी चाहिए थी क्योंकि शायद वे प्रशंसक थे, लेकिन मैं घबरा गई और तेजी से चली गई और बस एक सुरक्षा आदमी से मदद मांगी। इस घटना के बाद मुझे बहुत बुरा लगा। अगर वे पढ़ रहे हैं तो मैं इस माध्यम से उनसे माफी मांगना चाहती हूं कि मेरा इरादा ठेस पहुंचाने का नहीं था, मुझे वास्तव में खेद है।

उम्मीद है कि मैं आपसे दोबारा मिल सकूंगी और आपके साथ एक तस्वीर क्लिक कर सकूंगी। मैं सुलभ और सामान्य रहने की पूरी कोशिश करती हूं, लेकिन कभी-कभी असफल हो जाती हूं। इसलिए क्षमा करें दोस्तों, मुझे आशा है कि आप इसे समझेंगे। बता दें कि जून में रवीना के मुंबई स्थित घर के बाहर उनके ड्राइवर के साथ हाथापाई की खबर आई थी और उन पर नशे में होने और लोगों से मारपीट करने का आरोप लगा था। एक्ट्रेस रवीना टंडन सोशल मीडिया की दुनिया पर खासी एक्टिव रहती हैं और खुद से जुड़ी हर अपडेट फैंस को देती रहती हैं।

# बॉर्डर का 27 साल बाद आने वाला है सीक्वल

बालीवुड की सुपर हिट फिल्म बॉर्डर का 27 साल बाद सीक्वल आने वाला है। साल 1997 की सुपरहिट फिल्म बॉर्डर के सिक्वल की रिलीज का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर भरत शाह और निधि दत्ता के बीच फिल्म के कॉपीराइट को लेकर कानूनी लडाई भी शुरू हो गई है। फिल्म के फाइनेंसर और डिस्ट्रीब्यूटर भरत शाह ने बॉर्डर 2 के मेकर्स को पब्लिक नोटिस जारी किया। भरत शाह ने दावा किया है कि बॉर्डर के सारे राइट्स उनके और बीना भरत शाह के पास हैं, जिसके बाद निधि दत्ता का पहला रिएक्शन सामने आया है। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है और बॉर्डर 2 की स्टार कास्ट का भी धीरे-धीरे खुलासा हो रहा है। वहीं सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 रिलीज से पहले ही विवादों में फंस गई है। भरत शाह ने 2014 में जेपी दत्ता पर बॉर्डर की कमाई का आधा हिस्सा न देने का आरोप लगाया था और यह मामला कोर्ट तक लेकर पहुंच गए थे। कॉपीराइट के दावे के बाद अब बॉर्डर 2 की प्रोड्यूसर और जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता ने भरत शाह के इन दावों को गलत बताते हुए उन्होंने जवाब दिया है। निधि दत्ता ने जूम को दिए इंटरव्यू में कहा, इस केस में हमारी कोर्ट में जीत हुई है। माननीय उच्च न्यायालय के पास इसे जुड़ी सारी जानकारी है और उन्होंने हमारे फेवर में केस भी खारिज कर दिया था। एसोसिएशन द्वारा किए गए समझौते के अनुसार, भरत शाह को सबसे पहले हमें अतिरिक्त भुगतान करना होगा न की हमको और इतना ही नहीं 27 सालों हो गए उन्होंने आज तक फिल्म के किसी भी व्यवसाय का एक भी रिकॉर्ड नहीं दिया है। निधि दत्ता ने आगे कहा, यही कारण है कि हमने उस वक्त समझौते में पहले ही साफ कर दिया था कि हम उनकी किसी भी चीज के लिए उत्तरदायी नहीं होने वाले हैं। बॉर्डर 2 में उनका कोई हिस्सा नहीं है। बता दें कि जेपी दत्ता और भरत शाह के बीच 50-50 प्रतिशत रेवेन्यू के डिवाइड होने की डील पहले ही हो गई थी। बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे, जिन्होंने इससे पहले केसरी, पंजाब 1984, जट्ट एंड जूलियट और दिल बोले हड़िप्पा! जैसी फिल्में बनाई हैं।




# बॉक्स ऑफिस पर द बकिंघम मर्डर्स को मिल रही जबरदस्त सफलता




बालीवुड फिल्म द बकिंघम मर्डर्स बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता मिल रही है। फिल्म में करीना कपूर का अब तक का उनका बेस्ट काम माना जा रहा है। करीना की परफॉर्मेंस को असलियत और गहराई के लिए बहुत सराहा जा रहा है। जैसे-जैसे फिल्म को और पॉजिटिव रिव्यू मिल रहे हैं, वैसे - वैसे ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख रहे हैं, करीना का ये रोल उनके करियर का सबसे बेहतर रोल माना जा रहा है। फैंस और दोस्तों के साथ-साथ करीना के पति सैफ अली खान ने भी फिल्म में उनकी के शानदार एक्टिंग की तारीफ की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में सैफ ने करीना की भूमिका के लिए अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा है,卐मैं बकिंघम मर्डर्स को लेकर बहुत उत्साहित हूँ। मैं अपनी खुद की फिल्म देवरा के प्रमोशन में बिजी हूँ। मैंने जो कुछ भी देखा है, उससे मुझे लगता है कि उन्होंने कमाल कर दिया है। मैं टीम को ऑल द बेस्ट विश करता हूँ।卐 जैसे-जैसे द बकिंघम मर्डर्स पापुलर होती जा रही है, करीना कपूर खान की जबरदस्त एक्टिंग स्किल और एक दुखी मां के रूप में उनकी मजबूत परफॉर्मेंस ने दर्शकों को अपने साथ कनेक्ट किया है। द बकिंघम मर्डर्स करीना कपूर खान की बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म है और यह एक थ्रिल से भरी, सस्पेंस की कहानी पेश करती है।

यह वीरे दी वेडिंग और क्रू जैसी सफल प्रोजेक्ट्स के बाद एकता आर कपूर और करीना कपूर खान के बीच एक और सहयोग भी है। वे इस फिल्म के साथ मिस्ट्री थ्रिलर जॉनर में एक बड़ा प्रभाव डाल रही हैं। 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में खास तौर पर रिलीज़ हो चुकी द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे बेहतरीन कलाकार हैं। हंसल मेहता द्वारा डायरेक्टेड और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ द्वारा लिखी गई यह कहानी, महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स प्रोडक्शन है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रेजेंट किया गया है।

# क्रिकेट जगत में रिटायरमेंट को मजाक बना रखा है, मैं नहीं बनाऊंगा: रोहित शर्मा

**चेन्नई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने साफ कर दिया है कि टी-20 फॉर्मेट छोड़ने के अपने फैसले पर उनका यू-टर्न लेने का कोई विचार नहीं है। संन्यास की घोषणा के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ियों पर चुटीला कटाक्ष करते हुए रोहित ने कहा कि उन्होंने बिल्कुल सही समय पर टी-20 से संन्यास लिया है। रोहित ने बतौर कप्तान टीम इंडिया को टी20 विश्व कप 2024 का खिताब दिलाकर संन्यास लिया था। इसी मैच के बाद विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने भी संन्यास की घोषणा कर दी थी।

रोहित ने भारतीय टी20 टीम में वापसी पर कहा कि इन दिनों विश्व क्रिकेट में संन्यास एक मजाक बन गया है, लोग संन्यास की घोषणा करते हैं लेकिन फिर खेलने के लिए लौट आते हैं, भारत में ऐसा नहीं हुआ है - हालांकि मैं अन्य देशों के खिलाड़ियों को देख रहा हूं, वे संन्यास की घोषणा करते हैं लेकिन फिर यू-टर्न लेते हैं। इसलिए आप वास्तव में कभी नहीं जानते कि कोई वास्तव में सेवानिवृत्त हुआ है या नहीं। मेरा निर्णय अंतिम है और मैं बहुत स्पष्ट हूं। यह टी20ई को अलविदा कहने का सही समय था।

बता दें कि पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर भी अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापस आ चुके हैं। वह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की ओर से खेले थे। इसी तरह बेन स्टोक्स भी वनडे से संन्यास लेने के बाद 2023 वनडे विश्व कप में बतौर इंग्लैंड का कप्तान मैदान पर उतरे थे।

बहरहाल रोहित टी20 विश्व कप में टीम इंडिया के लिए स्टार बनकर उभरे थे। उन्होंने 8 पारियों में 36.71 की औसत और 156.71 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 52, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर 8 मैच में 47 गेंदों पर 92 तो इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन बनाए थे। रोहित वैसे भी टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 159 मैचों में 32.05 के औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4,231 रनों पर अपना करियर खत्म किया। उनके नाम पर पांच शतक और 32 अर्द्धशतक दर्ज हैं।



# चैंपियंस लीग: हैरी केन ने चार गोल करके वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़ा



**म्यूनिख (एजेंसी)।** हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की डिनामो जाग्रेब पर धमाकेदार जीत में चार गोल किए जिससे वह वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़कर चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। केन के शानदार प्रदर्शन से बायर्न ने डिनामो ज़ाग्रेब को 9-2 से करारी शिकस्त दी।

यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि चैंपियंस लीग के किसी एक मैच में इतने अधिक गोल दागे गए। इससे बायर्न के नए कोच विंसेंट कोम्पनी ने यूरोपीय प्रतियोगिता में अपने अभियान की शानदार शुरुआत भी की। केन ने 19वें, 53वें, 73वें और 78वें मिनट में गोल करके प्रतियोगिता में अपने कुल गोल की संख्या को 33 तक पहुंचा दिया जो इंग्लैंड के किसी खिलाड़ी का नया रिकॉर्ड है।

उन्होंने रूनी के 30 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। केन ने तीन गोल पेनल्टी पर किए। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो दूसरी पेनल्टी के बाद मुझे पता नहीं था की तीसरी पेनल्टी पर क्या करना है लेकिन मुझे खुशी है कि मैं इस पर भी गोल करने में सफल रहा।% बोरुसिया डॉर्टमुंड की 2016 में लेगिया वारसॉ पर 8-4 की जीत के बाद यह चैंपियंस लीग में सर्वाधिक गोल वाला मैच था।

# टी20 विश्व कप में खिताब जीतने मानसिक मजबूती बढ़ाने में लगी है भारतीय टीम : हरमनप्रीत



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि टी20 विश्व कप में जीत के लिए टीम को मानसिक मजबूती पर भी ध्यान देना होगा। जिससे दबाव के क्षणों में टीम न बिखरे। हरमनप्रीत ने कहा कि इसी कारण खिलाड़ी मानसिक सेहत को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। इसका परिणाम विश्वकप में देखने को मिलेगा। भारतीय महिला टीम 2020 में टी20 विश्व कप के फाइनल में उपविजेता रही थी। इस बार उसे ग्रुप ए में छह बार की विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ शामिल किया गया है।

हरमनप्रीत ने कहा, हम लंबे समय से मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं। मैच के अंतिम 3-4 ओवर बेहद अहम होते हैं। कप्तान के अनुसार अंतिम 4-5 ओवर में मानसिक रूप से मजबूत टीम ही जीत जीती है। इसी को देखते हुए भारतीय टीम ने हाल ही में इस पर ध्यान केंद्रित दिया है ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पायें।

हरमनप्रीत ने फाइनल में भारतीय टीम के कमजोर प्रदर्शन को लेकर कहा कि उनकी टीम को साल 2020 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 85 रन से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं 2017 वनडे विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड से केवल नौ रन से वह जीत नहीं पायी। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया के हाथों उसे नौ रन से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, हम इन कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि टूर्नामेंट में इस बार हम इन बाधाओं को पार करने में सफल रहेंगे। टी20 विश्वकप अक्टूबर में यूएई में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

# दलीप ट्रॉफी : अय्यर, सैमसन, पराग को मिलेगा खुद को साबित करने का एक और मौका

**अनंतपुर (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, रियान पराग और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों को गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दौर के मैचों में लंबी अवधि के प्रारूप में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा।

सत्र की शुरुआत में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में कोई नॉकआउट मैच नहीं होगा तथा सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनेगी। अभी दो मैचों में नौ अंकों के साथ भारत सी अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसके बाद भारत बी (07), भारत ए (06) और भारत डी (00) का नंबर आता है। रुतुराज गायकवाड की अगुवाई वाली भारत सी टीम अंतिम दौर के मैच में मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली भारत ए की टीम का सामना करेगी जबकि अभिमन्यु ईश्वरन के नेतृत्व वाली भारत बी की टीम भारत डी से भिड़ेगी जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए नजरअंदाज किए गए अय्यर को खुद को साबित करना पड़ेगा क्योंकि अभी तक वह प्रतियोगिता में आगे बढ़कर नेतृत्व नहीं कर पाए हैं। उनकी टीम अभी तक खाता भी नहीं खोल पाई है और ऐसे में अय्यर की जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है। भारत डी के बल्लेबाज संजू सैमसन और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर भी चयनकर्ताओं की निगाह टिकी रहेगी।

भारत बी की टीम में शामिल रिंकू सिंह पिछले मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उनका लक्ष्य यहां बड़ी पारी खेलना होगा। जहां तक भारत ए और भारत सी के बीच मुकाबले की बात है तो इसमें अग्रवाल, पराग और साईं सुदर्शन से बड़ी पारियों की उम्मीद है। पराग ने अभी तक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की है लेकिन उन्हें क्रीज पर अधिक समय बिताने की जरूरत है।




चोट से उबर कर वापसी करने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा अधिक ओवर करने पर ध्यान देंगे जबकि शम्स मुलानी एक और मैच विजेता प्रदर्शन करना चाहेंगे। इशान किशन ने भारत सी की तरफ से शतक जड़कर लंबी अवधि के प्रारूप में यादगार वापसी की लेकिन चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने के लिए उन्हें ऐसा प्रदर्शन जारी रखना होगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत ए –** मयंक अग्रवाल (कप्तान), रियान पराग, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत, प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, एसके रशीद, शम्स मुलानी, आकिब खान।

**भारत बी –** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन (विकेटकीपर), सुयश प्रभुदेसाई, रिंकू सिंह, हिमांशु मंत्री।

**भारत सी –** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ईशान किशन, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), संदीप वारियर।

**भारत डी –** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, सारांश जैन, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, संजू सैमसन (विकेटकीपर)), निशांत सिंधु, विदवथ कावेरप्पा।

# एलएलसी का तीसरा सत्र 20 सितंबर से

नई दिल्ली । लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का तीसरा सत्र 20 सितंबर से खेला जाएगा। इस लीग में केवल पूर्व क्रिकेटर ही खेल सकते हैं। ये लीग 16 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जिसमें कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जिसमें, इंडिया कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, कोणार्क सूर्यास, मणिपाल टाइगर्स, सदर्न सुपरस्टार और अर्बनराइजर्स हैदराबाद शामिल हैं। इस लीग के सभी मैच जोधपुर, जम्मू और कश्मीर व सूरत में खेले जाएंगे। इस बार इसमें क्रिस गेल, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, शिखर धवन, मोहम्मद कैफ और दिनेश कार्तिक जैसे स्टार क्रिकेटर भी शामिल हैं। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले शिखर धवन के अलावा दिनेश कार्तिक भी इसमें खेलेंगे दिखेंगे। इसमें छह टीमें के बीच 25 मैच खेले जाएंगे। खिताबी मुकाबला 16 अक्टूबर को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी आधारित इस टूर्नामेंट में 200 खिलाड़ियों का एक पूल बनाया गया है। एलएलसी के सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, 'लीजैंड्स लीग क्रिकेट का अगला सत्र शुरू होने वाला है। हमें खुशी है कि इस बार कश्मीर में भी मैच खेल जाएंगे। इससे कश्मीर के लोगों को भी स्टेडियम में मैच देखने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने कहा कि पिछले सत्र में इस लीग को देश में 18 करोड़ लोगों ने देखा था। पिछली बार इसमें सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला, रोस टेलर जैसे दिग्गजों ने खेला था।

# हेड तोड़ सकते हैं सूर्यकुमार रिकॉर्ड




सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड एकदिवसीय विश्वकप से ही जबरदस्त फार्म में हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखे हुए हैं। इस बल्लेबाज ने इस साल कई रिकार्ड बनाये है। अब उनके निशाने पर भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का एक रिकार्ड है। जिससे वह आने वाले दिनों में तोड़ सकते हैं। ये रिकार्ड है कैलेंडर ईयर में टी20 फॉर्मेट में 175 के स्ट्राइक रेट और 40 से अधिक की औसत से 1000 रन बनाने का। टी20 फॉर्मेट में अब तक सिर्फ दो बल्लेबाज ऐसे हुए हैं जिन्होंने एक कैलेंडर ईयर में 40 से अधिक की औसत से 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं। इसमें सूर्यकुमार यादव ने पहली बार 2022 में यह उपलब्धि हासिल की थी।सूर्या ने तब 41 पारियों में 45.54 की औसत से 1503 रन बनाए थे। सूर्या का स्ट्राइक रेट इस दौरान 175.99 रहा। ऑस्ट्रेलिया के हेड ने इस साल अब तक 39 पारियों में 1442 रन बना दिये हैं। इस दौरान उनका औसत 41.20 रहा। हेड इस साल अब तक 1 शतक और 13 अर्धशतक लगा चुके हैं। ट्रैविस हेड अब सूर्या के रिकॉर्ड से 61 रन ही पीछे हैं। जैसे ही वे 62वां रन लेंगे तो एक कैलेंडर ईयर में 40 से अधिक की औसत से सबसे अधिक रन बनाने वाले बैटर बन जाएंगे. हेड को यह रिकॉर्ड बनाने का मौका इस साल नवंबर में मिलेगा। नवंबर में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। उसमें हेड इस दौरान सूर्या को पीछे छोड़ सकते हैं। हेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक 49 टेस्ट, 65 वनडे और 38 टी20 मैच खेले हैं। उन्हें जितने मौके वनडे और टेस्ट मैचों में मिले हैं, उतने टी20 में नहीं मिले पर इस उनका प्रदर्शन तूफानी रहा है। जिससे हालात बदल गये हैं।

# ऋषभ पंत 632 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी को तैयार, बांग्लादेश के खिलाफ ही खेला था आखिरी मैच

**चेन्नई (एजेंसी)।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो साल में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं और बुधवार को नेट अभ्यास के दौरान उन्होंने अपने पुराने खेल की झलक पेश की। भयावह कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद क्रिकेट के मैदान पर शीर्ष स्तर पर वापसी करना साधारण बात नहीं है। इस बात पर विश्वास करना मुश्किल है कि पंत को पिछला टेस्ट मैच खेले हुए 632 दिन बीत चुके हैं।

संयोग ने उन्होंने अपना पिछला टेस्ट भी बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। पंत अब इसी टीम के खिलाफ बृहस्पतिवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में वापसी करने को तैयार हैं। इस बीच टीम के क्रिकेट परिदृश्य में तो अधिक बदलाव नहीं आाय लेकिन टीम में जगह बनाने के कुछ मजबूत दावेदार सामने आए। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में ध्रुव जुरेल ने अपनी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी से प्रभावित किया। अगर टीम प्रबंधन इस मैच के लिए जुरेल को ही खिलाने का फैसला करता तो कोई भी टीम को दोष नहीं दे सकता था लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पंत की अहमियत के बारे में बताया। गंभीर ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हम सभी जानते हैं कि वह (बल्लेबाज के तौर पर) कितना विध्वंसक हो सकता है और टेस्ट क्रिकेट में वह क्या कर सकता है। उसने दुनिया भर में हर जगह रन बनाए हैं।' उन्होंने कहा, 'हमेशा अच्छा होता है कि उसके जैसा कोई ऐसा खिलाड़ी हो जो हमारे लिए मैच में जीत की राह तैयार कर सके और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह बहुत प्रभाव भी डाल सके।' पंत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी सफेद गेंद के प्रारूप के साथ की और वह टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे लेकिन लंबे प्रारूप में कौशल और एकाग्रता को लेकर अलग तरह की चुनौती होती है। पंत ने हाल ही में बेंगलुरू में दलीप ट्रॉफी मैच में भारत बी के लिए खेलते हुए लाल गेंद के क्रिकेट के लिए तैयार होने की झलक पेश की। भारत ए के खिलाफ पहली पारी में 10 गेंदों पर सात रन बनाने के बाद पंत ने दूसरी पारी में 47 गेंद में नौ चौकों और दो छक्कों से 61 रन बनाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। पंत ने उस मैच में दूसरी पारी में पांच कैच सहित कुल सात कैच भी लपके। जुरेल इस दौरान भारत ए के लिए खेले लेकिन यह स्पष्ट था कि इस मुकाबले में नजरें पंत पर ही रहेंगी।




### संभावित प्लेइंग 11

**भारत–** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव/आकाश यादव, मोहम्मद सिराज, जसप्रित बुमरा

**बांग्लादेश–** जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल-हसन, लिटन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा

# बांग्लादेश ने महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम की घोषणा की, इसे मिली कप्तानी



ढाका । संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए बांग्लादेश ने टीम का ऐलान कर दिया है और निगार सुल्ताना जोटी को कप्तानी सौंपी गई है। जोटी स्पिन विकल्पों से भरपूर टीम की अगुआई करेंगी जिसमें उनके 15 खिलाड़ियों की टीम में कई बाएं और दाएं हाथ के साथ–साथ ऑफ–ब्रेक और लेग–ब्रेक विकल्प भी शामिल हैं। नाहिदा अख्तर, शोरना अख्तर, राबेया, सुल्ताना खातून और फहीमा खातून टीम में स्पिन गेंदबाजी की रीढ़ हैं। दूसरी ओर, युवा मारुफा अख्तर, जहांआरा आलम, सुश्री रितु मोनी और सोभना मोस्टरी से तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के साथ महिला टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप बी का हिस्सा है। महिला टी20 विश्व कप में बांग्लादेश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2014 में आया जब उन्होंने आयरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ जीत हासिल की। इस साल के आयोजन में उनका पहला मैच 3 अक्टूबर को शारजाह में स्कॉटलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच होगा।

**महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की टीम**

निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर, मुर्शिदा खातून, शोर्ना अख्तर, मारुफा अख्तर, राबेया, रितु मोनी, शोभना मोस्टोरी, दिलारा अख्तर (विकेटकीपर), सुल्ताना खातून, जहांआरा आलम, फाहिमा खातून, ताज नेहर, दिशा बिस्वास, शाति रानी

# आईसीसी ने जारी की टी20 रैंकिंग, इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन बने नंबर–1 ऑलराउंडर

स्पोर्ट्स डेस्क - आईसीसी ने बुधवार को टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंट जारी की। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई और नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त तीन मैचों की टी20 सीरीज में लियाम ने बैट और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने दो मैचों में 124 रन और 5 विकेट अपने नाम किए। लियाम ने 47 गेंद में 87 रन की शानदार पारी खेली, इस दौरान उन्होंने 6 चौके और पांच छक्के भी जड़े। उनकी इस पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी20 मैच में 194 रनों के लक्ष्य का पीछा कर लिया था। दो मैचों में कमाल का प्रदर्शन कर लियाम ने सात पायदान की बड़ी छलांग लगाई और नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। इस दौरान उन्होंने मार्कस स्टोयिस को पीछे छोड़ा है। मार्कस को दो स्थान का नुकसान हुआ है। वहीं टॉप–10 में हार्दिक पंड्या एकलौते भारतीय खिलाड़ी हैं। हार्दिक 199 अंक के साथ सातवें नंबर पर हैं। जबकि अक्षर पटेल 149 अंक के साथ 11वें स्थान पर हैं।

# पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग, चार साल के लिए टीम ने किया अनुबंध

नयी दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग को पंजाब किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह इस आईपीएल टीम में अपने हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे। पोंटिंग सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहने के बाद पंजाब किंग्स से जुड़े हैं। आईपीएल के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''पोंटिंग ने कल अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और यह चार साल का है। उसे टीम तैयार करने के लिए इतने समय की जरूरत पड़ेगी। बाकी के सहयोगी स्टाफ को लेकर फैसला पोंटिंग करेंगे।'' पोंटिंग के मार्गदर्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई। टीम इस दौरान 2020 में फाइनल में भी पहुंची। वह इससे पहले मुंबई इंडियन्स के भी कोच रह चुके हैं। पंजाब की टीम भी 2008 में लीग की शुरुआत से आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है और टीम के चार सह मालिकों को उम्मीद होगी कि पोंटिंग इस कमी को पूरा करेंगे। पंजाब की टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी और उसे टीम में लगातार बदलाव करने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ता रहा है। टीम पिछले सात सत्र में शीर्ष पांच में भी जगह बनाने में नाकाम रही है और इस साल हुए पिछले सत्र में 10 टीमों के बीच नौवें स्थान पर रही। बेलिस पिछले दो सत्र में टीम के कोच रहे जबकि अब संन्यास ले चुके शिखर धवन ने कप्तान की भूमिका निभाई। संजय बांगड़ टीम के क्रिकेट विकास प्रमुख थे जबकि तेज गेंदबाजी और स्पिन कोच की भूमिका क्रमश- चार्ल्स लेंगवेल्ट और सुनील जोशी निभा रहे थे।

# 'फाइनल वास्तव में तनावपूर्ण था', एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद बोले हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के बीच आपसी एकजुटता और एक दूसरे का साथ देने की अदम्य इच्छा से भारत को रिकॉर्ड पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली। भारत ने मंगलवार को हुलुनबिर में फाइनल में जुगराज सिंह के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से चीन को 1-0 से हराया। पाकिस्तान ने दक्षिण कोरिया पर 5-2 से जीत के साथ कांस्य पदक जीता।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा, 'फाइनल वास्तव में तनावपूर्ण था। चीन की टीम ने पूरे मैच के दौरान हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश की जिससे गोल करने के लिए मौका बनाना आसान नहीं था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन पिछले कुछ वर्षों में खिलाड़ियों का एक दूसरे पर भरोसा काफी बढ़ा है। हम एक दूसरे के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। इस तरह की एकजुटता से हमें मैच जीतने में मदद मिलती है।'

भारतीय कप्तान ने कहा, 'पिछले साल चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक, हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से टीम के अंदर गहरा सौहार्द पैदा हुआ है।' हरमनप्रीत ने इन प्रतियोगिताओं में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में 10 गोल किए। भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 26 गोल किए जिनमें सात गोल हरमनप्रीत ने दागे। उन्होंने अपने सभी गोल पेनल्टी कार्नर पर किये। हरमनप्रीत ने कहा कि आगे भी इस सफलता को बरकरार रखना महत्वपूर्ण होगा।

उन्होंने कहा, 'हमें गर्व है कि हम अपना खिताब बचाने में सफल रहे लेकिन काम यहीं पर समाप्त नहीं हुआ है। अभी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सुधार की जरूरत है। हमें एक टीम के रूप में मजबूत बनना होगा।' उप-कप्तान विवेक सागर ने कहा कि ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद प्रत्येक टीम का लक्ष्य भारत को हराना था। उन्होंने कहा, 'ग्रुप चरण में किसी भी टीम के खिलाफ खेलना आसान नहीं था। ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद प्रत्येक टीम ने भारत को हराना अपना लक्ष्य बनाया था। लेकिन हमारे प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।'



## जंग के बीच परमाणु परीक्षण करने की तैयारी में पुतिन

### –रूसी साइंटिस्ट ने सीक्रेट प्लान का किया खुलासा

मास्को। रूसी न्यूक्लियर टेस्टिंग साइट के प्रमुख ने यह खुलासा किया है कि उनकी सीक्रेट टेस्टिंग फैसिलिटी किसी भी क्षण परमाणु परीक्षण करने को तैयार है। उन्हें बस मॉस्को से आदेश का इंतजार है। आमतौर पर ऐसे बयान नहीं आते। ये बहुत ही दुर्लभ बयान है, जिसकी वजह से दुनिया में खलबली मच सकती है। रूस ने 1990 के बाद से आजतक एक भी परमाणु परीक्षण नहीं किया है। लेकिन पश्चिमी और रूस के रक्षा एक्सपर्ट्स का मानना है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन किसी भी समय परमाणु परीक्षण का आदेश दे सकते हैं। ताकि यूक्रेन और उसका साथ दे रहे देशों को सबक मिल सके। साथ ही वो रूस में लंबी दूरी की मिसाइलों के अटैक से बचें। उधर नॉर्वे की सीमा के पास रेडियोएक्टिव तत्व सेसियम–137 के कण मिले हैं। रेडियोएक्टिव कण मिलने की वजह से चर्चा और बढ़ गई है कि रूस जल्द ही परमाणु परीक्षण कर सकता है। परमाणु परीक्षण होगा या नहीं इस पर मॉस्को में चर्चा चल रही है। क्योंकि इस परीक्षण के बाद से चीन और अमेरिका को भी बढ़ावा मिलेगा। वो भी परीक्षण करेंगे। इससे परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच एक नई रेस शुरू हो जाएगी। इन तीनों देशों ने सोवियत संघ के खत्म होने के बाद से परीक्षण भी नहीं किए हैं।

## 40 साल की सबसे बड़ी भुखमरी , 6.8 करोड़ लोगों पर खाने का संकट

### –जिम्बाब्वे में 200 हाथियों को मारकर बांटेंगे मीट

हरारे। जिम्बाब्वे में भुखमरी से निपटने के लिए सरकार ने हाथियों को मारने का आदेश दिया है। जिम्बाब्वे के 4 जिलों में 200 हाथियों को मारकर उसके मीट को अलग–अलग समुदायों में बांटा जाएगा। जिम्बाब्वे पार्क एंड वाइल्ड लाइफ अथॉरिटी ने इस बात की पुष्टि की है। दरअसल, जिम्बाब्वे पिछले 4 दशकों में सबसे बड़ी सूखे की समस्या से जूझ रहा है। इस वजह से देश की लगभग आधी आबादी पर खाने का संकट है। अल नीनो की वजह से पड़े सूखे की वजह से देश की पूरी फसल बर्बाद हो गई है। ऐसे में जिम्बाब्वे के 6 करोड़ 80 लाख से ज्यादा लोग खाने की कमी से जूझ रहे हैं।

**देश में हाथियों की तादाद कम करने का भी लक्ष्य**

पार्क एंड वाइल्ड लाइफ अथॉरिटी के प्रवक्ता फरावो ने कहा कि हाथियों की हत्या के पीछे दूसरा मकसद जिम्बाब्वे के पार्कों में हाथियों की तादाद कम करना है। दरअसल, जिम्बाब्वे में करीब 1 लाख हाथी रहते हैं। हालांकि, यहां के पार्क में सिर्फ 55 हजार हाथियों को रखने की जगह है। वहीं सूखे की वजह से देश के नागरिकों और हाथियों के बीच संतुलन बनाए रखने में दिक्कत बढ़ने की आशंका है। पिछले साल जिम्बाब्वे में हाथियों के हमले में 50 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले साल 1988 में जिम्बाब्वे में इस तरह हाथियों को काटकर उनके मीट को बेचा गया था।

## इजरायल एआई के लिए करेगा 13.3 करोड़ डॉलर का निवेश

यरूशलम। इजरायल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए 13.3 करोड़ डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। इसतरह का निवेश एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास पर केंद्रित होगा और राष्ट्रीय एआई कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। इजरायल इनोवेशन अथॉरिटी ने कहा कि यह धनराशि पब्लिक सेक्टर में एआई एकीकरण को बढ़ावा देने में इस्तेमाल होगी। इस निवेश के तहत, सरकार द्वारा संचालित मंत्रालयों और स्थानीय अधिकारियों के लिए एक ज्ञान केंद्र का निर्माण होगा। यह केंद्र एआई के क्षेत्र में ज्ञान और संसाधनों को साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, इजरायल इनोवेशन अथॉरिटी ने राष्ट्रीय एआई अनुसंधान संस्थान की स्थापना और रक्षा से जुड़ी परियोजनाओं का समर्थन करने की योजना बनाई है। अथॉरिटी के अनुसार, आवंटन का मुख्य उद्देश्य मानव पूंजी को मजबूत करना है। इसके लिए एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों को इजरायल की ओर आकर्षित करने के प्रयास किए जाएंगे। इस पहल के तहत उच्च तकनीक वाली परियोजनाओं को महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान किए जाएंगे और एआई अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए एडवांस्ड डिग्री छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही, क्षेत्र में विनियमन, नैतिकता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस निवेश के पीछे एक प्रमुख उद्देश्य युद्ध में एआई के उपयोग को भी शामिल किया जा सकता है। हाल के दिनों में, इजरायल ने गाजा में हमास के शीर्ष नेताओं को खोजने और निशाना बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल किया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि देश की एआई परियोजनाओं में सुरक्षा और रक्षा के पहलुओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

## भारी बारिश और बाढ़ से मध्य यूरोप के 6 देशों में त्राहीमाम

प्राग। मध्य यूरोप में इनदिनों भयानक आसमानी आफत आई। तेज बारिश के बाद आई बाढ़ से अब तक 22 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। रोमानिया, पोलैंड, चेक गणराज्य, ऑस्ट्रिया जैसे देशों की हालत खराब है। भारी बारिश से नदियां ऊफान पर हैं। कई शहर, कस्बे और गांव पानी डूबे हुए हैं। ये तस्वीर रोमानिया की है। बाढ़ ऐसी कि रोमानिया से पोलैंड करीब 1200 किलोमीटर की दूरी तक सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है। बाढ़ ने चेक गणराज्य, स्लोवाकिया, ऑस्ट्रिया, हंगरी तक को परेशान कर दिया है। बाढ़ से मध्य यूरोप के छह देशों में तबाही मची हुई है। चेक गणराज्य और पोलैंड की सीमा वाले इलाके ज्यादा प्रभावित हैं। यहां वीकेंड पर तेज बहाव के साथ नदियों में बहता हुआ कचरा आया। जिससे कई ऐतिहासिक कस्बे बर्बाद हुए और ब्रिज टूट गए। रोमानिया में बाढ़ की वजह से सात लोगों की मौत हो गई। पोलैंड में भी सात लोग मारे गए हैं। ऑस्ट्रिया में पांच की मौत हुई है। चेक गणराज्य में तीन लोगों की मौत हुई है। हजारों घरों में बिजली नहीं है। पोलैंड का तीसरा सबसे बड़ा शहर रोक्लॉ वर्तमान में ओडेर और बिस्त्रजिका नदियों के ऊफान से बचने का प्रयास कर रहा है। इस शहर के आधे हिस्से में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। पोलैंड में इमरजेंसी टीम में राहतकर्मी ने कहा कि यहां हर कोई एकदूसरे की मदद कर रहा है। चाहे वह छोटा बच्चा हो या फिर बुजुर्ग। जिसमें भी दम है, वहां कम से कम कुछ नहीं रेत की बोरियां रख रहा है। रोक्लॉ चिड़ियाघर के प्रशासन ने लोगों से मदद मांगी ताकि जानवरों को पानी से बचाने के लिए सैंडबैग रखे जा सकें। शहर के मुख्य चर्च में मौजूद 4.50 लाख किताबों को बचाने के लिए लोगों ने उन्हें ऊंचाई वाली जगहों और फ्लोर पर शिफ्ट किया है। रोक्लॉ से करीब 60 किलोमीटर दूर लेविन ब्रेजस्की में पानी बाढ़ का असर ज्यादा है। वहीं हंगरी के वाइसग्राद और जेनटेंड्रे में भारी तबाही मची है। डानुबे नदी की बाढ़ को रोकने के लिए मोबाइल डैम लगाए गए हैं। बुडापेस्ट भी पानी के बढ़ते जलस्तर से बचने के लिए पूरी तैयारी कर रहा है।

## पहले शेख हसीना को भगाया अब मोहम्मद यूनुस के पीछे पड़े बीएनपी के कार्यकर्ता

ढाका। बांग्लादेश के लोग क्या चाहते हैं ये उन्हे खुद नहीं मालूम। पहले शेख हसीना के खिलाफ मोर्चा खोला और उन्हे देश से ही बाहर कर दिया। अब अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के पीछे बीएनपी के लोग पड़े हैं। यूनुस के नेतृत्व में बनाई गई अंतरिम सरकार के खिलाफ जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को हजारों लोग ढाका की सड़कों पर उतर आए, जिनमें मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकर्ता और नेता भी शामिल थे। ये प्रदर्शनकारी जल्द चुनाव करवाकर लोकतांत्रिक ढंग से नई सरकार बनाने की मांग कर रहे थे। मोहम्मद यूनुस को शेख हसीना के इस्तीफे के बाद देश की बागडोर सौंपी गई थी। उनका नेतृत्व अस्थायी सरकार का था, जिसका उद्देश्य देश में सुधार और स्थायित्व लाना था। हालांकि, यूनुस की सरकार ने अभी तक चुनाव की कोई स्पष्ट समयसीमा जारी नहीं की है, जिससे जनता में नाराजगी बढ़ रही है। यूनुस ने हाल ही में कहा था कि वह तब तक सत्ता में रहेंगे, जब तक लोग ऐसा चाहेंगे, लेकिन चुनाव की तारीख को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया। बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक रहमान ने कहा कि उनकी पार्टी ने शुरू में यूनुस सरकार द्वारा प्रस्तावित सुधारों का समर्थन किया था, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सुधार तभी सार्थक होंगे जब लोगों को अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। रहमान ने कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ही देश में राजनीतिक सशक्तिकरण सुनिश्चित कर सकते हैं।



वाशिंगटन में अमेरिकी सीनेट में राइट टू आईवीएफ बिल पर वोट से पहले सीनेट के नेता सयूमर।

## यूक्रेन को बर्बादी से कोई नहीं बचा सकता : कजाकिस्तान

अस्ताना। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्ध खत्म करने की बात तो करते हैं, लेकिन वे किसी भी तरह से यूक्रेन के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की भी हथियार नहीं डालना चाहते और इसी वजह से जंग बदस्तूर जारी। इस बीच, कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम–जोमार्ट टोकायेव ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसे सुनकर जेलेंस्की के पांव के नीचे की जमीन खिसक सकती है। दरअसल, उनका कहना है कि रूस 'सैन्य रूप से अजेय' है। अगर यूक्रेन युद्ध आगे बढ़ता है तो इसके परिणाम पूरी मानव जाति के लिए 'बहुत गंभीर' होंगे। उन्होंने सोमवार को जर्मनी के दौरे पर आए चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से मुलाकात के दौरान यह बातें कही। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति ने कहा, दुर्भाग्य से, इस्तांबुल ने समझौते की पुष्टि करने से इनकार कर दिया और सुलह हासिल करने का सबसे अच्छा अवसर खो दिया। हालांकि, शांति के लिए अभी भी एक मौका है। विभिन्न देशों की सभी शांतिपूर्ण पहलों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की जानी चाहिए। शत्रुता की समाप्ति के लिए एक समझौते पर पहुंचना ही चाहिए ।टोकायेव ने स्पष्ट किया कि उनके देश और यूक्रेन के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि कजाकिस्तान दूतावास अभी भी कीव में काम कर रहा है। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने पुष्टि की कि वे पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने में रुचि रखते हैं।



# अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में मोदी की इंट्री, ट्रंप ने दावा किया- मोदी मुझसे मिलने आ रहे हैं

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंट्री अब अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हो गई है। ये इसलिए कहा जा रहा है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप सीना ठोककर कह रहे हैं कि पीएम मोदी मुझसे मिलने अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने मिशिगन के फ्लिंट में अपने चुनावी अभियान के एक कार्यक्रम में बैठक की घोषणा की है। इस बैठक में वह भारत के साथ अमेरिकी व्यापार संबंधों के बारे में बातचीत कर रहे थे। हालांकि यह मुलाकात कहां होगी इसकी जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया था। इसके मुताबिक पीएम मोदी अमेरिका में क्वॉड बैठक में हिस्सा लेने के साथ-साथ कई दूसरे कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ट्रंप से भी मुलाकात कर सकते हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति रहते 2017 से 2021 के दौरान पीएम मोदी और ट्रंप में एक



मजबूत साझेदारी नजर आई थी। इस दौरान ह्यूस्टन में हाउडी मोदी और भारत में नमस्ते ट्रंप जैसे कार्यक्रम भी आयोजित हुए थे जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था।

पीएम नरेंद्र मोदी विलमिंगटन, डेलावेयर में चौथे क्वाड लीडर्स समिट में हिस्सा लेंगे जिसकी मेजबानी 21 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि क्वाड समिट में नेता पिछले एक साल में क्वाड द्वारा हासिल की गई प्रगति की समीक्षा करेंगे और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों को उनके लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए आने वाले साल के लिए एजेंडा तय करेंगे। वहीं 22 सितंबर को पीएम मोदी न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय की एक सभा को भी संबोधित करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वह एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और जैव प्रौद्योगिकी के अत्याधुनिक क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी अमेरिकी कंपनियों के सीईओ के साथ भी बातचीत करेंगे। इसके अलावा मोदी 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शिखर सम्मेलन का विषय बेहतर कल के लिए बहुपक्षीय समाधान है। शिखर सम्मेलन में बड़ी संख्या में वैश्विक नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान मोदी कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

ट्रंप और पीएम मोदी के रिश्ते ने अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। दोनों नेताओं ने खास तौर से रक्षा और रणनीतिक मामलों में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित किया था। व्यापार संबंधी विवादों के बावजूद उनकी साझेदारी मजबूत रही, जिसने क्वाड जैसी पहल के माध्यम से सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा दिया।

## कनाडा में आम चुनाव से पहले पीएम ट्रूडो विपक्ष के सामने पड़ रहे कमजोर

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो आम चुनाव से पहले राजनीतिक संकट का सामना कर रहे हैं। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में उनका प्रदर्शन विपक्षी दलों के मुकाबले कमजोर दिख रहा है। इस बीच मॉन्ट्रियल के लासेल-एमार्ड-वर्डुन संसदीय क्षेत्र में उपचुनाव ट्रूडो के लिए एक अहम परीक्षा है। यह सीट लिबरल पार्टी की सुरक्षित मानी जाती है और यहां लिबरल पार्टी हारती है, तो इसका आगामी आम चुनावों पर गहरा असर पड़ेगा। उपचुनाव लिबरल सांसद के इस्तीफे के बाद हो रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र में लिबरल पार्टी को सामान्यतः जीत की उम्मीद है, सर्वेक्षणों के मुताबिक मुकाबला कड़ा है। लिबरल पार्टी हारती है, तो इसका पूरा ध्यान पीएम ट्रूडो पर जाएगा, जो करीब 9 सालों से पद पर हैं और हाल ही में उनकी लोकप्रियता में गिरावट आई है। पार्टी के कुछ नेता ने ट्रूडो के नेतृत्व पर सवाल उठाया है वे पद छोड़ दें।

सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लिबरल पार्टी आगामी संघीय चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के पियरे पोलिएवर से बुरी तरह हार सकती है। लेगर पोल ने



कंजर्वेटिव पार्टी को 45 फीसदी समर्थन दिया, जबकि लिबरल पार्टी केवल 25फीसदी समर्थन मिल रहा है। 2021 के चुनाव में, लिबरल्स ने लासेल-एमार्ड-वर्डुन में 43फीसदी वोट मिला था, जबकि क्यूबेकॉइस ब्लॉक और न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी को 22फीसदी और 19फीसदी वोट मिले थे। अब पोल में तीनों पार्टियां करीब-करीब बराबरी पर हैं। लिबरल पार्टी ने चुनाव के दौरान पोलिएवर को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक के रूप में चित्रित करने की योजना बनाई है, जबकि पोलिएवर ने सीबीसी के फंडिंग को बंद करने का भी प्रस्ताव रखा है। इस उपचुनाव के परिणाम ट्रूडो की राजनीतिक दिशा को काफी हद तक निर्धारित कर सकते हैं और पूरे देश की राजनीति पर प्रभाव डाल सकते हैं।

## हमास को छोड़िए... अब हिजबुल्ला को खत्म करने में जुटा इजरायल

**तेहरान (एजेंसी)।** इजरायल और हिजबुल्ला के बीच की जंग लगातार तेज होती जा रही है। इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर जोरदार हमला कर एक फुटेज जारी किया है जिसमें लेबनान में हिजबुल्ला के अलग अलग ठिकानों पर हमला किया गया है। हमला दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य ठिकानों पर हुआ है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि गाजा में युद्ध के लिए उनके टारगेट को बढ़ाया गया है। लेबनानी सीमा के पास के इलाकों से भागे इजरायलियों को उनके घरों में वापस लौटने में सक्षम बनाना शामिल है। इजरायल द्वारा गाजा पर युद्ध शुरू करने के बाद से इजरायली सेना और ईरान समर्थित लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के बीच लगभग हर दिन सीमा पार से गोलीबारी होती रही है।

अमेरिका क एक शीर्ष दूत ने लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ लड़ाई को बढ़ाने पर इजरायल को चेतावनी दी है। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तरी सीमा क्षेत्रों से निकाले गए इजरायलियों को उनके घरों में वापस लाने के लिए सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र रास्ता बची है। अमेरिका का ये



बयान उसकी बढ़ती चिंता को दिखाता है कि गाजा में संघर्ष फैल सकता है।

यमन के ईरान-समर्थित विद्रोहियों द्वारा दागी गई एक मिसाइल मध्य इजराइल के एक खुले क्षेत्र में गिरी, जिससे उसके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई हमले के सायरन बज उठे। इजराइल ने इसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई का संकेत दिया है। हमले में किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन इजराइली मीडिया ने कुछ वीडियो प्रसारित किए हैं जिनमें दिख रहा है कि बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लोग शरण लेने के लिए भाग रहे हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि इसके तुरंत बाद सामान्य परिचालन फिर से शुरू हो गया। मध्य इजराइल के एक ग्रामीण क्षेत्र में आग की लपटें देखी जा सकती थीं।

## स्पेस में फंसी सुनीता विलियम्स आज अंतरिक्ष में ही मनाएंगी बर्थडे

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** सुनीता विलियम्स जो इस समय स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण अपने दोस्त के साथ स्पेस में फंसी हुई हैं। उन्हें धरती पर लौटने में अभी चार-पांच महीने और लग सकते हैं। अपने साथ विल्मोर के साथ चुनौतियों का सामना कर रहीं सुनीता अंतरिक्ष यात्री 19 सितंबर को धरती से करीब 400 किलोमीटर दूर अपना 59वां जन्मदिन मानएंगी। इससे पहले भी वह स्पेस में अपना बर्थडे मना चुकी हैं। सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर 1965 को हुआ था। वह भारत के अहमदाबाद (गुजरात) से ताल्लुक रखती हैं और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिए से अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी



महिला हैं। उनसे पहले कल्पना चावला ने यह उपलब्धि हासि की थी।

जून 1998 में उनका अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ और ट्रेनिंग शुरू हुई। सुनीता विलियम्स जो अमेरिका के अंतरिक्ष मिशन पर गई हैं। वह सितंबर-अक्टूबर 2007 में भारत भी आई थीं। जून, 1998 से नासा से जुड़ी सुनीता ने अभी तक कुल 30 अलग-अलग विमानों में 3 हजार हजार घंटे से ज्यादा उड़ान भरी है। साथ ही सुनीता सोसायटी ऑफ एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट्स, सोसायटी ऑफ फ्लाइट टेस्ट इंजीनियर्स और अमेरिकी हेलिकॉप्टर एसोसिएशन जैसी संस्थाओं से भी जुड़ी हुई हैं। सुनीता विलियम्स नौसेना पोत चालक, हेलीकाप्टर पायलट, परीक्षण पायलट, पेशेवर नौसैनिक, तैराक, पशु-प्रेमी, मैराथन धाविका और अब अंतरिक्ष यात्री एवं विश्व-कीर्तिमान धारक हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों से उन्हें नेवी कमेंडेशन मेडल, नेवी एंड मरीन कॉर्प अचीवमेंट मेडल, ह्यूमैनिटेरियन सर्विस मेडल जैसे कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। सुनीता को 2008 में भारत सरकार द्वारा विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

## टॉप–10 अमीरों की सूची से बाहर हुए मुकेश अंबानी, अब 12 वें पायदान पर

न्यूयॉर्क। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी एक स्थान फिसल कर अब 12वें स्थान पर आ गए हैं। अब टॉप–10 अरबपतियों में उनकी एंट्री थोड़ी मुश्किल हो गई है। दूसरी ओर गौतम अडानी एक बार फिर 15 स्थान पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह भी एक पायदान फिसल कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि इस साल कमाई के मामले में दूसरे नंबर पर एनवीडिया के मालिक जेनसेन हुआंग हैं। इनकी दौलत इस साल 57.4 अरब डॉलर बढ़ी है। दुनिया के 14वें नंबर के अरबपति की कुल संपत्ति 101 अरब डॉलर है। इनके बाद लैरी एलिसन ने 55.5 अरब डॉलर की कमाई की है। इनका नेटवर्थ 178 अरब डॉलर है और ये दुनिया 5वें सबसे बड़े रईस हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा रैकिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी अब 112 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 12वें पोजीशन पर हैं। उन्हें पीछे छोड़कर अमानसियो ओरटेगा दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 11वें नंबर पर पहुंच गई हैं। इनकी संपत्ति 113 अरब डॉलर हो गई है। मंगलवार को मुकेश अंबानी की संपत्ति जहां 335 मिलियन डॉलर बढ़ी तो वहीं अमानसियो के नेटवर्थ में 1.24 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। यह अंतर ही उन्हें अंबानी से आगे कर दिया। अरबपतियों की लिस्ट में एलन मस्क 249 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ पहले पोजीशन पर बरकरार हैं।

# लेबनान में पेजरों में हुए धमाकों में 11 की मौत, हजारों घायल

### –मोसाद की प्लानिंग : ताइबान में बने 5 हजार पेजरों में था 3 ग्राम विस्फोटक

**बेयरूत (एजेंसी)।** बीती रात लेबनान में हुए पेजरों में धमाकों से 11 लोगों की मौत हुई और 9 हजार घायल हुए हैं। इस घटना ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। हमले के तार इजरायल से जोड़े जा रहे हैं। हालांकि, इजरायल की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। इसी बीच खबरें ये भी हैं कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने 5 हजार पेजरों में छोटे विस्फोटक शामिल कर दिए थे।

आंकड़े बता रहे हैं कि लेबनान के अलग-अलग हिस्सों में हिजबुल्ला के कुछ सदस्यों समेत 11 लोगों की मौत हुई है। साथ ही करीब 9 हजार लोग घायल हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि कोडेड मैसेज मिलने के बाद 3 हजार पेजर फट गए। एक अन्य सुरक्षा सूत्र ने बताया है कि नए पेजरों में 3 ग्राम तक विस्फोटक था, जिसका हिजबुल्ला को महीनों तक पता ही नहीं चला। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि समूह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 'हैंडहेल्ड पेजर' के नये ब्रांड पहले गर्म हुए, फिर उनमें विस्फोट हो गया। अधिकारी ने बताया कि इसमें उसके कम से कम दो सदस्यों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए।

हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह ने पहले समूह के सदस्यों को सेलफोन न रखने की चेतावनी देते हुए कहा था कि उनका इस्तेमाल इजराइल की तरफ से उनकी गतिविधियों पर नजर रखने और लक्षित हमले करने के लिए किया जा सकता है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी अस्पतालों को आपातकालीन रोगियों को भर्ती करने के लिए सतर्क रहने और पेजर रखने वालों से खुद को पेजर से दूर रखने को कहा है। मंत्रालय ने स्वास्थ्य कर्मियों से वायरलेस उपकरणों का उपयोग करने से बचने को भी कहा है।रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान के सुरक्षा सूत्रों और अन्य सूत्रों ने बताया है कि मोसाद ने ताइवान में बने 5 हजार पेजरों में छोटे विस्फोटक लगा दिए थे। ये पेजर हिजबुल्ला ने कुछ महीनों पहले ही ऑर्डर किए थे। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि इस घटना की योजना कई महीनों पहले से बनाई जा रही थी। इस घटना के बाद हिजबुल्ला ने इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है।लेबनान सिक्युरिटी से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि समूह ने ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो से 5 हजार बीपर्स ऑर्डर किए थे। खबरें हैं कि इस साल ही ये लेबनान पहुंचे थे। पेजर मॉडल एपी 924 अन्य पेजरों की तरह मैसेज भेज सकता है और रिसीव कर सकता है, लेकिन इससे कॉल नहीं किया जा सकता। बातचीत में पहले दो सूत्रों ने बताया था कि हिजबुल्ला के लड़ाके इजरायल की तरफ से लोकेशन ट्रैकिंग से बचने के लिए पेजर्स का इस्तेमाल करते थे।





## भारत का ऑपरेशन सद्भाव... म्यांमार को 32 टन राहत सामग्री भेजी

नई दिल्ली। भारत ने एक सैन्य परिवहन विमान से म्यांमार को 32 टन राहत सामग्री भेजी है। यह राहत सामग्री तूफान से प्रभावित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की सहायता के लिए दो दिन पहले शुरू किए गए ऑपरेशन सद्भाव के तहत भेजी गई। तूफान यागी से म्यांमार, लाओस और वियतनाम के विभिन्न हिस्से भयंकर बाढ़ की चपेट में हैं। भारत पहले ही वियतनाम और लाओस को राहत सामग्री भेज चुका है। भारत ने आईएनएस सतपुड़ा के द्वारा म्यांमार को राशन, कपड़े और दवाइयों सहित 10 टन सहायता भेजी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन सद्भाव जारी है, भारत ने म्यांमार को सहायता की दूसरी खेप भेजी है। उन्होंने कहा कि वायुसेना का विमान म्यांमार के लोगों के लिए स्वच्छता किट व दवाओं सहित 32 टन राहत सामग्री ले जा रहा है। जायसवाल ने कहा कि नौसेना म्यांमार के लिए अतिरिक्त 10 टन राशन ले जा रही है। ऑपरेशन सद्भाव आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ) क्षेत्र में मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) में योगदान के भारत के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। इसके अलावा, भारत ने हाल में पड़े सूखे से निपटने में मदद के लिए नामीबिया को आज 1000 मीट्रिक टन चावल भेजा।

## पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठिए को बीएसएफ जवानों ने किया ढेर

अमृतसर। पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर घुसपैठ कर रहे घुसपैठिए को सुरक्षा बल के जवानों ने ढेर कर दिया। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने विगत रात करीब 9.15 बजे अमृतसर जिले के रतनखुर्द गांव इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारत में घुसने वाले घुसपैठिए को देखा गया। इसके बाद जवानों ने उसे चुनौती दी, लेकिन इसके बाद भी घुसपैठिए आगे बढ़ता गया और आक्रामक होता दिखा। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात जवानों ने आगे बढ़ रहे घुसपैठिए पर गोली चलाई और उसे मौके पर ही ढेर कर दिया। बीएसएफ के मुताबिक उसके पास 270 रुपए की पाकिस्तानी मुद्रा और 10 रुपए का आधा फटा हुआ नोट भी बरामद किया गया है। सुरक्षा बल ने बताया कि बाद में उसकी लाश घरिंडा पुलिस थाने को सौंप दी गई। बता दें बीएसएफ पंजाब में पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करती है।

## सेना का वाहन फिसलकर खाई में गिरा, एक कमांडो की मौत, 3 घायल

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक सेना का वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में चार जवान घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों व बचावकर्मियों ने घायल जवानों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया, जिसमें इलाज के दौरान लांसनायक बलजीत सिंह की मौत हो गई। वहीं तीन घायलों का इलाज जारी है। सेना के अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मंगलवार रात गहरी खाई में सेना का वाहन गिरने से चार कमांडो घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना सीमावर्ती जिले के मंजाकोट इलाके में हुई, वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों व बचावकर्मियों ने घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया जनमें से दो की हालत गंभीर बताई थी। जिसमें लांसनायक बलजीत सिंह की मौत हो गई है। बता दें कि 9 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर भारतीय जवानों ने घुसपैठ की साजिश को नाकाम कर दिया है। घुसपैठ कर रहे दो आतंकियों को जवानों ने मार गिराया। जानकारी के मुताबिक खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस को घुसपैठ का इनपुट मिला था, जिसके बाद एलओसी पर अलर्ट था। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसिया हाई अलर्ट पर है। इससे पहले 30 अगस्त को भारतीय सेना के जवानों ने चुनाव से पहले एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया था।

## गणेश विसर्जन के दौरान कहीं पत्थरबाजी, तो कहीं छेड़छाड़ को लेकर चली लाठियां

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के भिवंडी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पत्थर फेंके गए इस दौरान दो गुटों में टकराव की स्थित पैदा हो गई लेकिन पुलिस प्रशासन की सतर्कता से इस कंट्रोल कर लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई शुरु कर दी है। आरोपियों की शिनाख्त कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। जॉइंट सीपी ज्ञानेश्वर चव्हाण ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस इलाके में तैनात है। घटना स्थल से कई लोगों के हिरासत में लिया गया है जिनकी जांच पड़ताल पुलिस कर रही है। वहीं राजस्थान के बारां में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मामूली विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया। बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद बंजारा और गुर्जर समाज के लोग आपस में भिड़ गए। इस लड़ाई में दोनों पक्षों के कुल 13 लोग घायल हुए हैं। इस दौरान गुस्साई भीड़ ने दो बाइकों में आग लगा दी। सीसवाली के थाना प्रभारी छोटूलाल ने बताया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन किया जा रहा था। इस दौरान लड़की से छेड़छाड़ के आरोप पर एक पक्ष के युवकों की दूसरे पक्ष के युवकों से विवाद हो गया। इस विवाद को देखकर एक समाज के लोग आक्रोशित हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठियों से हमला कर दिया। पुलिया पर एक पक्ष के लोग अपनी बाइक छोड़ कर भाग गए। दोनों बाइकों को भीड़ ने आग लगा दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

## छात्रा से दुष्कर्म के मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग छात्रा के अपहरण और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बुधवार को दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप बालियान ने बताया कि विशेष न्यायाधीश मंजुला भालोटिया की अदालत ने दर्शन और संजी नामक दो लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास तथा 50-50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 2011 को पुरकाजी थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 साल की लड़की को स्कूल जाते समय रोककर पास के खेत में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों ने दुष्कृत्य से लड़की का मुंह बंद करके उसके साथ दुष्कर्म किया था।

## बाप रे बाप... मध्य प्रदेश में बारिश का तांडव, 640 लोगों की मौत

**– 1 जून से 17 सितंबर तक प्रदेश में 15 प्रतिशत ज्यादा बारिश**

भोपाल। मध्य प्रदेश में मानसून ने इस बार भारी तबाही मचा दी है। राज्य में अब तक 640 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जो बारिश से संबंधित घटनाओं में मारे गए हैं। यह आंकड़ा उन वर्षों का है, जो बरसात हो चुके हैं। इस साल मानसून ने राज्य में 15 प्रतिशत अधिक बारिश की है, जिससे कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी पैदा हो गई है और जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पिछले सप्ताह, 12 सितंबर को, राज्य के विभिन्न हिस्सों में चलाए गए बचाव अभियानों के दौरान 14 शव बरामद हुए थे। लगातार हो रही बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखकर राज्य सरकार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को छुट्टी पर नहीं जाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि 30 सितंबर तक राज्य में बारिश की संभावना बनी हुई है, और इस स्थिति को देखकर सभी प्रशासनिक कर्मियों को अत्यंत सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस साल की मानसून सीजन में 1 जून से 17 सितंबर तक प्रदेश में 1040.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य बारिश का आंकड़ा 905.3 मिलीमीटर होता है। यानी इस बार बारिश का आंकड़ा 15 प्रतिशत अधिक है। केवल रीवा जिले को छोड़कर, बाकी सभी जिलों में औसत या औसत से अधिक बारिश हुई है। इसके परिणामस्वरूप, पिछले हफ्ते राज्य के 54 में से 31 बांधों के गेट खोल दिए गए थे, जिससे बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई है। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीईआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान चलाया है, जिसमें हवाई बचाव अभियान भी शामिल हैं। कलेक्टरों को निर्देश है कि यदि किसी की जान जाती है, तब उसके परिजनों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाए। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में और अधिक बारिश हो सकती है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

# बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है सपा: सीएम योगी

**लखनऊ/गाजियाबाद। (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है। पिछले कुछ दिनों में बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले जितने भी दरिंदे पकड़े गए हैं, उन सबके संबंध समाजवादी पार्टी से हैं। उन्होंने कहा कि अपने संस्कार के अनुरूप सपा के नेता भारत की धर्म और संस्कृति के प्रतीक धर्माचार्यों को माफिया बोल रहे हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा भस्मासुर हैं, जब भी जनता ने इन्हें शक्ति प्रदान की इन्होंने उसी शक्ति का दुरुपयोग जनता की आस्था पर प्रहार करने के लिए किया।

सीएम योगी बुधवार को गाजियाबाद के रामलीला ग्राउंड घंटाघर में आयोजित वृहद रोजगार मेला के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 10,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 632 लाभार्थियों को ?327 करोड़ से अधिक का ऋण एवं 6,000 से अधिक युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में आयोजित हो रहे रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार को एक नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को आज भी 2017 के पहले की सरकारों की



कारगुजारियां याद आती हैं।

सीएम योगी ने कहा कि माफिया और दंगाई विपक्षियों की कमाई का जरिया थे, जब किसी की कमाई पर हमला होता है तो उसका गैंग लीडर उग्र हो जाता है। फिर वह सामान्य शिष्टाचार को भूलकर अनर्गल प्रलाप करने लगता है। माफिया और दंगाई के गायब होने से आज उनके आका परेशान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस जाति के नाम पर वर्ग संघर्ष कराकर दंगाइयों को लूटपाट करने की छूट देंगे। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाजवादी पार्टी के इस मॉडल को ध्वस्त करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन वर्ष उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। तीन वर्ष में उत्तर प्रदेश को देश में नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनाना है।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले केंद्र की कांग्रेस सरकार हिंदुओं को दबाने के लिए कानून बना रही थी। रामसेतु को तोड़ने की योजना पर कार्य कर रही थी। अयोध्या में राम मंदिर बनने के मार्ग में बाधक बन रही थी। कश्मीर में उग्रवाद को पनपा रही थी। देश की सुरक्षा में सेंध लगा रही थी। वहीं 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में सपा भी कांग्रेस के नक्शेकदम पर चल रही थी। गुंडागर्दी और अराजकता चरम पर थी। हर दूसरे दिन प्रदेश में कहीं न कहीं दंगे होते थे। उन्होंने कहा कि दुर्दांत अपराधी, वन माफिया, पशु माफिया और भू-माफिया के सामने सपा के नेता घुटने टेककर नाक रगड़ते थे।

सीएम योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें प्रदेश के युवाओं का शोषण करती थीं। उनके कार्यकाल में किसान आत्महत्या के लिए मजबूर थे और व्यापारियों को पलायन करना पड़ता था। सपा के कारण ही कैराना और कांधला से हिंदू व्यापारियों को पलायन करना पड़ा था। बेटी की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। उन्होंने कहा कि आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी का सम्मान होता है। युवाओं के लिए रोजगार है तो किसान भी आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो उसके भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ करेगी।

## राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी... कांग्रेस ने दर्ज कराया केस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को तुगलक रोड थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है, इसमें 4 भाजपा नेताओं पर राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक और धमकी भरे बयान देने का आरोप लगा है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने शिकायत में रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के अलावा दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक, महाराष्ट्र के शिवसेना विधायक, और उत्तर प्रदेश के एक मंत्री का नाम लिया है। कांग्रेस नेता माकन ने कहा कि पिछले सप्ताह एक भाजपा नेता ने राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी थी। उनके अनुसार, भाजपा नेता ने बयान दिया था कि राहुल गांधी संभल जाओ नहीं तुम्हारा वहीं हाल होगा जो तुम्हारी दादी का हुआ था। माकन ने बताया कि इस बयान का संदर्भ इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत से है। माकन ने कहा कि यह बयान राजनीति के न्यूनतम मानकों को भी पार कर गया है। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की आलोचना की, जिन्होंने न इस बयान की निंदा की और न ही इसके खिलाफ कोई कार्रवाई की। माकन ने आरोप लगाया कि भाजपा के एक सहयोगी ने राहुल गांधी की जुबान काटने पर 11 लाख रुपये देने का ऐलान किया है, जो उनके अनुसार, राजनीतिक असहिष्णुता का प्रतीक है। मानक ने कहा कि इतना ही नहीं भारत सरकार के एक मंत्री ने राहुल गांधी को आतंकवादी कहकर उन्हें निशाना बनाया है, क्योंकि राहुल गांधी द्वारा किए गए बयान और कार्य भाजपा नेताओं को पसंद नहीं आ रहे हैं। माकन ने इस गंभीर मुद्दे पर पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग कर कहा कि यह सीधे तौर पर जान से मारने की धमकी है। माकन ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं और गरीबों, पिछड़ों, और दलितों के हितों की आवाज उठाते रहने वाले है।

# 'क्या हिंसा और नफरत को ही लोकतंत्र का मूलमंत्र बनाना चाहते हैं आरएसएस-बीजेपी के लोग', राहुल के खिलाफ बयान पर बोलीं प्रियंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा और एनडीए नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयान को लेकर राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस जबरदस्त तरीके से पलटवार कर रही है। इन सब के बीच प्रियंका गांधी ने भी ट्वीट कर भाई का समर्थन किया है। प्रियंका ने एक्स पर लिखा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी जैसे-जैसे मजबूती से जनता की आवाज उठा रहे हैं, वैसे-वैसे उनके खिलाफ जुबानी और वैचारिक हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने पूछा कि क्या देश के करोड़ों दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और गरीबों की आवाज उठाना इतना बड़ा अपराध है कि भाजपा, नेता प्रतिपक्ष को ÷उनकी दादी जैसा हाल÷ बना देने की धमकियां देने लगी?

कांग्रेस नेता ने कहा कि लगातार एक के बाद एक हिंसक, अभद्र और अमानवीय बयानों से यह साबित होता है कि यह एक संगठित-सुनियोजित अभियान है जो देश के लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उससे भी ज्यादा



खतरनाक है प्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत समूचे आरएसएस-बीजेपी नेतृत्व का इसे शह देना और कोई कार्रवाई न करना। उन्होंने सवाल किया कि आरएसएस-बीजेपी के लोग क्या अब हिंसा और नफरत को ही लोकतंत्र का मूलमंत्र बनाना चाहते हैं? कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी जी के परिवार ने इस देश के लिए जान न्योछावर की है। देश की एकता और अखंडता के लिए पूर्व पीएम इंदिरा गांधी जी, राजीव गांधी जी ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के लिए की गई टिप्पणियां अभद्र और निंदनीय हैं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहना चाहता हूं कि ऐसे तत्वों और राजनेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। सचिन पायलट ने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी पर सरकार के मंत्री और बीजेपी के सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा की गई ओछी टिप्पणी सही नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रवनीत बिट्टू बीजेपी में अपनी वफादारी साबित करने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं। ये सब जानबूझकर किया गया है। इस मामले में सरकार और बीजेपी को तत्काल माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विवादित बयान और 'जान से मारने की धमकी देने'' देने के लिए बुधवार को यहां केन्द्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिवसेना के चार नेताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई तथा प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने यहां तुगलक रोड थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने बिट्टू, भाजपा नेता तरविंदर मारवाह, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रघुराज सिंह तथा शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351, 352, 353, 61 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में आरपीआई-ए को जगह नहीं मिलने के लिए अजित पवार जिम्मेदार : आठवले



**पालघर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने दावा किया कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति सरकार में शामिल होने के कारण उनकी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-आठवले (आरपीआई-ए) को वादे के बावजूद राज्य में कोई मंत्री पद नहीं मिला। आठवले ने यह भी विश्वास जताया कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन आगामी चुनावों में राज्य की 288 विधानसभा सीट में से 150-160 पर जीत दर्ज करेगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री आठवले ने मंगलवार को पालघर के दहानू में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, ''अजित पवार के महायुति सरकार में शामिल होने के बाद आरपीआई-ए को महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में मंत्री पद नहीं मिल सका। हमारी पार्टी को मंत्रिमंडल में पद, दो निगमों की अध्यक्षता और जिला स्तरीय समितियों में भूमिका देने का वादा किया गया था, लेकिन अजित पवार के शामिल होने के कारण यह संभव नहीं हो सका।'' उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों में आरपीआई-ए को 12 सीट पर लड़ने का मौका दिया जाना चाहिए। हमें राज्य मंत्रिमंडल में भी प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए।''

अजित पवार नीत राकांपा पिछले साल जुलाई में महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गई थी। आरपीआई-ए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा है। मराठा आरक्षण पर आठवले ने दावा किया कि उनकी पार्टी इस मुद्दे को उठाने वाली पहली पार्टी थी। उन्होंने कहा कि मराठों को एक अलग श्रेणी के तहत आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल करने पर समूह के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

आठवले ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार को तमिलनाडु की आरक्षण प्रणाली का अध्ययन करना चाहिए और हर साल आठ लाख रुपये से कम कमाने वाले आर्थिक रूप से कमजोर मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण दिया जाना चाहिए।'' आठवले ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को अपना समर्थन दिया। अपने मंत्रालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इसकी कल्याणकारी पहलों से भारत की 45 प्रतिशत आबादी को लाभ मिलता है। आठवले ने कहा कि मंत्रालय ने युवाओं में मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी नशामुक्ति अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने 51 करोड़ बैंक खाते खोले हैं और मुद्रा योजना तथा उज्ज्वला गैस योजना जैसी पहल के माध्यम से 46 करोड़ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया है।

# अभिषेक बनर्जी की हड़ताली चिकित्सकों से अपील, काम पर लौटें

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद चिकित्सकों की हड़ताल बीतेएक माह से जारी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक के बाद भी चिकित्सकों का धरना-प्रदर्शन जारी है। अब, तृणमूल कांग्रेस के सांसद और महासचिव अभिषेक बनर्जी ने धरना दे रहे चिकित्सकों से हड़ताल वापस लेने की अपील की है। उन्होंने पोस्ट कर चिकित्सकों से खास अपील की। उन्होंने कहा कि ममता सरकार ने हड़ताली चिकित्सकों की मांगें मान ली है, इसकारण अब उन्हें हड़ताल वापस लेने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने लिखा, मैंने पहले दिन से ही चिकित्सकों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का समर्थन किया है। मैंने हमेशा यह माना है कि प्रदर्शनकारियों की कुछ मांगों को छोड़कर उनकी अधिकांश चिंता सही और न्यायोचित हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद ममता सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए कागजातों के अनुसार, चिकित्सकों की सुरक्षा में सुधार के लिए अधिकांश उपाय प्रगति पर हैं। इन उपायों में पूरे पश्चिम बंगाल के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना और बुनियादी ढांचागत विकास शामिल हैं। यह कार्य 14 दिनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने चिकित्सकों से हड़ताल वापस लेने की अपील करते हुए कहा, चिकित्सकों को अब सद्भावना के तहत हड़ताल वापस लेकर लोगों की सेवा करने के लिए, जुट जाना चाहिए। अंत में इतना ही कहूंगा कि सीबीआई को जवाबदेह ठहराना और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि कोई भी अपराधी बच नहीं सके। उन्हें जल्दी से जल्दी सजा दी जाए। सीबीआई का रिकॉर्ड खुद ही सब कुछ बताता है। पिछले 10 सालों में, उन्होंने अपनी एक भी जांच पूरी नहीं की है। न्याय में देरी न्याय नहीं मिलने के बराबर है।

## केरल सरकार ने चार अक्टूबर से विधानसभा का सत्र आहूत करने का निर्णय लिया

**तिरुवनंतपुरम। (एजेंसी)।** केरल सरकार ने 15वीं विधानसभा का 12वां सत्र चार अक्टूबर से आहूत करने का बुधवार को निर्णय लिया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अनुसार, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से उक्त तिथि पर सत्र आहूत करने का अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने राज्य में छह अस्थायी अदालतों को नियमित न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालतों में परिवर्तित करने समेत कई निर्णय लिए।

एक बयान में कहा गया है कि तिरुवनंतपुरम, अलप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम, कोझीकोड और कन्नूर में अस्थायी अदालतों को नियमित न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालतों में परिवर्तित किया जाएगा। इसके लिए 21 नए पद सृजित किए जाएंगे। सीएमओ ने एक बयान में कहा कि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के तहत आने वाले श्रमिकों के वेतन में संशोधन के संबंध में एक नया उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तैयार करने के लिए एक पारिवारिक बजट सर्वेक्षण किया जाएगा और मंत्रिमंडल ने इस संबंध में निर्णय लिया है।

बयान में कहा गया है कि अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग की सिफारिशों के अनुसार 2023-24 को आधार वर्ष मानते हुए प्रस्तावित सर्वेक्षण किया जाएगा। बयान के अनुसार इस संबंध में मुद्दों पर गौर करने के लिए एक राज्य स्तरीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संशोधन समिति गठित की जाएगी। मंत्रिमंडल ने कोझीकोड में साइबर पार्क के विस्तार तहत उसके निकट स्थित 20 सेंट भूमि को अपने कब्जे में लेने की प्रशासनिक मंजूरी भी दी।

# बंगाल के कई इलाकों में भारी बारिश, डीवीसी से पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ का खतरा

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल और झारखंड में भारी बारिश के बाद बांधों से पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिम बंगाल के हावड़ा, हुगली, बीरभूम, पश्चिम मिदनापुर, पूर्वी मिदनापुर, झारग्राम, बांकुरा, पुरुलिया, पश्चिम बर्दवान और पूर्वी बर्दवान जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सलाहकार अलपन बंद्योपाध्याय ने कहा कि भारी बारिश हुई है और डीवीसी दामोदर नदी पर पंचेत बांध और बराकर नदी पर मैथन बांध से पानी छोड़ रहा है। पश्चिम बंगाल के गंगा तट पर बने गहरे दबाव के कारण सप्ताहांत और सोमवार को दक्षिण बंगाल में भारी बारिश हुई। मौसम प्रणाली सोमवार को झारखंड की ओर बढ़ गई। हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण कुल 54 सड़कों पर आवाजाही बंद है और बिजली आपूर्ति बाधित है। राज्य



आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने यह जानकारी दी। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को राज्य के छह जिलों के अलग-अलग इलाकों में आंधी और आकाशीय बिजली गिरने का 'येलो' अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार शाम से राज्य में मौसम काफी हद तक शुष्क रहा हालांकि बैजनाथ और डलहौजी जैसे कुछ स्थानों को छोड़कर, जहां क्रमशः चार मिलीमीटर (मिमी) और एक मिमी बारिश हुई।

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश से जुड़ी घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी और राज्य के 24 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटों (रविवार शाम छह बजे से सोमवार शाम छह बजे तक) के दौरान फतेहपुर और रायबरेली में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी कछला ब्रिज (बदायूं), गाजीपुर, बलिया व फतेहगढ़ में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है जबकि घाघरा नदी का जलस्तर एल्गिन ब्रिज (बाराबंकी), (तुर्तीपार), बलिया और अयोध्या में खतरे के निशान को पार कर गया है।

# रूस में फंसे भारतीयों में से एक वापस लौटा, पीएम मोदी का माना आभार

**– बोला–अकल्पनीय कठिनाइयों का किया सामना, गोली लगने से हो गया था घायल**

**अवंतीपोरा (एजेंसी)।** मोदी सरकार की पहल के बाद रूस में फंसे 45 भारतीयों को छुड़ाकर वापस देश लाया गया है। वहीं विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जल्द ही 50 और लोगों को वापस लाने की कोशिश की जा रही हैं। इन भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में शामिल कर लिया गया था। ये लोग अपनी मर्जी से यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस की तरफ से लड़ने सेना में शामिल हुए थे लेकिन अब वह वापस लौटना चाह रहे हैं। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से इस मुद्दे पर बातचीत की थी। पुतिन ने उन्हें वापस भारत भेजने का आश्वासन भी दिया था।

रुप से रिहा होने वाले भारतीयों में दक्षिण कश्मीर के अवंतीपोरा जिले के रहना वाला आजाद यूसुफ भी शामिल है, जिसने युद्धग्रस्त क्षेत्र में फ्रंटलाइन युद्ध प्रशिक्षण के दौरान गोली लगने से गंभीर रुप से घायल हो गया था। मोदी सरकार की पहल के बाद वह वापस अपने घर लौट रहा है और इस बात से खुश है कि वह करीब दो साल बाद अपने परिवार से मिल पाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आजाद ने बताया कि रूसी कमांडर ने रुसी और टूटी-फूटी अंग्रेज़ी में कुछ नाम पढ़े और फिर हमसे कहा भारतीय वापस जाओ। हमें यकीन ही नहीं हुआ कि वह वास्तव में हमारी आज़ादी के बारे में बात कर रहा था। रूसी अधिकारी ने पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच एक बैठक का जिक्र किया, जिसमें कहा गया कि इससे उनकी यात्रा की स्थिति प्रभावित हुई है। आज़ाद ने कहा कि उसने कुछ ऐसा कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी से मुलाकात की और अब आपका अनुबंध रद्द हो रहा है। पीएम मोदी के प्रति अपनी गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए उसने कहा कि मुझे लगता है कि यह पीएम मोदी की रूस यात्रा थी जिसने उसे सुरक्षित घर पहुंचने में मदद की।

आजाद ने बताया कि छह अन्य भारतीय रंगरूटों के साथ अकल्पनीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हम भाषा नहीं बोल सकते थे और मदद के लिए कोई नहीं था. अपने प्रशिक्षण के कुछ ही दिनों बाद मेरे पैर में गोली लग गई और मुझे 18 दिन तक अस्पताल में बिताने पड़े। यह एक कयामत की तरह था। मुझे बंदूक चलाना नहीं आता था और इसी वजह से मैं घायल हो गया। मैंने गुजरात के अपने करीबी दोस्त और साथी भारतीय रंगरूटों की मौत भी देखी। गोली लगने के बाद अस्पताल ले जाते समय, मेरी आंखें बंद हो रही थीं लेकिन मेरे साथ मौजूद डॉक्टर ने मुझे थप्पड़ मारा और कहा कि आंखें बंद न करो मेरा बहुत खून बह गया था। मैंने भी हिम्मत नहीं हारी और ठीक होकर अपने वतन वापस आ गया हूं।